आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में शामिल हुए भजन सम्राट अनूप... उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 09 दिसंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 59 www.janexpresslive.com/epaper




रेवंत रेड्डी ने ट्रंप के नाम पर हैदराबाद... 12

# कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए: मोदी

## 60 मिनट के भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू और 3 बार जिन्ना का जिक्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।



### लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा

संसद के शीतकालीन सत्र के छठे दिन सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर चर्चा की जा रही है। इसके लिए 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोपहर 12 बजे इस चर्चा की शुरुआत की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष गौरव गोगोई ने सबसे पहले अपनी बात रखी। दरअसल, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर भारत सरकार की ओर से सालभर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 2 दिसंबर को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी दलों के प्रतिनिधियों की मीटिंग बुलाई थी। इसमें तय किया गया था कि वंदे मातरम् को लेकर 8 दिसंबर को लोकसभा और 9 दिसंबर को राज्यसभा में चर्चा होगी।

### अनुराग ठाकुर बोले, जिन्ना के मुन्ना को वंदे मातरम् से दिक्कत है

वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– वंदे भारत राष्ट्रभक्तों के लिए एनर्जी है। कुछ लोगों को इससे एलर्जी है। हम उनका कुछ नहीं कर सकते हैं। लेकिन आज मैं ये जरूर कहूंगा कि अंग्रेजों को वंदे मातरम् से दिक्कत थी। उन्होंने आगे कहा– जिन्ना को वंदे मातरम् से दिक्कत थी। अब जिन्ना के मुन्ना को भी वंदे मातरम् से दिक्कत है। जिनमें वंदे मातरम् सुनकर ऊर्जा का संचार नहीं होता या तो वे कांग्रेसी है या कम्युनिस्ट या लीग के समर्थक हैं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– एक समय वो था जब वंदे मातरम् का शताब्दी वर्ष था। उस समय आपातकाल लगाकर देश को अंधकार में डालने का काम किया गया। उन्होंने आगे कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के संविधान को तार-तार करने का काम किया था। उस समय तो चर्चा भी नहीं हो पाई थी। आज पीएम मोदी अपने भाषण में वंदे मातरम् का इतिहास और महत्व को देश के सामने रखा है।

### पीएम के भाषण की 6 बड़ी बातें

- **वंदे मातरम् का स्मरण इस सदन का सौभाग्य:** 'जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है।'
- **वंदे मातरम् के 150 साल पर भारत तेजी से बढ़ रहा:** जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- **1906 का एक किस्सा सुनाया:** वंदे मातरम् से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कहा– 20 मई 1906 को बारीसाल (अब बांग्लादेश में है) में वंदे मातरम् जुलूस निकाला, जिसमें 10 हजार से ज?यादा लोग सड़कों पर उतरे थे। इसमें हिंदू और मुस्लिम समेत सभी धर्म और जातियों के लोगों ने वंदे मातरम् के झंडे हाथ में लेकर सड़कों पर मार्च किया था।
- **बंगाल के लिए वंदे मातरम् गली-गली का नारा बन गया:** हमारे जांबाज सपूत बिना किसी डर के फांसी के तख्त पर चढ़ जाते थे और आखिरी सांस तक वंदे मातरम् कहते थे। हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् कहते हुए फांसी को चूम लिया। बंगाल की एकता के लिए वंदे मातरम् गली-गली का नारा बन गया था और यही नारा बंगाल को प्रेरणा देता था।
- **नेहरू ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए:** जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। नेहरू ने 5 दिन बाद नेताजी को चिट्ठी लिखी। उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। वे लिखते हैं– ये जो बैकग्राउंड है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। कांग्रेस का बयान आया कि 26 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें वंदे मातरम् के उपयोग की समीक्षा होगी। इस प्रस्ताव के खिलाफ लोगों ने देश भर में प्रभात फेरियां निकालीं, लेकिन कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए।
- **आईएनसी चलते-चलते एमएनसी हो गया:** कांग्रेस ने आउससोर्स कर लिया है, दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां वैसी की वैसी ही हैं। आईएनसी चलते-चलते एमएनसी हो गया। जिन-जिन के साथ कांग्रेस जुड़ा है, वे वंदे मातरम् पर विवाद खड़ा करते हैं। जब कसौटी का काल आता है, तभी यह सिद्ध होता है कि हम कितने दृढ़ है, कितने सशक्त हैं।

### प्रियंका का सवाल, वंदे मातरम् पर आज बहस क्यों

लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं– क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। मैं कहूं– मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे थे। इससे पहले चर्चा की शुरुआत पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम् आजादी के समय से प्रेरणा का स्त्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले दशक में अन्याय क्यों हुआ। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– वंदे मातरम् राष्ट्रभक्तों के लिए एनर्जी है। कुछ लोगों को इससे एलर्जी है। अब जिन्ना के मुन्ना को भी वंदे मातरम् से दिक्कत है। सपा प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा, 'जिस वंदे मातरम् ने आजादी के आंदोलन को जोड़ा, आज के दरारवादी लोग उसी से देश को तोड़ना चाहते हैं। वंदे मातरम् गाने के लिए नहीं,बल्कि निभाने के लिए है।' ▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

### प्रियंका ने कहा, सरकार देश की असलियत छुपाना चाहती है

प्रियंका गांधी ने कहा– नेहरू, परिवारवाद पर चर्चा कर लें एक बार। इसके बाद मंहगाई, बेरोजगारी समेत दूसरे जरूरी मुद्दों पर चर्चा करें। प्रियंका के इतना कहने पर सदन में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। स्पीकर ने कहा– बिना तथ्यों के चर्चा करें। फिर प्रियंका ने कहा– ये इतने सालों से हम पर बिना तथ्यों के हमला करते आए हैं। सरकार देश की असलियत छुपाना चाहती है। इसलिए वंदे मातरम् पर चर्चा करना चाहती है। प्रियंका गांधी ने कहा– हमारे पीएम 12 सालों से इस सदन में है। मैं 12 महीनों से हूं, मेरी सलाह है कि उन्होंने बताया था कि विपक्ष ने उनके अपनाने की लिस्ट बनाई थी। मैं उनसे कहती हूं वे नेहरू जी की गलतियों की एक लिस्ट बना दें। हम उन पर चर्चा करेंगे। 20 घंटे 40 घंटे, लेकिन इस सदन का कीमती समय बर्बाद नहीं करें। उन्होंने आगे कहा कि अगर नेहरू ने इसरो नहीं बनाया होता तो आज बंगाल यहां नहीं होता। अगर डीआरडीओ नहीं बनाते तो तेजस कहां बनता। एम्स नहीं बनाते तो कोविड में लोगों का इलाज कहां होता। देश की सेवा करते नेहरू ने दम तोड़ा।

### जिन्ना के सामने झुके नेहरू

मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। पीएम ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

### वंदे मातरम् का उत्सव दिखावे का नहीं: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम् की 151वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह के साथ मनाने का फैसला किया है। यह उत्सव केवल प्रतीकात्मक नहीं होगा। यह दिखावे के लिए नहीं है। यह वंदे मातरम को वह सम्मान दिलाने का संकल्प है जिसका वह वास्तव में हकदार है। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, वंदे मातरम् केवल बंगाल तक सीमित नहीं था। इसका इस्तेमाल पूर्व से पश्चिम तक होता था, और सिर्फ भारत में ही नहीं, भारत के बाहर भी लोग इसका जाप करते थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, अप्रैल 1906 में ब्रिटिश सरकार ने सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम् का नारा लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लोगों ने खुलेआम इस आदेश की अवहेलना की। इसी तरह, उस्मानिया विश्वविद्यालय में भी वंदे मातरम का नारा लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस आदेश का विरोध करने के लिए श्री राम चंद्र नाम के एक छात्र को जेल में डाल दिया गया था।

# 'चीन यात्रा के वक्त या वहां से गुजरते समय सावधानी बरतें'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने चीन की यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि चीनी हवाई अड्डों से ट्रांजिट करने वाले भारतीयों के साथ अनुचित और भेदभावपूर्ण बर्ताव नहीं होना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि हाल की घटना ने गंभीर चिंता बढ़ाई है और इसलिए चीन यात्रा करने से पहले भारतीयों को पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि चीन भारतीय यात्रियों को न तो निशाना बनाएगा, न ही मनमाने तरीके से हिरासत में लेगा। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा के नियमों का सम्मान किया जाए और भारतीयों को बिना वजह परेशान न किया जाए। प्रवक्ता ने कहा कि हाल की शिकायतों के बाद सरकार भारतीय नागरिकों को सलाह देती है कि वे चीन जाने या वहां से ट्रांजिट करने में सावधानी रखें।



### क्या था मामला, जिसे लेकर सरकार सख्त

पश्चिमी कामेंग जिले की रूपा की रहने वाली थोंगडोक, जो फिलहाल ब्रिटेन में रहती हैं, 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। उनका तीन घंटे का ट्रांजिट अचानक एक लंबी परेशानी में बदल गया। उन्होंने बताया कि शंघाई एयरपोर्ट पर चीन के इमिग्रेशन और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने उन्हें 18 घंटे से ज्यादा रोककर रखा। उनका भारतीय पासपोर्ट इसलिए अमान्य बताया गया, क्योंकि उनके पासपोर्ट पर जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश लिखा था, जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता है।

### यूके की कार्रवाई पर भारतीय प्रतिक्रिया

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि भारत यूके सरकार द्वारा भारत-विरोधी चरमपंथी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम वैश्विक स्तर पर आतंकवाद, उग्रवाद और अवैध वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई को मजबूती देते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि भारत-यूके मिलकर सुरक्षा और काउंटर-टेररिज्म सहयोग को और मजबूत करेंगे।

### पाकिस्तान पर विदेश मंत्रालय का कटाक्ष

पाकिस्तान पर रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में पाकिस्तान की स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि भारत पड़ोसी देश में होने वाली घटनाओं पर नजर रखता है, लेकिन लोकतंत्र और पाकिस्तान साथ-साथ नहीं चलते। उन्होंने कहा कि वहां लोकतंत्र कितना कमजोर हो रहा है, इस पर कम बात करना ही बेहतर है।

### भारत-अमेरिका आतंकवाद रोधी बैठक

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत-अमेरिका काउंटर-टेररिज्म वर्किंग ग्रुप की 21वीं बैठक 3 दिसंबर को हुई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों देशों ने आतंकवाद विरोधी सहयोग को अत्यधिक महत्व देते हुए पनकट्टी-पहलगाम हमले और दिल्ली हमले की कड़ी निंदा की। दोनों पक्षों ने क्वाड ढांचे और स्न्नअस्न्न के माध्यम से मल्टी-लेवल कोऑपरेशन बढ़ाने का संकल्प दोहराया। यह सहयोग भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का अहम हिस्सा बताया गया। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत, ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत-विरोधी चरमपंथी संगठनों पर की गई कार्रवाई का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं सिर्फ भारत या ब्रिटेन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। उन्होंने बताया कि भारत और ब्रिटेन आतंकवाद, उग्रवाद और अवैध वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव की भारत यात्रा 10-11 दिसंबर को

प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने घोषणा की कि अमेरिका के नए डिप्टी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव रिक स्विट्जर 10 और 11 दिसंबर को भारत आएंगे। यह उनकी परिचयात्मक यात्रा होगी, जिसमें वे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देश एक निष्पक्ष, संतुलित और बहु-क्षेत्रीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए लगातार बातचीत कर रहे हैं।

### अफगान सीमा पर हिंसा की भारत ने निंदा की

जायसवाल ने अफगान सीमा पर झड़पों में कई नागरिकों की मौत की निंदा की है। उन्होंने कहा कि निर्दोष अफगान लोगों पर ऐसे हमले बेहद चिंताजनक हैं। भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता का दृढ़ता से समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा नागरिकों की सुरक्षा और स्थिरता की पक्षधर नीति पर कायम रहेगा।

### भारत की ऊर्जा खरीद पर विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद वैश्विक बाजार की परिस्थितियों और देश की जरूरतों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब लोगों को सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना भारत की प्राथमिकता है। ऊर्जा खरीद निजी कंपनियों का व्यावसायिक निर्णय है और वे अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों और स्थितियों के आधार पर अपने फैसले लेती हैं।

### थाईलैंड-कंबोडिया तनाव पर भारत की अपील

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच बढ़ते तनाव पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत हालात पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने दोनों देशों से संयम बरतने और तुरंत संघर्ष रोकने की अपील की। प्रवक्ता ने कहा कि भारत चाहता है कि दोनों पक्ष बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की राह पर लौटें। म्यांमार पर उन्होंने कहा कि भारत वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि म्यांमार में होने वाले चुनाव तब ही विश्वसनीय माने जाएंगे, जब सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित हो। भारत का मानना है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी होने चाहिए।

### भारत ने अरुणाचल पर चीन को दिया सख्त संदेश

जायसवाल ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का था, है और रहेगा। उन्होंने किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को अस्वीकार किया। चीन-भारत संबंधों पर उन्होंने कहा कि हाल के महीनों में रिश्ते सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और भारत चाहता है कि यह प्रगति जारी रहे। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों पर भारत अपनी स्थिति स्पष्ट और दृढ़ रखेगा।

# उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची से कट सकते हैं तीन करोड़ नाम

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से तीन करोड़ से ज्यादा नाम कटेंगे। अब तक विभिन्न जिलों से जो रिपोर्ट मिल रही हैं, उसके तहत अनुपस्थित, स्थानांतरित, पहले से कहीं और दर्ज व मृतक (एएसडी) श्रेणी में 20 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता आ रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े सूत्रों की मानें तो लखनऊ और गाजियाबाद में यह आंकड़ा 25-30 प्रतिशत तक हो सकता है। प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, कुल मतदाता 154430092 दर्ज हैं। एसआईआर के तहत जहां 11 दिसंबर तक गणना फॉर्म भरकर जमा किए जा सकते हैं, वहीं इस विशेष अभियान में मृतक, अनुपस्थित, जगह छोड़ चुके और पहले से कहीं और पंजीकृत मतदाताओं को चिह्नित करने का काम भी किया जा रहा है।

### इन जिलों का काम पूरा

चुनाव आयोग से मिली आधिकारिक सूचना के मुताबिक, औरैया, आजमगढ़ और एटा ने एसआईआर का शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। एटा के जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख 11 हजार 967 है। इनमें 18 प्रतिशत मतदाता एएसडी के दायरे के दायरे में आ रहे हैं। इसकी पुष्टि एटा के जिला निर्वाचन अधिकारी और डीएम प्रेम रंजन ने भी की है। यानी, 11 दिसंबर की रात बीतने के बाद एटा का स्थानीय प्रशासन इन नामों को को मतदाता सूची से हटाने का काम करेगा। इनमें सबसे ज्यादा संख्या स्थानांतरित ( करीब 7.9 प्रतिशत) होने वाले मतदाताओं की है। अनुपस्थित 5.7 प्रतिशत, मृतक 2.49 प्रतिशत और 1.023 प्रतिशत कहीं और दर्ज मिले हैं। एसआईआर से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अब तक की स्थिति के अनुसार, पूरे प्रदेश में करीब 6 प्रतिशत अनुपस्थित, 10 प्रतिशत शिफ्टेड (स्थानांतरित) और 4 प्रतिशत मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटेंगे।



### योगी का निर्देश गलत वोट न बनाए जाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर के सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों और संगठन प्रभारियों के साथ 40 मिनट की बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि एसआईआर में एक भी वोट गलत नहीं बनने पाए। मुख्यमंत्री शाम चार बजे हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन मैदान के हेलिपैड पर उतरे। इसके बाद वह कार द्वारा सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने पार्टी के जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों के साथ गहन बैठक की। करीब 40 मिनट की बैठक में उन्होंने एसआईआर पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान को लेकर विपक्ष वोट काटे जाने और वोट चोरी का भ्रम फैला रहा है। पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें। साथ ही आम जनता की एसआईआर फार्म भरवाने में मदद भी करें।

# 'राष्ट्रसेवा की प्रेरणा हैं जनरल बिपिन रावत'

## पुष्कर सिंह धामी ने चतुर्थ पुण्यतिथि पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

- **पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सैनिकों और नागरिकों के साथ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की**

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्व. जनरल बिपिन रावत की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कनक चौक स्थित पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ह्यश्रद्धद्गद्बठ्ठ माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनरल रावत के अदम्य साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्र समर्पण की भावना को भावपूर्ण स्मरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनरल बिपिन रावत केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं। उन्होंने अपने सैन्य करियर में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की ऐसी मिसाल स्थापित की, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल रावत का जीवन बताता है कि राष्ट्रसेवा केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण का भाव है। मुख्यमंत्री धामी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सैनिकों और नागरिकों के साथ दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने शहीदों, पूर्व सैनिकों एवं सेवारत जवानों के उत्थान के लिए चल रही योजनाओं को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, विधायक सविता कपूर सहित सेना एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने जनरल रावत की राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता और अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चतुर्थ पुण्यतिथि पर आयोजित यह श्रद्धांजलि समारोह न केवल उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का सम्मान था, बल्कि यह संदेश भी कि भारत अपने वीर योद्धाओं के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा।



# शहीदों के परिवारों के लिए उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन आगे आए, झंडा दिवस फंड में एक माह का वेतन किया दान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर उप राष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अपना पूरा एक महीने का वेतन दान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से योगदान देकर देश के सैनिकों, शहीदों और उनके परिवारों के प्रति सामूहिक रूप से कृतज्ञता व्यक्त करने की अपील की। उप राष्ट्रपति ने सोमवार को राज्यसभा में सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि, सदस्य सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक अपना योगदान दें। सभी सदस्य अपने मित्रों और परिजन से भी इस कोष में योगदान के लिए अनुरोध करे। हाल ही में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर रक्षा मंत्रालय के एक प्रतिनिधिमंडल उप राष्ट्रपति से मिलने पहुंचा था। इस दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का लैपल पिन लगाया था। जिसका नेतृत्व पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की सचिव सुकृति लिखी ने किया था। इस दौरान उप राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों के राष्ट्र के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा, सभी अपनी स्वेच्छा से सशस्त्र सेना झंडा दिवस फंड में योगदान देकर हमारे शहीदों, विकलांग सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति अपना आभार व्यक्त करें। दरअसल, वीर सैनिकों व युद्ध में घायल हुए और शहीद हुए जवानों के सम्मान में हर साल सात दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष धन संग्रह किया जाता है। इसका धन का उपयोग युद्ध विधवाओं,युद्ध में शहीदों के आश्रितों तथा दिव्यांगों सहित पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर, हम उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जो अटूट साहस के साथ हमारे देश की रक्षा करते हैं। उनका अनुशासन, दृढ़ संकल्प और भावना हमारे लोगों की रक्षा करती है और हमारे देश को मजबूत बनाती है। उनकी प्रतिबद्धता हमारे देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का एक शक्तिशाली उदाहरण है। आइए हम भी सशस्त्र सेना झंडा दिवस फंड में योगदान दें।



# गुणवत्ता के साथ कराए जाएं पर्यटन विकास के कार्य : डीएम

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों व बेड़ी पुलिया से रामघाट तक हो रहे सौंदर्यीकरण, कायाकल्प एवं शहरी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को जलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा प्रस्तावित फुटपाथ की डिजाइनिंग, प्रकाश व्यवस्था, ट्रांसफार्मरों के स्थानांतरण व पाथवे पर उपयोग की जाने वाली सामग्री पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बेड़ी पुलिया चैराहे तथा बांदा-चित्रकूट मार्ग पर हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की गुणवत्ता सर्वोच्च मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। कहा कि फुटपाथ एवं घाट क्षेत्र में लगाए जाने वाले सभी पत्थर, फ्लोरिंग एवं सजावटी तत्व टिकाऊ हों। रामघाट क्षेत्र के शहरी कायाकल्प और चैड़ीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि घाट की पूरी लंबाई में बेहतरीन डिजाइन, स्वच्छता और सौंदर्य को प्राथमिकता दी जाए। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को निर्देशित किया कि रामघाट के फुटपाथ पर लगे ट्रांसफार्मरों को चिन्हित भूमि पर स्थानांतरित किया जाए, जिससे बाढ़ में विद्युत प्रणाली प्रभावित न हो। इसके लिए पारंपरिक लाइटों की जगह हाई मास्क लाइट लगाने के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही सिंचाई विभाग को पिछले 100 वर्ष और 25 वर्ष की बाढ़ से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य के निर्माण कार्यों में सुरक्षा के सभी पहलुओं का समुचित ध्यान रखा जा सके। सीतापुर स्थित रामघाट के निकट प्रस्तावित कार पार्किंग निर्माण तथा पर्यटन विकास कार्यों पर भी बैठक में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सीवरेज, ड्रेनेज एवं विद्युत ट्रेंच की ड्राइंग संबंधित विभागों जल निगम, नगर पालिका एवं यूपीपीसीएल से शीघ्र स्वीकृत कराई जाए, जिससे कार्य बिना विलंब के आगे बढ़ सके। कहा कि रामघाट एवं आसपास की गलियों की पहले और बाद की स्थिति का ड्रोन सर्वे तैयार किया जाए, जिससे विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सके। घाट पर पैटर्न युक्त डिजाइनर रेड स्टोन, आकर्षक फर्श तथा फसाड का निर्माण बाढ़ की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए कराया जाए। कहा कि चित्रकूट एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, इसलिए यहां हो रहे सभी विकास कार्य न केवल उच्च गुणवत्ता वाले हों, बल्कि समयबद्ध भी हों।

# 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



आगामी 17 दिसम्बर से शुरु होने वाले 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ के सम्बन्ध में सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चर्चा करते हुए महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि यह सभी के लिए गौरव का क्षण है कि चित्रकूट की पवित्र भूमि में 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। कहा कि यज्ञ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जो जिम्मेदारी जिसे दी गई है, वह उसे अच्छे से निभाये। महायज्ञ में देश भर से लोग आ रहें हैं, जो राष्ट्र कल्याण को लेकर मंथन करेंगे। बताया कि महायज्ञ में अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रमुख व देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या, प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन, सह सरकार्यवाहक डॉ कृष्ण गोपाल, अरुण, क्षेत्र प्रचारक अनिल, वरिष्ठ प्रचारक अविनाश आदि शामिल होंगे। महायज्ञ के प्रथम दिन 17 दिसम्बर को प्रमुख अखाड़ों के संतों सहित झांकियों, हाथी-घोड़ों व गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 18 दिसम्बर को प्रातः आठ बजे से देव आवहन के साथ यज्ञ होगा, जिसके बाद सायं काल को सतसंग, प्रवचन, संगीत आदि कार्यक्रम होंगे। 19 दिसम्बर को प्रातः यज्ञ, यज्ञयोपवित और अन्य संस्कार व सायं को आकर्षक भव्य दीप महायज्ञ होगा। 20 दिसम्बर को प्रातः आठ बजे से यज्ञ की महापूर्णाहुति तथा वैवाहिक संस्कार का आयोजन होगा। कहा कि यज्ञ का आयोजन समरसता, लोक जागरण व सभी लोगों के कल्याण के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सम्पूर्ण मानव जाति, धर्म वर्ण के लोग, गरीब-अमीर बिना किसी भेदभाव के सम्मिलित होंगे। इस दौरान चर्चा करते हुए यज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर रामचंद्र अग्रवाल, कमलाकांत उपाध्याय, गोपाल शुक्ल, सुरक्षा राजेंद्र तिवारी, एल पी तिवारी, रामानंद सिंह, अखंड प्रताप, केके त्रिपाठी, बृजेश, रामसरण, डॉ सोमदत्त, केशव शिवहरे, भवानीदीन यादव, संगीता करवरिया, माया प्रजापति, डॉ संध्या पाण्डेय, सुधा तिवारी, रामजानकी शुक्ला, डॉ राकेश मौर्य, भैरों प्रसाद मिश्र, दिनेश मिश्र, डॉ डीसी गुप्ता, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ रजनीश सिंह, घनश्याम सिंह, रामू खरे, आरके तिवारी, सीताराम विश्वकर्मा, रामराज सिंह, प्रमोद मारावी, सुशील मिश्रा, विमला सिंह, प्रीति गुप्ता, अनीता सिंह, ममता द्विवेदी रेखा, रीता जोशी पटेल, राजेंद्र त्रिवेदी, संकल्प विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# डीएम को प्रतीक झण्डा लगाकर किया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल अवधेश सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को प्रतीक झण्डा लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का शुभारम्भ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दान पात्र में स्वैक्षिक दान भी किया।

डीएम ने बताया कि सात दिसम्बर को पूरे देश में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में शहीदों और वर्दी धारियों, जिन्होंने देश के सम्मान की रक्षा के लिये सीमाओं पर बहादुरी से लडाई लडने का काम किया है, के सम्मान के लिये मनाया जाता है। यह आयोजन देश की सुरक्षा एवं अखण्डता की रक्षा के लिये सीमाओं पर बहादुरी से लडाई लडने और अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की वीर नारियों, अपंग एवं गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे पूर्व सैनिकों एव उनके आश्रितों, दीन-हीन पूर्व सैनिकों जो उच्च खर्च बहन करने में सक्षम नहीं हैं की सहायता करने एवं उनके देखभाल करने के लिये हमारे दायित्व को दर्शाता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन कर हम देश के परमवीर, बलिदानी, त्याग एवं शौर्य का परिचय देते हुए शहीद सैनिकों, जिन्होंने राष्ट्र को अपने त्याग और बलिदान से गौरवान्वित किया है, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके आश्रिती की देख भाल और समर्थन के लिए इस सुअवसर पर नागरिकों से यथा शक्ति धन संग्रह का पुण्य कार्य करते हैं। इस दिन थल सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया जाता है। यह हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक कर्तव्य है कि वह वीर शहीदों और विकलांग सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण को सुनिश्चित करें।

# 'मिशन शक्ति 5.0' थाना कालिंजर की मिशन शक्ति टीम व क्षेत्राधिकारी ने चलाया जागरूकता अभियान



**जन एक्सप्रेस | बांदा**

मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 08दिसम्बर को थाना कालिंजर की मिशन शक्ति टीम द्वारा व क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्बा कालिंजर में छात्र/छात्राओं के साथ शक्ति संवाद किया गया।कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया।साथ ही क्षेत्राधिकारी नरैनी द्वारा यू0पी0 112 सिटीजन ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कि गई।साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनायें जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मात वंदना योजना व रानी लक्ष्मीबाई महिला व बाल सम्मान कोष आदि के बारे में जानकारी दी गई।छात्र/छात्राओं को बाल यौन शोषण,पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान,उनसे सुरक्षा के उपाय,एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग,साइबर अपराध व अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया।मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को-1098 चाइल्डलाइन हेल्प नंबर-112 पुलिस आपातकालीन सेवा-1090 वूमेन पावर लाइन नंबर-1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।जिससे आवश्यकता पड़ने पर आप सब तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

# यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत सोमवार को पोद्दार इंटर कॉलिज सीतापुर में यातायात क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने, शिक्षा के साथ कैरियर बनाने और साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सीओ यातायात यामीन अहमद ने कहा कि लापरवाही और जल्दबाजी से सड़क पर हुई दुर्घटना में मृतक व दिव्यांग होने वालों के परिजनों बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे बचने के लिए प्रत्येक परिवार के बच्चे और अभिभावक यात्रा के दौरान सड़क पर यातायात नियमों का पालन करें। कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को डॉयल 112 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों में शिकायत करने को कहा। बताया कि इसमें उनकी पहचान और पता छिपाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। साइबर क्राइम के बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि फोन में आने वाले ओटीपी को कभी किसी के साथ शेयर न करें। साथ ही अज्ञात एपीके फाइलों को किसी भी हालत में फोन में इंस्टॉल न करें। हैड कांस्टेबल सरोज ने विद्यार्थियों को जागरुक रहने के साथ ही सड़क पर वाहन चलाने के तरीके और यातायात नियमों के पालन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी।

## स्वास्थ्य मेले में 1205 मरीजों का हुआ इलाज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 560 पुरुष, 447 महिला एवं 198 बच्चों (कुल 1205 लाभार्थियों) को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। आरोग्य स्वास्थ्य मेला में कुल 46 चिकित्सकों, 98 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा संचारी रोग, फाईलेरिया, कुष्ठ रोग, क्षयरोग, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत-गोल्डेन कार्ड व जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं दी गयीं। साथ ही जानकारी के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रर्दशनी व स्टाल भी लगाये गये। इस दौरान जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएमओ, डीपीएम एवं सभी ब्लॉक के चिकित्साधीक्षक, बीपीएम व बीसीपीएन द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रत्येक रविवार को मुख्यमन्त्री जन आरोग्य मेले का आयोजन कर जनपदवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है, जिसके तहत अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाते हुए इलाज व अन्य सुविधाए प्राप्त कर सकते हैं।

## चोरी की सिलाई मशीन चोरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने सिलाई मशीन चोरी करने के दो आरोपियों को चोरी की सिलाई मशीन के साथ गिरफ्तार किया है। कर्वी कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप सिंह पटेल ने बताया कि बीते रविवार को वादी संतोष कुमार पुत्र स्व गंगाप्रसाद अनुरागी निवासी चितरा गोकुलपुर चैकी सीतापुर ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि वह अपनी पत्नी अंजू देवी के साथ उसके मायके ओरन थाना बिसंडा बाँदा गए थे। जब पत्नी के साथ सुबह मकान में आए तो देखा कि घर की खिडकी टूटी हुई थी तथा घर में रखी सिलाई मशीन गायब थी। साथ ही अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। बताया कि बीते शनिवार की रात उसके पडोसी चन्द्रप्रकाश उर्फ पट्टू व प्रेमचन्द्र उर्फ रज्जू ने उसके घर से सिलाई मशीन चोरी कर ली है। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।

# बाल वैज्ञानिकों के शानदार मॉडल ने किया ध्यानाकर्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



राजकीय हाइस्कूल सेमरिया चरणदासी में सोमवार को कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने शानदार विज्ञान मॉडल बनाकर प्रस्तुत किए।

मेले में मानिकपुर के उपजिलाधिकारी मोहम्मद जमीन ने कहा कि छात्रों को अपने कैरियर के निर्माण के लिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि विद्यालय के छात्र अपना कैरियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए देश के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य डॉ सनत कुमार द्विवेदी ने विद्यालय के वर्ष भर के कार्यक्रम, गठित समितियों, पाठ्यक्रम की पूर्णता आदि की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की क्रियाशीलता एवं विद्यालय द्वारा कराए जा रहे प्रयासों का उत्साहवर्द्धन करना है। मेले में बच्चों द्वारा अलग-अलग विषयों पर मॉडल तैयार किए गए थे। इसके अलावा प्रयोगशाला में जल संचयन, पृथ्वी गति, सड़क सुरक्षा आदि के मॉडल ने सबका ध्यान आकर्षित किया। कैरियर हब में विद्यालय टाइम टेबल, पाठ्यक्रम, अवकाश सूची, विद्यालय की समितियां, क्लब, संघ आदि का विवरण प्रदान किया गया।

इस मौके पर राजकीय हाइस्कूल के प्रधानाचार्य रामेश्वर पाण्डेय इटवा डूडैला, शारदा प्रसाद गुप्ता रौली कल्याणपुर, भैरों प्रसाद बड़ी मडैयन, हरिश्चन्द्र घुरेटनपुर, जिला समन्वयक विवेक सिंह, पुस्तकालय प्रभारी डॉ प्रदीप शुक्ल, जिला क्रीड़ा प्रभारी अवधेश सिंह, डॉ शशिकांत त्रिपाठी, संदीप करवरिया, शिक्षक कैलाश चन्द्र शुक्ल, चन्द्रभान, सुमित कुमार साहू, कुंवर सिंह, नोडल शिक्षक अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# डीआईजी के आदेश पर जनपद में चलाया गया सघन बैंक चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए दिनांक 08दिसम्बर को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया । चेकिंग के दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों,आपातकालीन अलार्म,आपातकालीन निकास मार्ग तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।अभियान के क्रम में अपराध की घटनाओं पर रोकथाम व बैंक उपभोक्ताओं की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है।इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

# मेडिकल कॉलेज से फरार हुए 25 हजार के इनामिया अंतरराज्यीय बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 08दिसम्बर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रानीदुर्गावती मेडिकल कॉलेज से फरार हुए 25 हजार के इनामिया बंदी अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि दिनांक 07दिसम्बर को जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त को इलाज हेतु रानीदुर्गावती मेडिकल कॉलेज लाया गया था।इलाज के दौरान बंदी अभियुक्त ने अचानक मौका देखकर अस्पताल से फरार होने में सफल रहा।पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुई थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल टीमों का गठन करते हुए तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस,संभावित स्थानों पर दबिश व मुखबिर की सूचना से समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक 08दिसम्बर को थाना कोतवाली नगर के केसीएनआईटी कॉलेज के पीछे भवानी पूर्वा परागी तालाब के पास एक व्यक्ति दिखाई दिया जो कि मेडिकल कॉलेज से फरार हो गया था।पुलिस द्वारा अतुल नाम के अभियुक्त को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया।आत्मरक्षार्थ में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी स्थिति सामान्य है।अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा,02 जिन्दा कारतूस,03 खोखा कारतूस व 600 नगद रुपए बरामद हुए है।बता दे कि अभियुक्त के ऊपर डेढ़ दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।

बरामद-01 अवैध तमंचा 315 बोर,02 जिन्दा कारतूस 315 बोर,03 खोखा कारतूस 315 बोर,600 रूपए नगद बरामद।

गिरफ्तार आरोपी-अतुल पुत्र शिवबहादुर निवासी मुनऊ खेड़ा थाना बिहार जनपद उन्नाव।

गिरफ्तार करने वाली टीम-प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बलराम सिंह मय टीम,प्रभारी एसओजी आनंद व टीम मौजूद रही।

## 10 दिसम्बर से शुरु होगा खाद्यान्न वितरण

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का वितरण 10 से 28 दिसंबर तक किया जाएगा। बताया कि इस अवधि में जनपद के अन्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों के मध्य दो किग्रा गेहूं व तीन किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल पांच किग्रा खाद्यान्न) प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। इसी के साथ अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अक्टूबर से दिसंबर के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से कुल 54 रुपये में दी जाएगी, जो लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही प्राप्त कर सकेंगे। इस योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 28 दिसंबर होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले कार्डधारकों को मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# तपोस्थली सिमौनी धाम के वार्षिक मेला में भंडारे की तैयारियां तेज

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

मौनी धाम में दिसंबर माह में आयोजित होने वाले वार्षिक विशाल मेला में भंडारा की तैयारियां जोरों से चल रही है साफ सफाई व्यवस्था में सफाई कर्मी जुटे हुए हैं और मौनी धाम सहित प्रसाद प्रांगण को सजाने सवारने रंगाई पुताई का कार्य प्रारंभ हो गया है मौनी धाम में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष 15 दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक विशाल भंडारे का आयोजन अवधूत महाराज द्वारा संपन्न कराया जाता है भंडारा एवं मेले की तैयारियों के लिएसमदानी व प्रशासनिक अमलालगा हुआ है पर्यटन स्थल रामलीला व नाटक मंचन प्रांगण व मधुबन की साफ सफाई के लिए सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं पर्यटक स्थल में 15 दिसंबर से खेलकूद की प्रतियोगिता होगी रामलीला व नाटक प्रांगण में देश प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दिन में नाटक एवंरात में रामलीला का मंचन करेंगे भंडारा प्रांगण की साफ-सफाई एवं रंगाई पुताई का कार्य तेजी से चल रहा है।जहां एक साथ 10 हजार श्रद्धालुओं को पंगत में बैठाकर खिलाने का इंतजाम रहता है मधुबन में देश देशांतर के आश्रम से आने वाले साधु सन्यासियों केठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही हैपीने के पानी के लिए पोस्ट स्टैंड नल हैंडपंपों की मरम्मत कराया जा रहा है श्रमदानी सेवकों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौनी धाम में 108 वर्ष सीताराम संकीर्तन दिन रात रामधुन ष् अनवरत जारी रहती है जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु भक्त आते है।

# जिलाधिकारी ने शीतलहरी एवं ठंढ से बचाव के लिए ने जारी की एडवाइजरी

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

भारत सरकार मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी के अनुसार इस वर्ष दिसम्बर से फरवरी तक तापमान अति न्यून होने की जानकारी दी गई है जो अब दिसम्बर के प्रथम सप्ताह के समापन तक यथार्थ होते दिख रही है। इन मौसम घटनाओं को अवलोकन कर जनपद की जिलाधिकारी जे. रीभा ने जनपद में ठंढ से होने वाली स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं जैसे हाइपोथर्मिया,निमोनिया,सर्दी,जुकाम त्वचा फटना,हार्ट सम्बन्धी बिमारियों से बचाव हेतु असहाय,आर्थिक कमजोर,और जरूरत मन्दो को शीत से बचाने हेतु जारी की चेतावनी।

डीएम ने शीत लहर से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि कई परतों वाले गरम कपड़े पहनें। सिर, कान, हाँथ, एवं पैर अच्छी तरह ढकें।अधिकतर शरीर की गर्मी सिर एवं पैरों से निकलती है। गर्म मोजे दस्ताने, टोपी, स्काफ जरूरी है। गीले कपड़े शरीर से तुरंत बदले। गीले कपडों से शरीर का तापमान तुरन्त गिरता है।कमरों को बंद रखें।परन्तु थोडा वेंटिलेशन दें। ताकि दम घुटने की समस्या ना हो। हीटर या अंगीठी चलाते समय कमरे में वेंटिलेशन हो ताकि कार्बन मोनोआक्साइड का खतरा उत्पन्न ना हो।बुजुर्गों, बच्चों, एवं बीमार लोगों को गर्म रखें। गर्म भोजन करें जैसे दलिया, सूप, खिचड़ी, चाय, दूध। पर्याप्त पानी पियें। सर्दी में प्यास कम लगती है। लेकिन पानी नहीं पीने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। तैलीय एवं भारी भोजन कम करें। पौष्टिक वा विटामिन समृद्ध भोजन ही लें।आवश्यकता होने पर ही बाहर निकलें।ठण्डी हवाओं से बचने के लिए स्कार्फ का प्रयोग करें। फिसलन भरी जगहों में सावधानी से चलें।शरीर को ज्यादा देर तक ठण्ड के सम्पर्क में ना रखें।बीच बीच में गर्म स्थान पर जाएं।सुबह व रात में कोहरा/धुंध पर गति धीमी रखें।हेडलाइट/फाग लाइट का सही उपयोग करें। वाहन की बैटरी,टायर और ब्रेक की जांच रखें।ठण्ड में गाडियां कभी कभी स्टार्ट होने में समय लेती है। हाइपोथर्मिया के लक्षण पहचानें- कंपकंपी, कमजोरी, भ्रम, धीमी सांस लेना त्वचा फटने से रोकने के लिए माइस्चराइजर का प्रयोग करें। जरूरत पडने पर डाक्टर से तुरन्त सम्पर्क करें। जिसको अस्थमा, दिल की बीमारियां या आर्थराइटिस है वे विशेष सावधानी रखें। ग्रामीण जन एवं प्रिय कृषक भाइयों सुबह शाम अत्यंत ठण्ड में काम से बचें। फसलों में पाले के प्रभाव को कम करने हेतु सिंचाई और पाले से बचाव के तरीकों का प्रयोग करें। शीत लहर से बचाव हेतु कुमार धर्मेन्द्र अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) ने कहा कि रेडियो, दूरदर्शन, शोशलमीडिया, पत्र, अखबार से दी गई चेतावनियों का अक्षरशः पालन करने की अपील की। और सडक पर रहने वाले लोगों, बुजुर्गो,पालतू जानवरों की सुरक्षा का ध्यान रखें और पालतू जानवरों की सुरक्षा का ध्यान रखें। पड़ोसी, असहाय एवं असमर्थ लोगों की मदद करें।जिला आपदा विशेषज्ञ डॉ0 प्रभाकर सिंह ने जनपद वासियों को जिलाधिकारी एवं शीत से बचाव की चेतावनियों का पालन करने का आग्रह किया है।और शीत से बचने हेतु, जिला प्रशासन/नगर निकाय द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में रात्रि बिताने हेतु सलाह दिया, तथा खुले में ना रहने की अपील की।



### जितने साल से मोदी पीएम...

केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय... पढ़ें पेज 12 पर...

# टंकण परीक्षा में 'देरी का खेल'

## स्वास्थ्य भवन लखनऊ में भानू की भूमिका संदिग्ध, 24 घंटे वाला रिज़ल्ट 15 दिन लटकाया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

स्वास्थ्य विभाग में टंकण परीक्षा (टाइपिंग टेस्ट) का रिज़ल्ट असामान्य तरीके से 15 दिन तक रोके जाने ने पूरे विभाग को शक के घेरे में खड़ा कर दिया है। रिज़ल्ट 27 तारीख को तैयार होकर हस्ताक्षरित था, लेकिन उसे जानबूझकर 3 तारीख तक दबाकर रखा गया। सवाल उठ रहा है—आखिर क्यों?




**साख दांव पर-जांच की मांग तूल पकड़ी**

- मामला अब सिर्फ़ तकनीकी देरी का नहीं,
- पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता गिरने का है
- बढ़ते सवालों से घिरा विभाग अब चुप है–
- और यही चुप्पी सबसे बड़ा शक पैदा कर रही है।

### पहले 24 घंटे में रिज़ल्ट—अब 'ब्रेक' मारकर 15 दिन रोक

पूर्व निदेशक प्रशासन के समय रिज़ल्ट अगले ही दिन जारी हो जाता था। उस दौर को कर्मचारी ईमानदारी और पारदर्शिता का समय बताते हैं। लेकिन इस बार फाइलों पर लगा 'अनौपचारिक ब्रेक' साफ़ इशारा करता है कि अंदर कुछ और ही चल रहा था। विभाग के भीतर खुला आरोप रिज़ल्ट रोकने के पीछे मेरिट सूची में फेरबदल की कोशिशें थीं। कर्मचारी दबी आवाज़ में कहते हैं 'कुछ नाम ऊपर-नीचे करने की तैयारी थी।' और इस पूरे मामले में भानू की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध बताई जा रही है। विभागीय दफ्तरों में तनाव का माहौल,अफसर मीडिया से बच रहे, फाइल मूवमेंट रेंग रहा। कर्मचारियों का कहना है 'इस बार सिस्टम पर किसी अदृश्य दबाव का असर था।' पहले के निदेशक की ईमानदारी मिसाल थी—अब उसी सिस्टम पर दाग कर्मचारियों की सीधी टिप्पणी- 'पहले के निदेशक प्रशासन में किसी की हिम्मत नहीं थी कि फाइल रोक दे।' आज हालात उलट- दिल्ली से लेकर विभाग तक दबाव, और नीचे तक गफलत। सबसे बड़ा सवाल–15 दिन तक रिज़ल्ट रोकने वाला 'भानू' कौन? अभ्यर्थी, कर्मचारी, यूनियन सब पूछ रहे, देरी का आदेश किसने दिया? कौन-से उम्मीदवारों को फ़ायदा पहुंचाने की तैयारी थी? और भानू की विभाग में असल ताकत क्या है?

# इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में शामिल हुए भजन सम्राट अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा और राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री सहभागी हुए। यहां के अनुभव को युवा कलाकार कभी भुला नहीं सकते। उनके सामने देश के भजन सम्राट थे। जिन्हें लोग बड़े मंचों के अलावा छोटे बड़े पर्दे पर देखते रहे हैं। प्रसार माध्यमों से उनके भजन सुनते रहे हैं। आज वह सामने थे। उनके गीत संगीत से श्रोता प्रभावित होते हैं। लेकिन इंडियन फिल्म एकेडमी के कार्यक्रम में उनकी सहजता का भी प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एकेडमी के संस्थापक दिनेश सहगल और योगेश मिश्रा ने किया था। अनूप जलोटा ने वहां उपस्थित युवा कलाकारों का परिचय प्राप्त किया। कला संगीत की किस विधा में उनकी रुचि है,यह जानकारी ली। कुछ कलाकारों को गायन में रुचि थी। अनूप जलोटा ने उन सभी का गाना सुना। उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों की फरमाइश पर उन्होंने भी अपने प्रसिद्ध भजनों की पंक्तियां सुनाई। यहां अनूप जलोटा मुख्य अतिथि की जगह संगीत के शिक्षक की भूमिका में आ गए। कहा कि गायन में रियाज अपरिहार्य होता है। सुबह के समय संगीत साधना उपयुक्त होती है। उस समय स्वर या राग आदि लय में नहीं होते है। उन्हें साधना पड़ता है। यह कार्य प्रयास और अभ्यास से होता है। फिर शेष दिन में भी लयबद्धता रहती है। इसके साथ ही अनूप जलोटा ने वर्तमान समय की व्यवहारिक समस्या भी बताई। कहा कि सुबह जल्दी उठने के लिए रात्रि में जल्दी सोना आवश्यक होता है। लेकिन सभी के लिए अनेक कारणों से ऐसा करना संभव नहीं होता। ऐसे लोग जब उठें,तभी अभ्यास करें। इस कार्यक्रम के बाद अनूप जलोटा ने स्टूडेंट्स से कहा कि किसी को उनके साथ तस्वीर लेनी है। स्टूडेंट्स उत्साहित हो गए। यही तो वह चाहते थे। अनूप जलोटा जी सभी के साथ अलग अलग फोटो खिंचवाई। सभी से स्नेह पूर्वक मिले। शुभकामना दी। उनकी यह सहजता प्रभावित करने वाली थी।

## पुलिस ने दो वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग दो दर्जन चमगादड़ बरामद किए



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मलिहाबाद लखनऊ चेकिंग के दौरान प्रतिबन्धित वन्य जीव तस्करों को रहीमाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया और उनके पास से लगभग दो दर्जन चमगादड़ों को बरामद कर वन विभाग को सौंप दिया बताते चलें कि रहीमाबाद पुलिस छोटा चौराहा दरोगा की चक्की पर चेकिंग कर रही थी इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आ रहे थे जो पुलिस को देख कर सहम गए जिन्हें पुलिस ने रोका और उनकी तलाशी ली तलाशी लेने पर एक बेलेट आरी और एक रस्सी मिली तथा एक पीली बोरी में चमगादड़ मिले गिनती करने पर उनकी संख्या 22 निकली पकड़े गए आरोपि राहुल निवासी भाई दास खेड़ा माजरा ससपन तथा दूसरा विशाल कुमार निवासी भिखारी खेड़ा थाना रहीमाबाद के रूप में हुई पुलिस ने दोनों आरोपीयो के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और बरामद चमगादड़ों को वन विभाग को सौंप दिया

# दबंग की धमकी से पत्रकारों में उबाल पुलिस की लापरवाही ने बढ़ाया खतरा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- फोन पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी, 48 घंटे बाद भी एफआईआर नहीं

रहीमाबाद थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की हकीकत उस वक्त शर्मसार हो गई जब एक दबंग ने खुलेआम पत्रकार को फोन पर गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और पुलिस 48 घंटे बाद भी खामोश खड़ी है। सवाल यह है कि जब पत्रकार ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता अपना हक किससे मांगे? शनिवार को ग्राम अमृतखेड़ा निवासी सुरेश कुमार ने पत्रकार मुकेश कुमार को फोन कर धमकी दी। पत्रकार मुकेश कुमार ने तत्काल रहीमाबाद थाने में शिकायती प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन न जांच हुई, न एफआईआर दर्ज हुई और न ही मौके की छानबीन। पत्रकारों में भारी आक्रोश इस बात को लेकर है कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी पत्रकार को धमकी देने वाले की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी अनिवार्य है, लेकिन रहीमाबाद पुलिस उन निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है। इसके बाद मजबूर होकर पत्रकार मुकेश कुमार ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। स्थानीय पत्रकारों का आरोप है कि पुलिस की यह ढील दबंगों के हौसले और बुलंद कर रही है। सवाल यह है कि क्या रहीमाबाद पुलिस किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रही है? अगर चौथे स्तंभ पर हमला यूं ही जारी रहा तो प्रदेश में पत्रकार खुद को कैसे सुरक्षित समझें?



## एसआईटी करेगी जहरीली कफ सिरप मामले की जांच, ड्रग माफियाओं के खिलाफ 128 एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में जहरीली कफ सिरप मामले की जांच आईजी के नेतृत्व में गठित होने वाली राज्य स्तरीय एसआईटी करेगी। कफ सिरप से मौत का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। ये जानकारी सोमवार को यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अब तक 128 एफआईआर दर्ज हुई हैं। किसी भी ड्रग की तरह कफ सिरप के भी स्टॉकिस्ट हैं जिसमें कुछ अवैध रूप से सिरप बेच रहे थे। मामले में पांच में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कहा कि कफ सिरप के बांग्लादेश और नेपाल में भी बेचे जाने का इनपुट मिला है। जांच की जा रही है। जांच के दायरे में आई फर्मों और आरोपियों की फायनेंशियल ट्रेल खंगाली जा रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। दुबई भागे आरोपियों का प्रत्यर्पण कराया जाएगा।

## लिव-इन में रह रही महिला ने चाकू से गला रेतकर साथी को मार डाला



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र के सलारगंज स्थित शिवम ग्रीन सिटी में सोमवार देर रात एक दिलदहला देने वाली वारदात सामने आई। लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे युवक सूर्य प्रताप सिंह (32) की उसकी प्रेमिका रत्ना देवी ने धारदार चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला रत्ना देवी को तत्काल हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक रत्ना देवी और सूर्य प्रताप पिछले चार वर्षों से लिव-इन में रह रहे थे। सूर्य प्रताप सिंह मूल रूप से देवरिया जिले के पर्शिया भीखा मरखड़ा गांव के रहने वाले हैं। पिता नरेन्द्र सिंह मैक्स हॉस्पिटल गोमतीनगर में बतौर चालक हैं और वह जानकीपुरम सहारा स्टेट में रहते हैं। रत्ना देवी अपनी दो बेटियों 18 वर्षीय अनुष्का और 15 वर्षीय जानवी सिंह के साथ यहीं किराए पर सूर्य प्रताप सिंह के यहां रहती थी। घटना के समय दोनों बेटियां भी घर पर मौजूद थीं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार सूर्य प्रताप सिंह एवरेडी कंपनी में एग्जिक्यूटिव इंजीनियर थे। करीब 22 वर्ष की उम्र में वह जानकीपुरम स्थित आकांक्षा कॉलोनी में रत्ना देवी की दोनों बेटियों को ट्यूशन पढ़ाने जाते थे, वहीं से दोनों के बीच नज़दीकियां बढ़ीं और संबंध लिव-इन तक पहुंच गया। हालांकि पुलिस अभी सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और प्रेमिका रत्ना देवी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## नीतीश के बेटे के राजनीति में आने पर चर्चा: बिहार सरकार के मंत्री बोले, निशांत पर जनता लेगी निर्णय



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बिहार में एनडीए सरकार के मुखिया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर किए गए सवाल पर बिहार सरकार में ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि निशांत के राजनीति में आने का निर्णय जनता लेगी। उन्होंने कहा कि जनता चाहती है कि वो राजनीति में आएं। श्रवण कुमार सोमवार को लखनऊ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में जदयू पदाधिकारियों के साथ बैठक की और जानकारी देते हुए कहा कि अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में संगठन को मजबूत किया जाएगा। जदयू सदस्यों के साथ कुछ घटनाएं हुई हैं। उनमें प्रदेश सरकार से कार्रवाई की मांग की गई है। यूपी में जदयू कार्यकर्ता निराश हैं। एनडीएम में तवज्जो नहीं मिल रही है। इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल निर्माण पर कोई विवाद नहीं है। यह मुख्यमंत्री का निर्णय है।

**धनंजय सिंह पार्टी में हैं या नहीं...**

जहरीली सिरप कांड में पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम आने पर कहा कि धनंजय सिंह पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव हैं या नहीं। इस बारे में जांच करके बताएंगे। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मासिक बैठक बिहार चुनाव के बाद हुई है। मंत्री का स्वागत किया गया। यूपी में सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। हर जिले में प्रभारी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत चुनाव में मजबूती से लड़ेंगे। ग्राम प्रधान और बीडीसी आदि पदों पर मजबूती से लड़ेंगे। अभी अकेले तैयारी कर रहे हैं। आगे पार्टी का निर्णय लेगी। धनंजय सिंह का नाम आने पर कहा कि वह लोकसभा चुनाव के बाद से ही पार्टी में नहीं हैं। वो न किसी कार्यक्रम और न ही कभी किसी आयोजन में आए।

## जनता दर्शन में योगी ने सुनीं लोगों की समस्याएं निस्तारण के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके निराकरण के लिए उन्हें भरोसा दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिक्कतों का पता लगाकर निराकरण कराया जाए। इस दौरान 42 लोग अपनी परेशानी लेकर पहुंचे। इसमें से पांच ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मदद की बात कही। इस पर सीएम ने अस्पताल से एस्टिमेट बनवाने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार पहले दिन से ही चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। पैसे के अभाव में किसी का भी इलाज प्रभावित नहीं होगा। कई लोग पुलिस और अवैध कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे। सीएम ने उनका प्रार्थना पत्र लिया। संबंधित को आदेश दिया कि समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए।

### खाद्य आयुक्त आईएएस अनामिका सिंह ने वीआरएस के लिए किया आवेदन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** यूपी में आईएएस अनामिका सिंह ने निजी कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया है। वह वर्तमान में खाद्य आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। अनामिका सिंह 2004 बैच की अधिकारी हैं। उनकी सेवाएं 2038 तक के लिए बाकी हैं। कुछ समय पूर्व उन्होंने केंद्र में जाने के लिए भी राज्य सरकार से एनओसी मांगी थी। सितंबर के महीने में ही उन्हें बरेली मंडल का मंडलायुक्त नियुक्त किया गया था। वह फतेहपुर की रहने वाली हैं। इससे पहले वह बरेली में सीडीओ के पद पर भी रह चुकी थीं।

# कनेक्शन लेने के बाद कभी भी बिजली बिल न जमा करने वालों के लिए खुशखबरी, सरकार ने जारी की योजना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**


प्रदेश में चल रही बिजली बिल राहत योजना में कनेक्शन लेने के बाद कभी भी भुगतान न करने वाले (नेवर पेड) उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुविधा दी जाएगी। 31 मार्च तक नेवर पेड रहने के बाद एक अप्रैल से 30 नवंबर 2025 के बीच जिन लोगों ने पहली बार भुगतान कर दिया है उन्हें भी योजना में छूट मिलेगी। इस योजना के तहत कनेक्शन लेने के बाद ब्याज से पूरी तरह से माफी मिलेगी। साथ ही मूलधन में 25 फीसदी की बचत भी होगी। प्रदेश में एक दिसंबर से बिजली बिल राहत योजना शुरू की गई है। इसमें घरेलू अधिकतम दो किलोवार भारत और वाणिज्यिक एक किलोवाट भार के उन उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है, जो कनेक्शन लेने के बाद कभी भी भुगतान (नेवर पेड) नहीं किए हैं। इसी तरह लंबे समय से भुगतान नहीं करने वाले (लांग अनपेड) को भी योजना में शामिल किया गया है। इस बीच पता चला कि नेवर पेड श्रेणी में तमाम ऐसे उपभोक्ता हैं, जो एक किस्त जमा कर दिए हैं। ऐसे में किस्त जमा करने वाले उपभोक्ता इस श्रेणी से बाहर हो गए हैं। इन उपभोक्ताओं की शिकायतों को देखते हुए पावर कार्पोरेशन ने राहत योजना में संशोधन किया है। इसके तहत 31 मार्च तक नेवर पेड श्रेणी के जिन उपभोक्ताओं ने एक अप्रैल से 30 नवंबर 2025 के बीच पहली बार भुगतान कर दिया है, उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाएगा। इन उपभोक्ताओं का पंजीयन 11 दिसंबर से शुरू होगा। इस संबध में पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने सभी विद्युत वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिया है कि 31 मार्च तक नेवर पेड रहने वाले और बाद में बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं के पंजीयन की व्यवस्था कराई जाए।

**उपभोक्ता तय करेंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना है या नहीं**

स्मार्ट प्रीपेड लगवाना है अथवा नहीं, यह विकल्प उपभोक्ताओं के पास मौजूद है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट दिसंबर 2024 में दे चुका है। इस आदेश की प्रति लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा सोमवार को नियामक आयोग पहुंचे। उन्होंने आयोग से स्पष्ट आदेश जारी करने की मांग की। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपते हुए राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपना गलत है। उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को अनिवार्य न मानते हुए विकल्प के रूप में स्पष्ट रूप से आदेश दिया जाए। ताकि राज्यभर के उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रम खत्म हो। उन्होंने कहा कि स्मार्ट/प्रीपेड मीटरों की अनिवार्यता से जुड़ी कई जनहित याचिकाएं विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। स्पष्ट कानूनी स्थिति न होने के कारण आयोग ने कोई टिप्पणी नहीं की थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से स्पष्ट हो गया है कि उपभोक्ताओं को विकल्प चुनने का अधिकार है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड अथवा पोस्टपेड चुनने के विकल्प देकर उपभोक्ताओं को उनका अधिकार दिया जाए।

**पंजाब के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया है आदेश**

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने नियामक आयोग के अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति दिया। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने सिविल अपील 4226/2020 माधव केआरजी बनाम पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में दिसम्बर 2024 में यह स्पष्ट कहा गया है कि– यदि कोई मौजूदा उपभोक्ता प्रीपेड मीटर को चुनता है, तो लाइसेंसी सुरक्षा जमा की समायोजन द्वारा वापसी करेगा। यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से बताती है कि प्रीपेड मीटर उपभोक्ता की इच्छा पर आधारित 'विकल्प' है। अनिवार्य नहीं है। ऐसे में नए कनेक्शन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य करके उपभोक्ताओं से 6016 की वसूली करना गलत है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए।



# चालकों एवं परिचालकों के मानदेय में इजाफा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- संविदा चालको परिचालकों को 1 जनवरी 2026 से मिलेगा बढ़ा मानदेय: दयाशंकर

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आज बताया कि 1 जनवरी 2026 से संविदा चालकों,परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान राज्य परिवहन निगम करेगा। संविदा चालकों परिचालकों के मानदेय में क्रमशः 10 पैसे व 7 पैसे की प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में संविदा चालकों परिचालकों को नोएडा क्षेत्र की नगरीय सेवाओं चालक परिचालक, नोएडा क्षेत्र की ग्रामीण सेवाओं एवं एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो हेतु चालक और परिचालक एनसीआर क्षेत्र के अन्तर्गत स्थापित समस्त डिपोज की ग्रामीण सेवाओं में कार्यरत केवल संविदा चालकों हेतु, गोरखपुर क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकटस्थ सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज डिपो के संविदा चालकों व उपनगरीय सेवाओं हेतु चालक परिचालक हेतु 2.18 रूपये प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर 2.28 रूपये प्रति किमी अर्थात संविदा चालकों परिचालकों के मानदेय में 10 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। अन-?य क्षेत्रों के संविदा चालक परिचालक के मानदेय 7 पैसे प्रति किमी की बढ़ोत्तरी की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 4 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना कारित न की गयी हो। योजना के अन्तर्गत चालक हेतु पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 4000 कुल देय 18687 व परिचालक हेतु पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 4000 रूप कुल देय 18418 रूपये देय होगा। योजना में चयनित होने के उपरांत माह में 22 दिन डियूटी एवं 5000 किमी बस परिचालन किया जाना होगा।नवीन उत्कृष्ट प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 4 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 78000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना कारित न की गयी हो। योजना के अन्तवर्गत चालक हेतु पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 7000 कुल देय 21687 व परिचालक हेतु पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 7000 कुल देय 21418 रूपये देय होगा। उक्तर योजना में चयनित होने के उपरान्त माह में 24 दिन डियूटी एवं 6000 किमी बस परिचालन किया जाना होगा।रिटेंशन एवं लॉयल्टी इनिसिएटिव योजना अन्तर्गत सबसे पुराने संविदा चालकों को वरिष्ठा के आधार पर संविदा चालकों को प्रोत्साहन का भुगतान किया जायेगा, जिसमें वरिष्ठंता के आधार पर 20 वर्ष पुराने संविदा चालकों को 1500 रूपया व 10 वर्ष पुराने संविदा चालकों को 750 रूपया मासिक भगुतान किया जायेगा। अतिरिक्त भुगतान 24 दिन या अधिक डियूटी करने एवं न्यूनतम 6000 किमी संचालित करने वाले तथा 50 प्रतिशत लोडफैक्टर की अनिवार्यता पूर्ण करने वाले संविदा चालक परिचालक को 4000 रूपया की दर से अतिरिक्त भुगतान। 50 प्रतिशत लोडफैक्टर की अनिवार्यता पूर्ण न करने पर प्रभावी प्रोत्साहन राशि 2/3 भाग का भुगतान होगा।

### बीज प्रमाणीकरण न कराने वाले एफपीओ से होगी अनुदान वसूली

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि निदेशालय में दृष्टि योजनान्तर्गत स्थापित 100 कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओ के कार्यों की समीक्षा की, जिसमें एफपीओ द्वारा बीज विधायन संयंत्रों की स्थापना और बीज उत्पादन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा में सामने आया कि 24 एफपीओ ने अब तक 80,960 क्विंटल बीज का उत्पादन और उसका विक्रय उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को कर दिया है। बैठक में उन एफपीओ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई जो आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें सख्त निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि 27 एफपीओ द्वारा अभी तक बीज प्रमाणीकरण संस्था में पंजीकरण नहीं कराया गया है, ऐसे एफपीओ तत्काल अपना पंजीकरण करा लें। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीकरण न कराने की स्थिति में सरकार द्वारा दिए गए अनुदान की वसूली की कार्यवाही की जाएगी। यह भी संज्ञान में आया कि 32 एफपीओ के उत्पादित बीज अब तक उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा क्रय नहीं किए गए हैं, जिसपर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एफपीओ केवल गेहूँ और धान ही नहीं बल्कि ढैंचा के बीज को नियामानुसार प्रमाणित कर उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को विक्रय करेंगे ताकि राज्य में प्रमाणित बीज की उपलब्धता हो सके। योजना अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कृषि उत्पादक संगठनों को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने किए जाने वाले आवश्यक कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित सभी योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्युतीकरण एवं फर्नीचर से संतृप्त विद्यालयों के बारे में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया।एवं सीएस आर के माध्यम से सहयोग प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया गया तथा नगरीय क्षेत्रों में शौचालय एवं मूत्रालय से असंतृप्त विद्यालयों की सूची जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि उक्त विद्यालयों में नगर पंचायत,नगर पालिका आदि के माध्यम से शौचालय का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया गया।समीक्षा के दौरान आरटीई योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रवेशित बच्चों की संख्या की समीक्षा की गई।बेसिक शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा,मध्यान भोजन के अंतर्गत किचन गार्डन के बारे में समस्त शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित किए जाएं।मौसम के अनुसार बीज की उपलब्धता हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों से संबंध बनाते हुए प्रत्येक विद्यालयों में मौसम अनुकूल बीज उपलब्ध कराया जाए।जिससे किचन गार्डन विद्यालयों में स्थापित हो और छात्र,छात्राओं द्वारा उन सब्जियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी,जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, समस्त खंड शिक्षाधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर; इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय की टीम करेगी जाँच

**अमेठी।** जनपद के सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उसरहा में आगामी बारह दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।यह शिविर प्रात:नौ बजे से दोपहर एक बजे तक पंचायत भवन परिसर में लगेगा। आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी गोपी चंद्र बाजपेई द्वारा कराया जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक संख्या में पहुँचकर इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएँ।शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आँखों की जाँच, परामर्श तथा आवश्यकता अनुसार उपचार संबंधी निर्देश दिए जाएँगे।समाजसेवी गोपी चंद्र बाजपेई के संयोजन से इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र अमेठी की टीम पिछले कई वर्षों से ग्रामीण अंचलों में नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाकर गरीब,वंचित और अभावग्रस्त वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा रही है।

# बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह, 645 जोड़ें होगें एक दूजे के

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत जनपद में एक बार फिर गरीब परिवारों की बेटियों के सपनों को पंख लगने जा रहे हैं। आगामी 10 दिसंबर को राजकीय हवाई पट्टी परिसर, अकबरपुर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कुल 645 पात्र जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया जाएगा।यह योजना अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग तथा सामान्य वर्ग के उन गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो अपनी बेटियों की शादी के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को राज्य सरकार की ओर से 1 लाख रुपये प्रति जोड़ी के अनुसार खर्च किया जाएगा जिसमें से ?60000 कन्या पक्ष के खाते में नगद भेजी जाएगी?25000 का उपहार सामग्री एवं ?15000 शादी खर्च के रूप में खर्च किया जाएगा जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समारोह स्थल को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। सभी जोड़ों के लिए अलग-अलग मंडप, भोजन, वस्त्र, बर्तन, श्रृंगार सामग्री बूंदी के लड्डू ड्राई फूड आदि की व्यवस्था की गई है। समारोह में सभी धर्मों के रीति-रिवाजों का पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे समाज तक पहुंचे।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित सभी 645 जोड़ों के दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है तथा सभी लाभार्थियों को समय से सूचित कर दिया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मंत्रीगण एवं स्थानीय सांसद-विधायक उपस्थित रहेंगे।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना न केवल गरीब परिवारों के बोझ को कम कर रही है, बल्कि दहेज प्रथा पर भी अंकुश लगा रही है तथा समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत कर रही है।यह आयोजन जनपद के लिए एक ऐतिहासिक और भावुक पल होगा जब एक ही मंच पर 645 जोड़े एक साथ-सात फेरे लेंगे और सात जन्मों तक एक साथ जीने मरने की कसमें खाएंगे।

# वनस्पतिशास्त्री डॉ राजीव रंजन इंडो ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने एक बार फिर जनपद तथा संस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। डॉ राजीव रंजन को वनस्पति क्षेत्र में उनके शोध तथा उपलब्धियों के लिए जेसा, प्रयागराज द्वारा आयोजित सातवें अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को प्रतिष्ठित इंडो ग्लोबल इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर को ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के अटल भवन में जेसा, प्रयागराज द्वारा आयोजित सातवें दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का समापन किया गया। अधिवेशन का आयोजन एवं 7 दिसंबर को किया गया । अधिवेशन के दूसरे दिन समापन सत्र में डॉ राजीव रंजन को ईसीआरडी रिसर्च एंड एजुकेशन काउंसिल, हिसार (हरियाणा) की ओर से प्रतिष्ठित इंडो ग्लोबल इंटरनेशनल एक्सीलेंन्स अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। यह अवार्ड उन्हें के एम सी एल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो अजय तनेजा एंव उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ ए के वर्मा द्वारा प्रदान किया गया है। डॉ. राजीव रंजन लंबे समय से वनस्पति विज्ञान विषय में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पौधों की प्रजातियों के संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरणीय बदलावों के प्रभाव तथा आधुनिक वनस्पति अनुसंधान में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके कई शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं, जिन्हें व्यापक रूप से सराहा गया है। अपने शैक्षणिक कार्यों के साथ डॉ. रंजन छात्रों में शोध के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। वे विभाग में आधुनिक शोध पद्धतियों, प्रयोगात्मक अध्ययन और क्षेत्रीय सर्वेक्षण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देते रहे हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और अकादमिक दृष्टि ने एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

## ईएफ फॉर्म के डिजिटाईजेशन कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक, मैपिंग बढ़ाने के निर्देश

**रायबरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत ईएफ फॉर्म के डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के पूर्णत:- डिजिटाइजेशन व शुद्धिकरण के लिए चल रहे कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए। जिन बूथों की प्रगति अच्छी रही उनके कार्यो की प्रशंसा करते हुए, कम प्रगति वाले बूथों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी ने बूथ स्तर अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विशेष बल देते हुए कहा कि फॉर्म संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई और कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

# छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण दल वापस लौटा विद्यालय, अनुभव किया साझा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज से वाराणसी सेक्सी भ्रमण पर गया छात्र-छात्राओं का दल रविवार शाम वापस विद्यालय पहुंच गया । सच्ची भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के अनुभव प्राप्त किए ।

जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर की शाम पायनियर पब्लिक स्कूल का शैक्षिक भ्रमण दल वापस विद्यालय पहुंच गया । छात्र-छात्राओं का भ्रमण दल 4 दिसम्बर को काशी बनारस के लिए रवाना हुआ था । भ्रमण का नेतृत्व विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी व विद्यालय के मैनेजर इं0 आकाश तिवारी ने किया। उनके मार्गदर्शन में ग्रुप लीडर पीटीआई अशोक कुमार चैहान, लाइब्रेरियन अशोक कुमार शुक्ला, ग्रुप लीडर जीव विज्ञान अध्यापिका शालिनी शुक्ला तथा अध्यापिका शिखा मिश्रा की देख-रेख में कक्षा-9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने हेतु पवित्र नगर वाराणसी ले जाया गया। प्रबंध निदेशक ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का पहला दिन अत्यंत शिक्षाप्रद और मनोरंजक रहा। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं को बीएचयू (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय) के विशाल और सुंदर कैम्पस का भ्रमण कराया गया। वहां शांत, शैक्षणिक वातावरण वाली सड़कों और ऊँची-ऊँची इमारतों ने सभी को आकर्षित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने बिरला विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए, जहाँ उन्होंने आध्यत्मिक शांति का अनुभव किया। इसके पश्चात् सभी को भारत कला संग्रहालय दिखाया गया, जहां विभिन्न ऐतिहासिक वस्तुएँ, चित्रकला और मूर्तिकला के अद्भुत नमूनों ने सभी का मन मोह लिया। शाम होते-होते गंगा की गरिमा और आस्था का प्रतीक भव्य गंगा आरती नौकाविहार के माध्यम से दिखाई गई, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। शैक्षिक भ्रमण के दूसरे दिन का आरंभ काशी विश्वनाथ मंदिर के भव्य दर्शन से हुआ। मंदिर की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्व ने विद्यार्थियों में श्रद्धा और उत्साह दोनों का संचार किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को मिर्जापुर स्थित लखनिया दरी ले जाया गया, जहाँ झरनें में स्नान का रोमांचक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रकृति की गोद में स्थित यह स्थान छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत आनंददायक सिद्ध हुआ। तत्पश्चात् समस्त छात्र-छात्रओं को समीप स्थित डैम का भ्रमण कराया गया तथा वहाँ के बारे में शिक्षकों से समस्त जानकारी ली साथ ही बच्चों ने प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए समूह में ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विषयों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना और देश की सांस्कृति, धार्मिक तथा ऐतिहासिक धरोहर से परिचित कराना था।

# दिव्यांग बच्चों को विधायक ने वितरित किए सहायक उपकरण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने सोमवार को दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किया । जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को शिवपुरा बाजार के बीआरसी केन्द्र पर आयोजित कैम्प में कानपुर की सामाजिक संस्था डुद्यद्बद्ब-ष्थ द्वारा आयोजित सहायक उपकरण वितरण समारोह में विकास खण्ड हरैया सतघरवा, गैसड़ी, पचपेड़वा के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों को उनकी दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण वितरित किया। इस अवसर पर डुद्यद्बद्बष्थ के अधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ता तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी सिया राम वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राघव राम पाण्डेय तथा तरुण तिवारी तथा अमर नाथ शुक्ल उपस्थित रहे।

# टीएचआर प्लांट का डीएम ने किया निरीक्षण, संचालन व्यवस्था की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



सोमवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत स्थित स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित टीएचआर (ञ्ड्डद्ग ॥श्वद्द ऋड्डह्लद्बश्ठ्ठ) प्लांट बिजलीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने टी एचआर प्लांट का संचालन कर रही महिलाओं से वार्ता की एवं उत्पादन प्रक्रिया, पैकेजिंग, भंडारण व्यवस्था आदि का विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सिटी परियोजना हेतु पोषाहार की आपूर्ति उसी टीएचआर प्लांट बिजलीपुर से सुनिश्चित की जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन को प्रोत्साहन मिले तथा आपूर्ति से संबंधित प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह को समय से भुगतान किया जाए, जिससे उत्पादन कार्य बाधित न हो। साथ ही टीएचआर की मांग के अनुरूप समय से मांग पत्र भेजे जाने एवं सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शी ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, उपायुक्त एनआरएलएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 400 युवक युवतियों को एसएसबी द्वारा दिया गया रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा सोमवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी कमांडेंट संजय कुमार कमांडेंट के निर्देशन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत pre Recruitment training का शुभारंभ नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औदही कला सिद्धार्थनगर में किया गया । कार्यक्रम में सुनील अग्रहरी चेयर मैन बढ़नी, अनिल अग्रहरी समाज सेवी, प्रभात तिवारी भाजपा वरिष्ठ नेता, डॉ विजय कुमार वर्मा गांधी इंटर कालेज बढ़नी, डॉ उमेश चंद्रा लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा, महेश यादव ग्राम प्रधान गुलरी, बबलू यादव ग्राम प्रधान मनिकौरा, रवी शुक्ला अमर उजाला प्रेस एवं प्राचार्य पंडित बाबू राम शुक्ला विद्या मंदिर तुलसीपुर, सौरभ कुमार उप कमांडेंट 50वीं वाहिनी बलरामपुर, जाधव भूषण भरत राव सहायक कमांडेंट, अजय कुमार सहायक कमांडेंट सहित 400 सीमावर्ती युवक युवतियां प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे । कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औदही कला के परिसर में कमांडेंट 50 वीं वाहिनी द्वारा शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्राम महादेव बुजुर्ग के 50, ग्राम बढ़नी से 75, ग्राम त्रिलोकपुर से 50, ग्राम नारीहिवा से 50, ग्राम कंचनपुर कार्यक्षेत्र से 100 एवं ग्राम मलगहिया से 25 कुल 400 सीमावर्ती ग्रामीण युवक युवतियां प्रशिक्षण में प्रतिभाग किए । इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# 20, 21 व 22 दिसम्बर को सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन पं0 मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में : डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जिला खेल कार्यालय पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में 10 से 15 दिसम्बर 2025 के मध्य में सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) जनपद स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता कराने हेतु निर्देशित किया गया था। तद्क्रम में इस खेलकूद प्रतियोगिता के लिए 02 दिसम्बर 2025 को क्रीड़ाधिकारी, रायबरेली को दूरभाष पर संजय सेठ मा0 सांसद (राज्य सभा) द्वारा अवगत कराया गया कि संसद का शीतकालीन सत्र 01 से 19 दिसम्बर 2025 तक संचालित होने के कारण खेलकूद सांसद खेल प्रतियोगिता की संशोधित तिथि 20 से 22 दिसम्बर 2025 तक कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। जिसके क्रम में सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) जनपद स्तर पर प्रतियोगिता कराये जाने हेतु संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार जिला खेल कार्यालय पं0 मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम रायबरेली में 20 दिसम्बर को सब जूनियर/जूनियर/सीनियर-बालक-बालिका वर्ग मं एथलेटिक्स (100 मी0, 200 मी0, 1500मी0, लम्बी कूद, गोला फेंक, डिस्कस, जैवलिंग), वॉलीबॉल, बैडमिंटन एवं जूनियर/सीनियर बालक-बालिका वर्ग में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 21 दिसम्बर को सब जूनियर/जूनियर/सीनियर-बालक-बालिका वर्ग में कबड्डी, खो-खो एवं जूनियर/सीनियर बालक वर्ग में फुटबॉल, तथा बालक/बालिका वर्ग में कुश्ती-04 वेट कैटगरी बालक 55-60, 61-65, 67-71, 73-79, कुश्ती 04 वेट कैटगरी बालिका 45-48, 49-53, 55-58, 59-63 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। 22 दिसम्बर को बालक-बालिका वर्ग में जूडो-04 वेट कैटगरी बालक/बालिका वर्ग -45, -50, -55, -60 एवं ओपन बालक वर्ग में क्रिकेट बालक वर्ग, ओपन बालक वर्ग तथा महिला/पुरुष वर्ग में योगाभ्यास-महिला/पुरुष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने संशोधित तिथियों के अनुसार सांसद खेल स्पर्धा (राज्य सभा) प्रतियोगिता से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में ससमय उपस्थित होकर आवंटित कार्यों का निर्वाहन कराना सुनिश्चित करें।

## डीईओ माथुर ने (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के 06 बीएलओ को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया, जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 180 रायबरेली में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पम्मी सिंह एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शहनाज़ बानो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार डीईओ द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 182 सरेनी के प्रदीप कुमार तृतीय स्थान एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 183 ऊँचाहार में मनोरमा शुक्ला प्रथम स्थान, आशा देवी द्वितीय स्थान एवं इंद्रभान सिंह तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पीपल की छांव में बाल रूप हनुमान का दिव्य श्रृंगार, भक्त हुए भाव विभोर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सई नदी निकट मुंशीगंज स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रीय शहीद स्मारक परिसर में विराजमान बाल रूप हनुमान जी महाराज का रविवार को दिव्य श्रृंगार सम्पन्न हुआ। पीपल की छांव में स्थित संकट मोचन धाम हनुमान जी को चांदी का तिलक, चांदी की भौंहें, चांदी के नेत्र तथा भीमसेनी काजल से अलंकृत कर विशेष वस्त्राभिषेक किया गया। राम दूत हनुमान जी का दिव्य रूप का दर्शन कर भक्तों में श्रद्धा और भक्ति का उल्लास छा गया। बाल रूप हनुमान जी की दिव्य आभा और अलौकिक श्रृंगार ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे सभी भक्तों ने इसे जीवन का सौभाग्य बताया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर संजय सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और आरती की गई। आरती उपरांत भक्तों ने प्रसाद अर्पित कर मंगलकामनाएँ कीं।

# रायबरेली में ''राजकीय संप्रेक्षण गृह'' चालू, 100 किशोर अपचारी बनेंगे हुनरमंद और अच्छे नागरिक : डीएम



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि सदर के जैतूपुर में नव-निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह शुरू हो गया है, जो जुनैल कोर्ट संप्रेषण गृह के रूप में कार्य करेगा। 6.60 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित यह भवन किशोर अपचारियों के जीवन को नई दिशा देने का केंद्र बनेगा। वर्तमान में यहाँ 24 बच्चे आए हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 100 किशोरों को आश्रय देने की है।

उन्होंने बताया कि इस विशेष आश्रय का मुख्य उद्देश्य किशोर अपचारियों को आपराधिक कृत्यों से बचाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर एक अच्छा नागरिक बनाना है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत यहाँ बच्चों के रहने, खाने और विशेष प्रशिक्षण की सुविधा होगी। बाकायदा कक्षाएं संचालित की जाएंगी और किशोरों को हुनरमंद बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे बाहर जाने के बाद स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नियमित काउंसिलिंग की जाएगी। उन्हें शिक्षा के अलावा, उन्हें डांस, गायन और अन्य कला क्षेत्रों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से उनका मानसिक विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया क कार्यदायी संस्था पैकफेड द्वारा निर्मित इस संप्रेक्षण गृह के भवन की सभी आवश्यक सुविधाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनमें क्लास रूम और लाइब्रेरी, काउंसिलिंग कक्ष, डायनिंग हॉल और किचन, प्राथमिक उपचार कक्ष, वर्कशॉप रूम, कार्यालय और स्टाफ आवास शामिल है और यहाँ 100 बच्चों की क्षमता है। जनपद रायबरेली के अलावा अन्य जिलों के 100 किशोर अपचारियों को आश्रय देने की तैयारी है। यह जिले का पहला संप्रेक्षण गृह होगा जहाँ एक ही छत के नीचे किशोर अपचारियों के जीवन को नई और सकारात्मक दिशा दी जाएगी।

## नगर क्षेत्र में निकाली गई इस शौर्यात्रा में

**रायबरेली।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए।प्रान्त सह मंत्री विवेक सिंह ने कहा कि गीता जयंती के अवसर पर बजरंग दल के द्वारा यह शौर्य यात्रा हमेशा निकाली जाती है यह शौर्य यात्रा पूरे अवध प्रांत के जिलों में आयोजित की जा रही है। इसमें हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता उत्साह और पूरे जोश के साथ इस यात्रा में शामिल होते हैं। और हिन्दुत्व एकता का संदेश देते हैं।जिला संयोजक विनोद मौर्य ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से हम हिंदुओं में जागृति प्रदान करते हैं। और धर्म विरोधी व संस्कृति विरोधी ताकतों से निपटने के लिए हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता हमेशा तैयार रहते हैं इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर जिला मंत्री धनंजय पाण्डेय जिला संगठन मंत्री हर्ष जी जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी विभाग सह संयोजक पंकज मिश्रा जिला सह मंत्री सनोरंजन जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश सिंह डीह संयोजक रवि सिंह नगर कार्य अध्यक्ष अतुलित वाजपेयी सतांव अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ,उपाध्यक्ष दीप सिंह।

# खाद्य निरीक्षक द्वारा जबरिया उगाही का मामला गंभीर

## व्यापारी नेता थाने पहुँचे, FIR दर्ज करने की मांग तेज

### तीन दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सरसौल क्षेत्र में खाद्य निरीक्षक पर जबरिया धन उगाही के आरोप लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। तीन दिन पूर्व आयुष जनरल स्टोर के संचालक राजेश गुप्ता ने ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और भुगतान स्क्रीनशॉट सहित ठोस साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक न तो आरोपी खाद्य निरीक्षक से पूछताछ की गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई है।

प्रशासन की इस चुप्पी से स्थानीय व्यापारियों में तीखा आक्रोश फैल गया है।* मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सरसौल विनोद विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, लालू, आयुष सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मंगलवार को थाने पहुँचे।

व्यापारी नेताओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आरोपी खाद्य निरीक्षक व्यापारियों को डराकर, धमकाकर और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध वसूली कर रहा है, जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। व्यापारी संगठन ने स्पष्ट आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज हुए तीन दिन बीत जाने के बावजूद कार्रवाई न होना यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं मामले को दबाने या कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन शांतिपूर्ण आंदोलन करने पर बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन का मौन रवैया गलत परंपरा को बढ़ावा देता है। जब अधिकारियों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती, तो ऐसे लोगों का साहस बढ़ता है, और व्यापारी वर्ग भय व दबाव में काम करने के लिए मजबूर हो जाता है।

### संगठन ने मांग की है कि आरोपी खाद्य निरीक्षक के विरुद्ध तत्काल निलंबन और निष्पक्ष जांच की कार्रवाई की जाए

इस बीच व्यापार मंडल के लगातार प्रयासों के बाद खाद्य निरीक्षक को एसीपी कार्यालय बुलाया गया, जहाँ थाना अध्यक्ष महाराजपुर ने करीब दो घंटे तक पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पूरी रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी और अनुमति मिलते ही मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी। संगठन ने अंत में सभी व्यापारियों से अपील की कि वे गुणवत्ता युक्त सामग्री बेचें, पक्का बिल जारी करें और गलत कार्यवाही के विरुद्ध बिना भय के संगठित होकर आवाज उठाएँ।

## कबड्डी चैंपियनशिन में सीतापुर की महिला टीम पहलीबार ले रही भाग

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। 52वीं उ प्र राज्य सीनियर महिला एवं पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप 2025-26 के लिये सीतापुर जनपद टीम का चयन तरणताल स्टेडियम सीतापुर में सम्पन्न हुआ सीतापुर जनपद के लिए ये गौरव की बात हैं उप्र कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में सीतापुर जनपद की टीम पहली बार प्रतिभाग करेगी सीतापुर जनपद में जिला कबड्डी एसोसिएशन नहीं होने के कारण कबड्डी खिलाड़ी अभी तक इस प्रकार की चैंपियनशिप जहां उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया जाता हैं प्रतिभाग नहीं कर पा रहे थे माह नवंबर में सीतापुर कबड्डी एसोसिएशन का गठन किया गया और उ प्र कबड्डी एसोसिएशन से 21 नवम्बर 2025 को मान्यता प्राप्त की चयनित टीम दिनांक 13 दिसंबर से आचार्य नरेंद्र कृषि यूनिवर्सिटी कुमारगंज अयोध्या में आयोजित चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी चयनित टीम को जिला कबड्डी एसोसिएशन सीतापुर के अध्यक्ष श्री हिमांक देडोगिया एवं सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन सीतापुर शराफत अली ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामिना की इस मौके पर उपस्थित जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा, अरुण नारायण कोच स्पोर्ट्स स्टेडियम सीतापुर, अजय रावत लक्ष्मी दीप वर्मा, सचिव वॉलीबॉल संघ सीतापुर शिव पाल बघेल आदि मौजूद रहे।

# रंजिश में घर फूंका, परिवार हुआ बेघर– पांच दिन बाद भी न्याय को तरस रहा पीड़ित परिवार

## नशे में युवक पर आगजनी का आरोप, अनाज-कपड़े-दस्तावेज सब स्वाहा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर थाना क्षेत्र गदनपुर आहार निवासी महिला उमा ने सहायक पुलिस आयुक्त से मामले की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पुरानी रंजिश के चलते हुई आगजनी की दिल दहला देने वाली घटना ने गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। घटना को पांच दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को न तो राहत मिली है और न ही अभी तक कोई ठोस कार्रवाई हुई है।पीड़िता उमा पत्नी कुंवर ने बताया कि घटना के समय वह अपने बच्चों के साथ घर में मौजूद थीं। आरोप है कि गांव का ही पूसे पुत्र भगवानदिन नशे की हालत में घर पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कथित तौर पर घर में आग लगा दी।आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते घर में रखा अनाज, कपड़े, बच्चों की किताबें, बिस्तर और जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गए। परिवार किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर निकला, लेकिन पूरा आशियाना पल भर में खाक हो गया।पीड़िता के अनुसार आग में बच्चों के खाने-पीने का सामान तक जल गया, जिससे मासूम बच्चों को दर-दर भटकने की नौबत आ गई है। गांव के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, पर तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था।ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी और पीड़ित परिवार के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था और यह घटना उसी रंजिश का नतीजा प्रतीत होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि घटना के तीन-चार दिन बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता उमा भावुक होकर कहती हैं– हमारा सब कुछ जल गयाज बच्चों का आज और कल दोनों छिन गए हैं। अब बस हमें न्याय चाहिए।÷इस संबंध में थाना प्रभारी बिल्हौर ने बताया कि उन्हें अब घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा, खाद्यान्न और रहने की व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है, ताकि बेघर हुए परिवार को राहत मिल सके।

# किसानों की आलू फसल नष्ट होने और गौशाला विवाद को लेकर उपजिलाधिकारी को दिए गए कई शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



तहसील बिल्हौर क्षेत्र में किसानों की आलू की फसल नष्ट होने तथा बिहारीपुर (गढ़ी) की गौशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को माखनपुरवा तथा बिहारीपुर गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी बिल्हौर को अलग-अलग शिकायती पत्र सौंपकर विधिक कार्रवाई की मांग की।

### दवा डालने के बाद किसानों की आलू की फसल बर्बाद

ग्राम माखनपुरवा के तीन किसानों विपिन कुमार, नरेन्द्र कुमार और महेन्द्र ने आरोप लगाया कि उन्होंने आलू के बीज को सोधित करने के लिए खजुरी कलां स्थित एग्री जंक्शन वन स्टॉप शॉप से दवाएँ खरीदी थीं। किसानों के अनुसार दवा डालने के बाद आलू का बीज बिल्कुल नहीं जमा,कंद काला पड़कर पूरी फसल नष्ट हो गई,कम्पनी के मैनेजरों द्वारा प्रतिदिन खेत पर आने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद कोई भी मौके पर नहीं पहुँचा।किसानों ने बताया कि इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि दोषी दवा कम्पनी तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

### बिहारीपुर (गढ़ी) गौशाला में अव्यवस्थाओं पर विवाद, प्रधानपुत्र व गौपालक पर लगे आरोप

इसी बीच ग्राम पंचायत बिहारीपुर (गढ़ी) के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र सौंपकर गौशाला में हो रही अनियमितताओं और उसके बाद फैले विवाद की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत पर उपजिलाधिकारी और पशु चिकित्सक की जांच में गौशाला में गायों की संख्या कम पाई गई, कई अव्यवस्थाएँ उजागर हुईं, ग्राम विकास अधिकारी पर लापरवाही की कार्रवाई भी की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के बाद दूसरे दिन प्रधानपुत्र मनीष उर्फ अंकित और गौपालक गयाप्रसाद उर्फ छोटे लोडर से बाहर से जानवर लाए। जब ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया तो वे लोग नाराज होकर पूरे गांव में शराब के नशे में गाली-गलौज और धमकी देते घूमते रहे।ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को बताया कि उन्हें धमकाया जा रहा है कि गौशाला के सभी जानवर छोड़कर पूरे गांव की फसल चरवा दी जाएगी, किसी को एक दाना घर नहीं ले जाने दिया जाएगा। इससे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों ने सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने मांग की है की गांव में फैले भय के माहौल को समाप्त करने, दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित कराने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए।

# बिल्हौर में प्रधानों का प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

## सैबसू गांव की प्रधान पर दर्ज एफआईआर को बताया राजनीतिक दुरुपयोग



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सैबसू गांव में विकास कार्यों को लेकर उठे विवाद ने सोमवार को बड़ा रूप ले लिया, जब क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान बिल्हौर ब्लॉक पहुंचकर बीडीओ नेम चन्द्र को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में सैबसू ग्राम प्रधान और अन्य पांच लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को पूरी तरह राजनीतिक षड्यंत्र बताया गया। प्रधानों का कहना है कि जिला अधिकारी के निर्देश पर हुई जांच में न तो ग्राम प्रधान का पक्ष सुना गया और न ही तथ्यात्मक रूप से जांच की गई। आरोप है कि 20 लाख रुपये से अधिक की रिकवरी थोपकर उन्हें अनावश्यक दबाव में लाने की कोशिश की जा रही है। आरोपित धाराओं को भी उन्होंने गलत बताते हुए कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य विकास कार्यों को कमजोर करना है। प्रधानों ने मांग की कि एफआईआर पर रोक लगाते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और दोबारा जांच कराई जाए। उनका कहना है कि ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को बिना पक्ष सुने दोषी ठहराना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष अजीत सिंह राजावत, राजकुमार भदौरिया, दयानंद त्रिवेदी, सौरभ कटियार, सुरेंद्र दिवाकर, बिपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, शाहमपुर कोट एवं नेवादा धमनू के प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# नपाप महमूदाबाद के ईओ व पटलबाबू को मिला चेतावनी पत्र

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



नगर पालिका परिषद महमूदाबाद का औचक निरीक्षण् के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका महमूदाबाद के ग्रान्ट रजिस्टर, चेक रजिस्टर, वन्दन योजना, कान्हा गौशाला, तालाब पोखर, अन्त्येष्टि स्थल जल निकासी, सेक्टर पेयजल, गृहकर एवं डिमाण्ड रजिस्टर आदि विभिन्न पटलों को देखा एवं आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन किया। अधिशासी अधिकारी को चेतावनी पत्र निर्गत करने के साथ प्रतिलिपि जॉइंट डायरेक्टर को करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण-पत्र के आवेदनकर्ता से वार्ता की। उन्होंने जनसुनवाई एवं आई0जी0आर0एस0 रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जलकल प्रभाव पत्रावली एवं पट्टा आदि पटल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रजिस्टर अद्यतन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार हेतु एक माह का समय दिया। उन्होंने दस्तावेजों के रख-रखाव को सही ढंग से न रखने पर पटल बाबू को चेतावनी पत्र निर्गत करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने संकटा देवी मंदिर एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों को देखा एवं संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मानक के अनुरूप एवं ससमय ढंग से सभी कार्यों को पूर्ण किया जाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

### डीएम ने किया चीनी मिल महमूदाबाद का निरीक्षण

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने किसान सहकारी समिति चीनी मिल महमूदाबाद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर कार्यप्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। जिलाधिकारी ने किसानों से वार्ता करते हुये पर्ची के बारे में जानकारी ली।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गन्ना तौल का कार्य मानकों के अनुसार पूरी शुद्धता के साथ किया जाये।

तौल कराने हेतु आए किसानों को मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। किसानों को मानक के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध प्लाटिंगों पर गर्जा प्रशासन का पीला पंजा

## सूत्रो का दावा बड़ी सूज बूझ के साथ बनाई गई थी रणनीति

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

विज्ञप्ति और नोटसे जारी कर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से पहले ही संकेत मिल गया था कि अवैध कालोनियों और प्लाटिंगों पर सख्त कदम उठाये जा सकते है। बन रही कालोनियों और प्लाटिंगों की जांच हुई जिसमें दावा किया गया था कि खैराबाद की चंद्रा और नगर की वृन्दावन कालानी पूरी तरह से नियमानुसार है अन्य सभी कालोनिंया अवैध है। यह कथित भूमाफिया सरकारी जमीनो पर कब्जा कर दंत फंद करके प्लांटिग करने लगते है। ऐसे हालातों में जो व्यक्ति इन अवैध प्लाटिंगों को खरीदेगा वह भी परेशान हो सकता है। लगातार बढ़ती अवैध प्लाटिंगों की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा इस बार अवैध प्लाटिंगो का कारोबार समाप्त करने के लिये बड़ी रणनीति बना बनाकर कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी क्रम में विकास खण्ड खैराबाद की ग्रामसभा विशुनगर में तारासिटी में हो रही अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का पीला पंजा गरजने लगा है। इसके आलावा इसी ग्रामसभा के मजरे मुबारकपुर में खलिहान की जमीन पर पीला पंजा गरज के साथ अपना काम कर सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने लगा है। गौरतलब यह भी है कि ब्लाक खैराबाद की ग्रामसभा मुलाहिमपुर में बांप माप कार्यालय के पास एक प्लाटिंग की जा रही है। इस प्लाटिंग के बारे में बताया जा रहा है कि यह प्लाटिंग बिना नक्शे के की जा रही है सूत्रो द्वारा दावा किया जा रहा है इस प्लाटिंग में एक बड़ा भाग ग्रामसभा की जमीन का भी हो उस पर कब्जा कर उसकी भी प्लाटिग की जा रही है। इस प्लाटिंग सहित अन्य प्लाटिंगों की जानकारी जिला प्रशासन को हो चुकी है इस कारण जिला प्रशासन ने हो रही प्लाटिंगो पर बुलडोजर चलवाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# मण्डी गेट पहुंचकर एसडीएम ने श्रमिको/ कर्मचारियों का लिया ज्ञापन मांगो को पूर्ण किये जाने का दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पिछले करीब पांच दिनों से अपनी मांगो को लेकर पेपर मिल के श्रमिक/ कर्मचारियों द्वारा मिट गेट पर ही धरना दिया जा रहा है। आज श्रमिको/ कर्मचारियों ने अपने आन्दोलन को धार देते देते करीब ढाई सौ श्रमिक और कर्मचारियों का जत्था जिाधिकारी कार्यालय की ओर रूख कर गया। इस श्रमिको / कर्मचारियों के जत्थे पर संभालने और कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के लिये रामकोट तथा कोतवाली नगर पुलिस को काफी मसक्कत करनी पड़ी। इसके साथ ही स्थित को समझते हुए एसडीएम सदर मण्डी गेट पर जाकर श्रमिको/ कर्मचारियों से ज्ञापन लेते हुए मांग को पूरा करने का आश्वास दिया। कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 6 नवम्बर 2025 को एक मांगपत्र/ऐजण्डा प्रतिष्ठा के प्रशासक व महा प्रबन्धक को दिया गया जिसमें कार्यरत समस्त कर्मचारियों को दो माह अक्टूबर व नवम्बर का बकाया वेतन ग्रेज्युएटी व छः माह का मुआवजा वेतन का भुगतान करने हेतु धरना प्रदर्शन आज से प्रारम्भ किया गया है। श्रमिको ने यह भी अवगत कराया कि नई प्रबन्धक कमेटी के गठन के बाद पुनः दो माह बीत चुके है लेकिन श्रमिको / कर्मचारियों को अभी तक वेतन भुगतान नही दिया गया है न ही मिल समिति के द्वारा कोई स्थाई दिशा निर्देश दिये जा रहे है जिससे जहां एक तरफ हमारा भविष्य अंधकार मय है वही दूसरी तरफ हमारे परिवार में आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। यह विशाल धरना प्रदर्शन जारी किया गया है जो कि अनवरत चैबिसों घण्टे चलता रहेगा। उक्त अवसर पर धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, लल्लन सिंह, रामदीन, अरूण यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, शत्रोहन लाल अनुज श्रीवास्तव, अतुल शुक्ला, आदि लगभग ढाई सौ श्रमिक/ कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिल प्रबन्ध समिति पर दर्ज हो चुका है केस

मिल श्रमिको/ कर्मचारियों का आन्दोलन उग्र होता जा रहा है क्योकि वेतन न मिलने से इन सबसे सामने दो वक्त की रोटी का संकट भी छाने लगा है तो उधर जिला प्रशासन ने कानून कार्यवाही करते हुए मिल प्रबन्धन समिति के विरूद्ध केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है।

### आन्दोलनकारी श्रमिक/ कर्मचारियों को मिला किसान संगठनों का समर्थन

श्रमिको/ किसानों द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन को किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू तथा किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने अपने समर्थन देते हुए कहा कि श्रमिको और कर्मचारियों को वेतन मिल प्रबन्धरन को अब दे देना चाहिए। क्योकि जो भी श्रमिक व कर्मचारी कार्य पर लगे हुए है वेतन न मिलने से उनके घर रोजी रोटी का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। दोनो नेताओं ने कहा कि मिल के श्रमिक व कर्मचारियों को हर हाल में वेतन दिलाकर उनके साथ इंसाफ कराया जायेगा।

## मिश्रिख में पंजाब नेशनल बैंक शाखा का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। स्थानीय क्षेत्र में सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख आंचल मृत्युंजय, मंडल प्रमुख संजीव कुमार झा, उप मंडल प्रमुख आशुतोष शर्मा, शाखा प्रमुख आदित्य श्रीवास्तव तथा प्रबंधक श्री कृष्णा द्वारा लाला लाजपत राय व सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया ।उद्घाटन समारोह में मंडल प्रमुख संजीव कुमार झा ने उपस्थित किसानों एवं ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा किसानों के लिए कई लाभकारी स्कीमें चलायी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बैंक की सुविधाएं अन्य बैंकों की तुलना में अधिक सरल व सुलभ हैं, जिनका लाभ हर ग्राहक को मिल सकेगा ।प्रमुख आंचल मृत्युंजय ने कहा कि शाखा किसी एक सीमित क्षेत्र के लिए नहीं है ।उन्होंने कहा किकृ 卐हम 25 किलोमीटर की सीमा से बाहर के किसानों को भी सरकार की योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराएँगे। डेरी, बकरी पालन, गोपालन, धान मिल सहित विभिन्न कृषि एवं लघु उद्योग योजनाओं पर 25 से 35 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है, जिसका सीधा लाभ किसानों को दिया जाएगा ।卐उद्घाटन समारोह में महादधीचि तीर्थ के देवानंद गिरी महाराज, प्रधान पवन मिश्रा पतोजा, एड. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'सभासद', सिद्धार्थ सक्सेना, विकास अनाधि, कलश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राजाकालेज मैदान से लालकपड़ा कोटी तक नजूल भूमि कब्जा?

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। राजाकालेज मैदान के सामने से लेकर लालकपड़ा कोठी और लालकपड़ा कोठी से हनुमान मंदिर तक जितने भी प्रतिष्ठान और व्यवसायिक भवन है उनके अधिकांश प्रतिष्ठानों के पास पार्किंग नही है वाहनों को सड़क पर खड़ा कर ग्राहक खरीददारी कर रहे है ऐसे हालातों में सड़क पर जाम लगी रहती है। गलती व्यापारियों की और उनके भवन की लेकिर इसका खामियाजा भुगत रहे ई रिक्शा चालक। जिम्मेदारों ने रिक्शा चालको को ढोसल समझ रखा है जो भी आता है बजा कर चला जाता है कभी एलाउन्स किया जाने लगता है। अगर जो व्यापारिक भवन अवैध रूप से नजूल की भूमि तथा नाले की भूमि पर बने है अगर ईमानदारी के साथ उन पर कार्यवाही कर दी जाये तो ईरिक्शा चालको के से लेकर अन्य वाहनों के लिये पार्किंग से लेकरे स्टापेज सभी कुछ बन सकता है और जाम का नामो निशान मिट जायेगा। लेकिन प्रशासन का पीला पंजा तो केवल गरीबों के झोपड़ियो पर चलता है और वाहवाही लूटी जाती है।

### लापता युवक का शव, बरामद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। देर रात से लापता युवक का शव सुबह ओवरब्रिज के पास पड़ा मिला। लोगों ने देखा तो रुक गए। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करके जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना महोली कोतवाली क्षेत्र के कुसैला ओवरब्रिज के पास की है। आजाद नगर निवासी सौरभ (22) रविवार की रात से लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह उसका शव ओवरब्रिज के पास मिला। सीओ नागेंद्र चैबे ने बताया कि परिजनों से बात करके आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक की डूबकर मौत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। महराजनगर–मानपुर मार्गएक बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कामापुर निवासी संजय (45) एक प्रिटिंग प्रेस में काम करते थे। वह रात में बिसवां से खाद की दो बोरियां बाइक पर लादकर गांव जा रहे थे। तभी महराजनगर मानपुर मार्ग पर महाराजनगर से दो किलोमीटर की दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। खड्ड में पानी भरा था। संजय बाइक के नीचे दब गए। बोरियों का भार अधिक होने के कारण वह निकल नहीं पाए। इस कारण डूबने से उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि संजय के दो पुत्र व एक पुत्री है।

### तीन लोग जख्मी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। अटरिया के मनवा–अतरौली मार्ग स्थित भटपुर पुल पर बाइक व कार की टक्कर हो गई। भटपुर निवासी तुलसी अपनी पत्नी प्रीती व हरदोई के पुवायां निवासी रामदेवी के साथ अपनी ससुराल जा रहे थे। सामने से आ रही कार उनकी बाइक से टकरा गई। हादसे में तीनों बाइक सवार जख्मी हो गई। घायलों को हिंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। कोतवाली देहात इलाके में बिजवार स्थित ओवरब्रिज परएक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। लखीमपुर खीरी के मुन्नूगंज गोला निवासी दुर्गेश (28) की बाइक अनियंत्रित होकर बिजवार ओवब्रिज पर बने डिवाइडर से टकरा गई थी। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि यूपी 112 पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पीट पीटकार मार डालने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। थानगांव के वैन सोहलिया ग्रामसभा लोनियनपुरावा मजरा निवासी पूनम देवी (26) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पिटाई से मौत होने का आरोप लगाया है। वहीं ससुरालीजनों के अनुसार पूनम काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनका उपचार सीएचसी से चल रहा था। चिकित्सकों ने उनके फेफड़े में पानी होने के साथ अन्य गंभीर बीमारियां बताई थीं। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि दस साल पहले महिला का विवाह हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पिसावां की विशालकाय ग्राम पंचायत में विशाल ने किया विशाल घोटाला

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पिसावां। विकास खण्ड पिसावां में सचिवो व प्रधानों के घोटालो के सामने विकास कार्य दम तोड़ रहे है,सचिवो के द्वारा जारी आदेशो को दरकिनार कर सरकारी खजाने से प्रधानों व प्रधान परिजनों के खाते में भुगतान कर सरकारी धन की लूट की का रही है, विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में हो रहे घोटालो में जिम्मेदारों की भी स्थिति संदिग्ध मानी जा रही है क्योंकि लगातार फर्जीवाडे उजागर होने के बाद भी जिम्मेदारों ने कोई ठोस कदम नही उठाये है जिससे कि सचिव फर्जीवाड़ा करने से पहले एक बार सोचने पर मजबूर हो की कही उनको की कार्यवाही की जद में न आना पड जाए वही सूत्र यह भी बताते है कि पंचायत राज मुख्यायल से लेकर ब्लॉक तक पर बैठे जिम्मेदार फर्जीवाड़े को बढ़ावा दे रहे है समाचार पत्रों व शिकायतो के माध्यम से घोटाले उजागर होने म बाद जिम्मेदार सम्बन्धितों को नोटिस जारी कर जवाब तो मांगा जाता है लेकिन जवाब के बदले कार्यवाही नही की जाती है क्योंकि नोटिस के जवाब के साथ ही भ्रष्टाचारी एक पैकेट और भी लेकर जाते है उस पैकेट के वजन के भार से जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से मुँह मोड़ कर मामले को रफा दफा करने में जुट जाते है। बताते चले की विकास खण्ड पिसावां में लगातार सचिवो के द्वारा फर्जीवाडा कर सरकारी धन का दुरूपयोग कर रहे है इसीप्रकार का एक मामला विकास खण्ड की विशालकाय ग्राम पंचायत बीहट गौर में देखने को मिला जन्हा पर सचिव के द्वारा प्रधान विशाल गौतम के खाते में मानदेय के अतिरिक्त लाखो का भुगतान कर बहुत ही विशाल घोटाला किया गया है, सचिव ने प्रधान विशाल गौतम के खाते में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, नाली निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण, प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण कार्य, हैण्डपम्प मरम्मतध्रिबोर आदि कार्यो की सामग्री व मजूदरी के नाम पर लगभग 17 लाख से अधिक का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया है, सचिव ने प्रधान के खाते में वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 10 लाख 90 हजार 9 सौ 64 रुपये का भुगतान व वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 6 लाख 24 हजार 3 सौ 05 रूपये का भुगतान व वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 56 हजार 9 सौ 50 रूपये का भुगतान कर घोटाला किया है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 विश्व-ओलंपिक : अवसर, जोखिम और भविष्य

**वर्ष 2030 का आयोजन भारत के लिए पूर्ण स्तर वाला अभ्यास सिद्ध हो सकता है, जिसमें न केवल खेल प्रबंधन बल्कि सम्पूर्ण शासन प्रणाली की परीक्षा होगी। इसके अतिरिक्त, शहरी प्रशासन को सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। कोई भी विशाल खेल आयोजन केवल खेल-स्थल और खिलाड़ियों के निवास-स्थल तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे नगर के परिवहन, मार्ग-संरचना, हवाई अड्डों की क्षमता, स्वच्छता प्रणाली, जल प्रबंधन, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारी, भीड़ नियंत्रण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग का तनाव परीक्षण बन जाता है। संभावित मेजबान नगर—दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई या किसी बहु-नगर मॉडल—सभी पर भारी तैयारी का दबाव होगा।**

*सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सन 2036 के विश्व-ओलंपिक प्रस्ताव का निर्णायक 'अग्रदूत' हैं। यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक-शक्ति (सॉफ्ट पावर) को नई ऊँचाई दे सकता है, परन्तु किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कमी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकती है। विशाल खेल आयोजन किसी भी राष्ट्र के लिए मात्र खेल-प्रतियोगिताएँ नहीं होते, बल्कि वे उस देश की राजनैतिक इच्छा-शक्ति, आर्थिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक परिपक्वता का सार्वजनिक प्रदर्शन भी होते हैं। आधुनिक समय में खेल कूटनीति एक प्रकार की सांस्कृतिक-शक्ति बन चुकी है—ऐसी शक्ति जो बिना किसी सैन्य बल के, विश्व समुदाय को अपने अनुकूल प्रभावित कर सकती है। भारत लंबे समय से विश्व-स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा के विविध आयामों को सुदृढ़ करने का प्रयास करता आया है, और सन 2036 के विश्व-ओलंपिक आयोजन की महत्वाकांक्षा इसी दिशा का अगला स्वाभाविक चरण है। परंतु ओलंपिक जैसे विराट आयोजन से पहले सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी को भारत एक प्रकार के 'पूर्वाभ्यास', 'पूर्व-ओलंपिक नमूने' और 'वैश्विक विश्वास की परीक्षा' के रूप में देख रहा है। यह रणनीति जितनी आकर्षक संभावनाएँ प्रदान करती है, उतनी ही गंभीर आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र में इस प्रकार के आयोजनों की तैयारी केवल खेल मंत्रालय का नहीं बल्कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, नगर निकायों, सुरक्षा संस्थाओं, निजी क्षेत्र, तकनीकी विशेषज्ञों, खेल संघों और व्यापक समाज- सभी का संयुक्त प्रयास मांगती है। यदि भारत 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को सफलतापूर्वक आयोजित कर लेता है, तो यह विश्व स्तर पर यह संदेश जाएगा कि देश 2036 के विश्व-ओलंपिक जैसे महाकाय आयोजन को संभालने में सक्षम है। यही कारण है कि यह आयोजन भारत की विश्वसनीयता के लिए एक निर्णायक पड़ाव साबित हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी प्रेरणा सांस्कृतिक-शक्ति को सुदृढ़ करना है। आज वैश्विक राजनीति में खेल आयोजन एक सांस्कृतिक उत्सव से आगे बढ़कर राष्ट्र की क्षमताओं की खुली परीक्षा बन चुके हैं। राष्ट्र अपनी तकनीकी दक्षता, शहर-प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, सामाजिक समावेशन, पर्यावरण-जागरूकता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का विश्व मंच पर प्रदर्शन करते हैं। भारत यदि सन 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों को उच्च स्तर पर सम्पन्न करता है, तो यह निःसंदेह भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई प्रदान करेगा। किन्तु इस प्रतिष्ठा की कीमत क्या होगी? यह वह कठिन प्रश्न है जिसे अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। विशाल खेल आयोजनों का सबसे विवादास्पद पहलू उनकी भारी आर्थिक लागत है। सन 2010 के राष्ट्रमंडल खेल अभी तक भारत की प्रशासनिक छवि पर एक दाग की तरह मौजूद है- अत्यधिक खर्च, भ्रष्टाचार, समय पर कार्य न होना और आयोजन स्थल की कमजोर गुणवत्ता ने भारत की छवि को काफी प्रभावित किया था। यदि वर्ष 2030 में फिर ऐसी ही कोई कमी सामने आती है, तो 2036 विश्व-ओलंपिक का सपना लगभग असंभव हो सकता है। इसलिए आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता, बहु-स्तरीय जाँच, और जवाबदेही-व्यवस्था को आज से ही प्राथमिकता देनी होगी। इस सबके साथ-साथ 2030 का आयोजन भारत के लिए एक प्रयोगशाला भी सिद्ध हो सकता है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वह प्रदेश हित में प्रभावी और परिणामकारी है। उनकी कार्यशैली ने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, नीतिगत स्पष्टता और जमीनी क्रियान्वयन इन तीन स्तंभों पर आधारित नेतृत्व किसी भी राज्य की दिशा और दशा बदल सकता है। भाजपा का उन पर भरोसा वाकई प्रदेश के हित में ठहरा है। अत: आज मप्र जिस औद्योगिक और आर्थिक गति से आगे बढ़ रहा है, वह बताता है कि आने वाले वर्षों में यह राज्य निवेश, उद्योग, रोजगार और समग्र विकास का ऐसा केंद्र बन जाएगा, जिसकी कल्पना कुछ दशक पहले कठिन थी। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने यह साबित किया है कि नई ऊर्जा, नई सोच और नई नीति के साथ परिवर्तन अवश्यंभावी है।**

# मध्य प्रदेश में औद्योगिक उछाल और नई आर्थिक दृष्टि



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**प्रदेश की युवा शक्ति को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। स्किल पार्कों का निर्माण, आईटी और सेवाक्षेत्र पर जोर, और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने की नीतियाँ इस सोच का हिस्सा हैं। इसीलिए ही इन दो वर्षों में मध्यप्रदेश में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ी है और निवेशकों की रुचि भी बढ़ी है जो इस नीति की सफलता का प्रमाण है। वहीं, इन सभी उपलब्धियों के बाद भी चुनौतियाँ कुछ कम नहीं हैं।**

13 दिसंबर 2023 को जब डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब प्रदेश एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता अरसे से ऐसी नेतृत्वशक्ति की प्रतीक्षा में थी जो विकास को स्थायी नीति और जमीन पर दिखने वाले परिवर्तन के रूप में स्थापित करे। भाजपा ने उस समय जो निर्णय लिया, वह आज दो वर्षों बाद अधिक सार्थक प्रतीत होता है। मुख्यमंत्री के तौर पर डॉ. यादव ने यह प्रमाणित किया है कि मजबूत इच्छाशक्ति, निर्णायक प्रशासन और विकास के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता हो तब परिवर्तन अनिवार्य रूप से संभव हो जाता है। लोककल्याणकारी राज्य की जो परिकल्पना भारतीय राजनीति का मार्गदर्शक रही है, उसे वास्तविक अर्थों में मूर्त रूप देने की दिशा में इन दो वर्षों में मध्य प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। डॉ. मोहन यादव ने सत्ता संभालते ही प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह स्पष्ट है कि वे आर्थिक स्फूर्ति को राज्य की नई पहचान बनाना चाहते हैं। सरकार के शुरुआती दिनों में ही जिस तेजी से कदम उठाए गए, उसने निवेशकों और उद्योग जगत में नया विश्वास पैदा किया। सत्ता संभालने के मात्र छह महीनों के भीतर केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना के लिए त्रिपक्षीय समझौता सम्पन्न करना यह साबित करता है कि सरकार इरादे में भी स्पष्ट थी और कार्यशैली में भी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में बुंदेलखंड जैसे अति पिछड़े और सूखा प्रभावित क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विकास के नए मॉडल का सबसे बड़ा संकेत वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसके तहत सेहोर जिले की आष्टा तहसील में लगभग 60,000 करोड़ रुपये की एथेन क्रैकर परियोजना को मंजूरी दी गई। यह मध्य प्रदेश के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। वहीं, पूरे देश के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी महत्वपूर्ण ठहरती है। इस परियोजना से रोजगार के हजारों अवसर निर्मित होंगे, साथ ही प्रदेश को औद्योगिक मानचित्र पर एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी यह बड़ा कदम है। यह परियोजना संकेत देती है कि सरकार छोटे निवेशों के साथ ही उच्च-स्तरीय औद्योगीकरण को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ रही है। इन दो वर्षों में सरकार ने नीति निर्माण को भी एक सतत प्रक्रिया की तरह व्यवस्थित किया। वर्ष 2025 में औद्योगिक संवर्धन नीति का नया संस्करण लागू किया गया, जिसने निवेशकों को अनेक सुविधाएं दीं, उन्हें यह भरोसा दिलाया कि मप्र अब प्रतिस्पर्धी राज्यों की कतार में मजबूती से खड़ा है। टेक्सटाइल, फार्मा, बायोटेक, ईवी, रक्षा उद्योग जैसे आधुनिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियाँ इसी सोच का परिणाम है। साथ ही मोहन सरकार ने नीतियों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार किया, अनुमति प्रणाली को सरल बनाया और निवेशकों के लिए सिंगल विंडो प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया है। इस दौरान राज्य में औद्योगिक भूमि आवंटन को भी पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और तेज बनाया गया। औद्योगिक पार्कों का विस्तार, स्किल पार्कों की स्थापना, क्लस्टर विकास और परिवहन-सुविधाओं का आधुनिकीकरण इन सभी पर समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. मोहन यादव कई अवसरों पर कहते भी दिखे हैं कि औद्योगिक विकास केवल पूंजी निवेश से नहीं होता; उसके लिए अनुकूल वातावरण, त्वरित प्रशासनिक समर्थन और मानव संसाधन की उपलब्धता भी उतनी ही आवश्यक होती है। यही कारण भी है जो आज मप्र एमएसएमई क्षेत्र में भी इन दो वर्षों में नीति-सुधार और सरकारी समर्थन से नई गति पकड़ता दिखाई देता है। कहना होगा कि लघु और मध्यम उद्योग रोजगार सृजन का प्रमुख आधार हैं, यह ग्रामीण-शहरी आर्थिक संतुलन के भी महत्वपूर्ण वाहक हैं। सरकार ने इन उद्योगों को ब्याज छूट, कर-रियायत, सब्सिडी और सरल प्रक्रियाओं का लाभ देकर यह सुनिश्चित किया कि वे वैश्विक और राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकें। टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन मिलने से बड़ी संख्या में युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। फिर औद्योगिक विकास तभी स्थायी हो सकता है जब उसकी रीढ़ मजबूत आधारभूत संरचना हो। अब इस दृष्टि से देखें तो प्रदेश सरकार ने सड़क, बिजली, जल और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। बिजली कटौती में कमी, नई उपस्टेशन इकाइयों की स्थापना, औद्योगिक क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था, और नई सड़कों-पुलों का निर्माण इन सबने मिलकर विकास को गति देने में अहम योगदान दिया है। साथ ही, डिजिटल गवर्नेंस के स्तर पर भी अभूतपूर्व सुधार किए गए हैं। सरकारी पोर्टलों का विस्तार, ऑनलाइन सेवाओं की बढ़ोतरी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाले तकनीकी उपायों ने निवेशकों के लिए एक सहज, भरोसेमंद वातावरण तैयार किया है। डॉ. मोहन यादव की सरकार का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि उन्होंने विकास को केवल उद्योग और पूंजी निवेश तक सीमित नहीं रखा। कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी विकास के लिए स्पष्ट रणनीतियाँ अपनाई गईं। किसान-हितैषी निर्णय, समर्थन मूल्य नीति में सुधार, सिंचाई विस्तार, जैविक कृषि को बढ़ावा, और सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता बढ़ाने जैसे प्रयासों ने प्रदेश की आर्थिक संरचना को अधिक व्यापक और स्थाई बनाया है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और इसकी आधारभूत संरचना को मजबूत करने से रोजगार और स्थानीय आय में वृद्धि की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। प्रदेश की युवा शक्ति को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। स्किल पार्कों का निर्माण, आईटी और सेवाक्षेत्र पर जोर, और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने की नीतियाँ इस सोच का हिस्सा हैं। इसीलिए ही इन दो वर्षों में मध्यप्रदेश में स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ी है और निवेशकों की रुचि भी बढ़ी है जो इस नीति की सफलता का प्रमाण है। वहीं, इन सभी उपलब्धियों के बाद भी चुनौतियाँ कुछ कम नहीं हैं। यहां अच्छा यह है कि सरकार ने उन चुनौतियों को पहचाना है, उनके समाधान की दिशा में योजनाएं बनाकर कार्य किया जा रहा है जो राज्य की अर्थव्यवस्था को उन्नति की दिशा में लगातार अग्रसर करने का आज मुख्य कारण है।



**औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। वहीं, पूरे देश के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी महत्वपूर्ण ठहरती है। इस परियोजना से रोजगार के हजारों अवसर निर्मित होंगे, साथ ही प्रदेश को औद्योगिक मानचित्र पर एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी यह बड़ा कदम है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पचंमी 02:28 तक |
| नक्षत्रः | अश्लेशा 02:22 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | इन्द्र, 02:33 |
| सूर्योदयः | 07:02 |
| सूर्यास्तः | 17:25 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 02:49-04:07 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:53-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में बच्चों को जायफल चटाने से मिलते हैं कई फायदे

**सर्दियों** का मौसम शुरू होते ही बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बच्चों का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर होता है, जिस कारण सर्दी-जुकाम, बुखार, और जल्दी ठंड लगने की समस्या बढ़ जाती है। सर्दियों में बच्चों को ठंड से बचाने के लिए पेरेंट्स कई तरह के घरेलू उपायों को अपनाते हैं। आयुर्वेद में भी कई ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बताया गया है, जिसके सेवन से बच्चों को सर्दी में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने और इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद मिल सकती है। इन्हीं जड़ी-बूटियों में जायफल भी शामिल है। जायफल एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है।

**सर्दियों में बच्चों के लिए जायफल के फायदे:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा के अनुसार, जायफल स्वाद और खुशबू में अच्छा होने के साथ-साथ कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है, जो बच्चों को सर्दी में होने वाली समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करती है। सर्दियों में बच्चों को जायफल चटाने के ये फायदे हो सकते हैं-

**छींक कम आएंगी:** सर्दियों में तापमान कम होने के कारण बच्चों को बार-बार छींक आना नॉर्मल होती है। जायफल



की तासीर गर्म होती है और यह शरीर में जमी ठंड को कम करने में मदद करती है। जायफल एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-एलर्जिक गुणों से भरपूर होती है, जो बच्चों की नाक में होने वाली जलन और सूजन को कम करने में मदद करता है। अगर बच्चों को सर्दियों में रोजाना रात में थोड़ी मात्रा में जायफल चूर्ण गर्म दूध में मिलाकर दिया जाए तो नाक बहना और लगातार छींक आना काफी हद तक कम हो सकता है। यह शरीर को अंदर से गर्म करके आपको आराम दिलाने में मदद करता है।

**जुकाम से राहत:** सर्दियों में बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। सर्दी-जुकाम होना काफी आम होता है। ऐसे में जायफल में मौजूद गुण कंजेशन यानी बंद नाक को खोलने में मदद करता है। यह बलगम को ढीला करने और सांस लेने में आसानी होती है। जायफल का सेवन बच्चों के इम्यूनिटी को बढ़ाकर उन्हें बार-बार होने वाले वायरल इंफेक्शन से राहत दिलाने में मदद करती है। इसलिए, सर्दियों में नेचुरल दवा के रूप में जायफल दे सकते हैं, जो जल्दी सर्दी-जुकाम से राहत मिल सकती है।

**ठंड कम लगती है:** जायफल के सबसे बड़े गुणों में से एक यह है कि शरीर को गर्म रखने में मदद करता है। सर्दियों में छोटे बच्चों का शरीर ठंड जल्दी पकड़ लेता है, जिससे वे सुस्त हो जाते हैं और बार-बार बीमार पड़ जाते हैं। जायफल में ऐसे गुण होते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं और शरीर के तापमान को कंट्रोल करते हैं। इसका हल्का गर्म प्रभाव बच्चों के शरीर को अंदर के ठंड को कम करता है, जिससे बच्चे ज्यादा एक्टिव महसूस करते हैं और ठंड से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है:** बच्चों का इम्यून सिस्टम काफी कमजोर होता है, इसलिए, सर्दियों में बच्चे बार-बार बीमार पड़ जाते हैं। जायफल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते है, जो शरीर में फ्री-रेडिकल्स से लड़कर बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# बनारस के साथ पान इंदौर की भी सांस्कृतिक पहिचान



नरेंद्र तिवारी

**इंदौर शहर में करणावत की 45 से अधिक दुकाने संचालित है। इन्होने पान के साथ अब भोजन प्रसादी के भी आउट लेट खोले है जो 80 से 100 रू में भोजन कराते। पान के साथ भोजन प्रसादी करणावत परिवार कि सेवा गतिविधि कही जा सकती है।**

**भारत** में पान के सेवन का पुराना प्रचलन है। आधुनिक होते समाज में पान परिवारों से जुदा होकर पान की आधुनिक रुप से सजीधजी पान (दुकानो) शाप पर मिलने लगे है। याद करो तो स्मृति के पटल पर नानी-दादी की पान की टोकरी घूमती दिखाई देती है, जिसमे गीले कपडे में बंधे पान के पत्ते, लोंग, इलायची, सूखा कत्था, चुना, सुपारी और सरोता रखा होता था। यह नानी-दादी की सबसे कीमती टोकरी होती थी। इस टोकरी से छेड़छाड़ नाफ़रमानी समझी जाती थी, पान की टोकरी से छेड़छाड़ करने पर आपको नानी-दादी का कोपभाजन भी बनना पड़ता था। कुलमिलाकर कहे तो खानदानी परिवारों में चाय के बाद पान पर ही लम्बी चर्चा होती थी। पान बनाते हुए गाँव, खेत, खलियान से जुडी बातें, देश की राजनीति से जुडी सामयिक चर्चाए नाना-नानी, दादा-दादी से जुडी पुरानी बाते, मुंह के एक और पान का बीड़ा दबाए कही जाती थी। पान केवल लबों की शान ही नही, यह स्वादिष्ट जायका है। जिसके सेवन से शरीर में स्फूर्ति आती है। दिमाग़ तरोंताज़ा हो जाता है। वैसे हर गांव, शहर, महानगर में चाय की दुकान, हेयर सेलून के बाद या पहले सार्वजनिक चर्चा और जानकारी के केंद्र यह पान की दुकान ही मानें जाते है। इसे वर्तमान समय का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की पान की दुकान के नाम पर नुकसान दायक पाउच जर्दा एवं सिगरेट की दूकानों की भरमार हो गयी है। जबकि पान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसका सेवन भोजन के उपरांत करने से हाजमा ठीक रहता है। भारत में पान कल्चर सदियों से प्रचलित है। यहां तो पान के पत्ते भी बांग्ला, मद्रास, बनारसी, कपुरी, सोहागपुरी, रामटेकी, महोवा जैसे क्षेत्रीय नामो से होते है। पान हमारी संस्कृति के ताने-बाने में कुछ इस तरह रचा बसा है की इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह सर्वमान्य और चिकित्सकीय सत्य है की पान सेहत के लिए रामबाण है। सेहत के लिए बेहतरीन पान संस्कृत के शब्द पर्ण से लिया गया है, जिसका मतलब पत्ता होता है। पान का जिक्र पौराणिक कथाओ के साथ आयुर्वेदिक औषधि के रुप में भी किया जाता है। पान का आकार मानव के दिल के आकार का होता है। इसका सेवन दिलो को जोड़ने, दिलो को खुश करने एवं दिल की बाते लबो पर लाने के लिए किया जाता है। निमाड़ की ग्रामीण संस्कृति में लगने वाले पाराम्परिक मेलों में पान का बड़ा महत्व है। यहां आकर्षक कलरफुल मसालो से भरा पान खाकर ग्रामीण महिला-पुरुष ख़ुशी एवं आनंद से भर जाते है। पान का भारतीय संस्कृति में महत्व का परिणाम ही है की पान से जुड़े गाने फ़िल्मी परदे का हिस्सा बन सके। बॉलीवुड में पान को लेकर बने यादगार गानों में अव्वल नम्बर पर वर्ष 1978 में निर्मित फ़िल्म डान का गीत जिसे सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने गाया था। 'खाई के पान बनारस वाला' जिसकी शूटिंग के दौरान अधिक पान खाने से अमिताभ के मुंह में छाले हो गए थे। पान चबाते चबाते उनका मुंह जल गया था। पान से जुड़े चर्चित नगमों में 'पान खाए सैया हमारे, सावली सुरतिया होंठ लाल-लाल' फ़िल्म शोले, 'चली आना तू पान की दुकान पर साढ़े तीन बजे' फ़िल्म आज का अर्जुन शामिल है। ये नग्मे अक्सर पान की रंगीन संस्कृति और उसकी मिठास को गीत के बोलो में बुनते है। इन गानों में पान को न सिर्फ एक जायके के रुप में, बल्कि भावनाओं और माहौल को रंगने वाले प्रतिक के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। भारत के सांस्कृतिक केंद्र इतिहास, संस्कृति एवं पर्यटन के संगम स्थल बनारस में पान का महत्व बहुत अधिक है जिसका कारण वेदों पुराणों में वाराणसी को पान का भंडार कहा गया है। काशी के राजाओ ने पान को राज सजावट और अतिथि सत्कार का हिस्सा बनाया जिसमे यह धीरे-धीरे शहर की पहिचान बन गया। एमपी का शहर इंदौर भी पान के बेहतरीन जायके के रुप में अपनी पहिचान रखता है। इस शहर में हर चौराहे पर पान कि सजी धजी दुकाने स्थित है।

**यह पान के बड़े एवं पुराने व्यवसाई मानें जाते है। जिनके परिवार को होल्कर राज परिवार द्वारा सरकारी तंबोली का तमका दिया गया था। इंदौर कोठारी मार्केट के सामने स्थित पान की दुकान पर पान खाने एवं यहां लगे चित्रों, पेपर कटिंग देखकर अहसास हुआ की यह पुरानी दुकान है जिसका संबंध और निकटता होल्कर राज घराने से रही है। यहां का पान खाने में स्वादिष्ट और जायकेदार होता है।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ के साथ खिलवाड़

## पर्यटन की आड़ में कानून तोड़ने वालों पर अब सख्ती जरूरी



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

टाइगर रिजर्वज उत्तर भारत का वह वन क्षेत्र, जो बाघों की सहज गतिविधियों और शांत प्राकृतिक वातावरण के लिए जाना जाता है। यही वह जगह है जहां हर वर्ष हजारों पर्यटक जंगल सफारी का रोमांच लेने पहुंचते हैं। लेकिन रविवार को सायफन पुल पर जो घटना सामने आई, उसने न केवल वन संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े किए, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि पर्यटक खुश करने की दौड़ में कुछ चालक और गाइड नियमों की धज्जियां उड़ाने से भी नहीं हिचकते।

### बाघ को दोनों ओर से घेरकर खड़ा कर दिया डर के बीच

वायरल वीडियो बताता है कि बराही रेंज के सायफन पुल पर चहलकदमी कर रहे बाघ को दोनों ओर से सफारी वाहनों ने ऐसा घेर लिया कि उसका रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। नियमों के अनुसार किसी भी वाहन को वन्यजीव के अत्यधिक निकट नहीं जाना चाहिए, और न ही उसे रास्ता रोककर असहज करने की अनुमति है। इसके बावजूद वाहन चालक और गाइड सैलानियों को शानदार दृश्य दिखाने के लालच में इतने अनजान बने रहे मानो नियमों का उनसे कोई लेना-देना ही न हो। बाघ स्पष्ट रूप से असहज और रुका हुआ नजर आया। यह स्थिति केवल वन्यजीव के लिए ही नहीं, बल्कि सवार सैलानियों के लिए भी बड़े खतरे का कारण बन सकती थी। यदि बाघ घबराकर कोई हमला कर देता, तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी – और इस हालात के लिए जिम्मेदार वही लोग होते जिन्होंने नियमों को जानबूझकर अनदेखा किया।

### अफसरों की नींद वीडियो वायरल होने के बाद खुली

सोमवार को वीडियो वायरल होते ही विभाग हरकत में आया। रेंजर, बीट प्रभारी, वॉचर और चार सफारी चालकों व गाइडों को नोटिस जारी किए गए हैं।

सवाल यह है कि जब यह घटना मौके पर ही हो रही थी, तब गश्त व्यवस्था कहाँ थी? यह घटना अचानक नहीं घटी, बल्कि कई मिनटों तक चली। यानी नियमों के पालन की निगरानी में गंभीर कमी है, और जिम्मेदार अधिकारी इससे अंजान बने रहे।

### जांच एसडीओ माला को कड़ी कार्रवाई की उम्मीद

डीएफओ मनीष सिंह ने स्पष्ट कहा है कि नियमों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामला जितना गंभीर है, उतनी ही कठोर कार्रवाई की मांग करता है। माना जा रहा है कि संबंधित कर्मचारियों और गाइडों की सेवाएं भी समाप्त की जा सकती हैं। यह कदम आवश्यक है, क्योंकि पीटीआर में हर सीजन सफारी करतबों जैसे खतरे सामने आते रहते हैं, लेकिन कड़ी कार्रवाई के अभाव में मनमानी जारी रहती है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व देशभर में बाघों के सुरक्षित और शांत आवास के रूप में प्रसिद्ध है।

यदि यहां भी ऐसे लापरवाह कृत्यों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह व्यवस्था एक दिन ढह सकती है। इसलिए इस बार की कार्रवाई केवल नोटिस पर खत्म नहीं होनी चाहिए – बल्कि यह एक उदाहरण बने जिससे आगे कोई चालक, गाइड या अधिकारी नियमों को हल्के में लेने की हिम्मत न करे।

वन्यजीवों की सुरक्षा और सम्मान सिर्फ वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी है।

यदि जंगल हमें जीवन में रोमांच और सुकून देता है, तो बदले में हम पर भी उसकी मर्यादा कायम रखने का दायित्व है।

पीटीआर को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी आज नहीं, बल्कि अब तत्काल निभाई जानी चाहिए वरना प्रकृति सबक सिखाती देर नहीं करती।

> **पर्यटन बनाम संरक्षण कहाँ है संतुलन?**
> वन विभाग का उद्देश्य पर्यटन बढ़ाना जरूर है, लेकिन यह पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीवों की सहजता के साथ समझौता करके नहीं हो सकता। जंगल सफारी का रोमांच तभी सार्थक है, जब वह बाघों की शांत गतिविधियों को बिना बाधा के देखने को मिले – न कि उन्हें घेरकर डराने या उनसे 'फोटो-ऑप' बनाने के लिए। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम पर्यटन के नाम पर जंगलों की आत्मा को ही खो रहे हैं? क्या लोग जंगलों में रोमांच ढूंढते-ढूंढते प्रकृति और वन्यजीवों की गरिमा भूलते जा रहे हैं?

## आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा कच्ची शराब निर्माण के संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र में जिला आबकारी विभाग अधिकारी राजवीर सिंह एवं सहायक आबकारी आयुक्त हरिओम सिंह (प्रयागराज ईआईबी) के निर्देशन में आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम साहब गंज, खेमसराय में कच्ची शराब निर्माण के संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई आबकारी विभाग ने शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम साहब गंज, खेम सराय में विभाग ने अवैध शराब बनाने के उपकरण और सैकड़ों लीटर लहन (कच्ची शराब) नष्ट कर दी।इस कार्रवाई के दौरान, मौके पर मिले शराब बनाने के ड्रम और भारी मात्रा में लहान को नष्ट किया गया।इस अभियान से क्षेत्र के शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।दबिश के दौरान लगभग 90 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लगभग 450 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया टीम में आबकारी इंस्पेक्टर हृदय नारायण पाण्डेय मय जनपदीय स्टाफ उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि शराब माफिया पर लगातार कार्रवाई जारी है। विभाग का स्टाफ अवैध शराब बनाने वालों पर कड़ी नजर रख रहा है।जहां भी अवैध शराब बनाने की सूचना मिलती है,

टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर उपकरण और लहान को नष्ट कर देती है। इससे शराब माफियाओं में भय का माहौल है और उनकी गतिविधियों पर अंकुश लग रहा है।

# गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री का जनतादर्शन, जनता की समस्याएँ सुनीं

- अफसरों को त्वरित कार्रवाई के सख्त निर्देश, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**



**पीलीभीत।** जनता-जनार्दन की सेवा ही हमारा संकल्प हैं। इस मंत्र को सार्थक करते हुए गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने सोमवार को जनतादर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। टनकपुर रोड स्थित जन सहयोग कार्यालय में आयोजित जनतादर्शन में लोगों की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी।

### समस्याओं पर तत्काल संज्ञान, विभागों को दिए निर्देश

जनतादर्शन के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, आवास समस्या, सड़क मरम्मत, पेंशन, बिजली-पानी, राजस्व प्रकरण, पुलिस सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दे मंत्री के सामने रखे। मंत्री श्री गंगवार ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ा हर मामला सर्वोपरि है, एक भी नागरिक निराश होकर न लौटे।

### अफसरों को पारदर्शिता और जवाबदेही के कड़े निर्देश

राज्यमंत्री ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि वे जनकल्याण के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता अपनाएं। उन्होंने चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या टाल-मटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान है, न कि उन्हें परेशान करना। सरकारी व्यवस्था का अंतिम उद्देश्य जनता की सुविधा है, इसलिए सभी अधिकारी परिणाम-केंद्रित होकर काम करें।

### जन सहयोग कार्यालय में बढ़ी उम्मीदें

जनतादर्शन में पहुंचे लोगों ने मंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही के रवैये की सराहना की। कई फरियादियों ने कहा कि पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि उनकी बात वास्तव में सुनी जा रही है और समाधान की दिशा में तुरंत कदम उठाया गया है। टनकपुर रोड स्थित जन सहयोग कार्यालय में लगातार बढ़ रही जनता की उपस्थिति यह दर्शाती है कि इस मंच पर लोगों को न्याय और राहत की उम्मीद बढ़ी है।

## प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस बृज मौर्या का पलिया विधान सभा क्षेत्र का मैराथन दौरा

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी बृज मौर्या द्वारा 137, पलिया विधान सभा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भीरा और विभिन्न गाँवों/ वार्डों कुकरा, बांकेगंज, ख़ंजनपुर मजरा मोहलिया, ढकाया, पर्वस्तनगर, बाषुकपुर, आजादनगर, ग्राम पंचायत जटपुरा मजरा बुद्धरपुर, सुनहरा भूड़का, ग्राम पंचायत ग्रांट नम्बर 11, प्रतापपुर, रायपुर, निपानिया, नयागांव, भूपपुर, बल्दीपुर, रामनगर, उदयपुर, भीखनपुर, कालीमपुर, मोतीपुर, बाबूपुर, शेरपुर, लेनपुर, तिलकपुर, महराला, गिरधरपुर, बंजारिया, सिद्धनपुर, मदनुआ, अन्नपुर, खुशहालपुर, देवीपुर, खेताली, सरकारपुर, इमलिया, बेचापुर, का भ्रमण किया। बृज मौर्या ने स्थानीय जनता से संवाद कर वर्तमान में हो रहे स्ढ्क्र हेतु जागरूकता व क्षेत्र की समस्याओं एवं भाजपा सरकार में क्षेत्रीय विकास के कार्यों में हो रही उपेक्षा की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक, जनसुनवाई तथा आगामी विधान सभा चुनाव की रूपरेखा पर चर्चा की। सभी कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों से अनुरोध किया कि राजनैतिक रूप से जागरूक रहें और चुनाव आयोग जो सत्ताधारी दल की क्र टीम बनके काम कर रही है उनके व भाजपा द्वारा हो रहे वोट चोरी को पुरजोर तरीके से रोकें और वास्तविक लोकतंत्र स्थापित करने में मदद करें। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव शुभम अग्निहोत्री, प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर शोएब खान, नगर अध्यक्ष भीरा आशिफ खान, जिला उपाध्यक्ष अल्प संख्यक शाहिद खान, प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अफ़जल खान उदयवीर यादव, आदिल खान, संदीप कुमार द्वारा किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### खेत में मिला मानव सिर और हड्डियां, क्षेत्र में सनसनी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव नवदिया में सोमवार को एक खेत से मानव का सिर और कुछ हड्डियां मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।बताया जा रहा है कि बरामद सिर और हड्डियां एक महीने से अधिक पुरानी प्रतीत हो रही हैं। पास ही खेत में सफेद शर्ट और लोअर भी बरामद किए गए। ग्रामीणों में चर्चा है कि सिर संभवत: 22 अक्टूबर से लापता युवक रघुनंदन का है, क्योंकि वह भी घटना वाले दिन सफेद शर्ट और लोअर पहने हुए था।पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके की बारीकी से जांच की और उन दो युवकों से पूछताछ की है, जिन्हें घटना की रात रघुनंदन के साथ देखा गया था। पुलिस ने बताया कि कंकाल के अवशेषों का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा ताकि पहचान की पुष्टि हो सके।मानव अवशेष मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने बताया कि सिर और अन्य हड्डियों को जांच के लिए भेज दिया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

### सुरक्षा और SIR अभियान पर किया जोर

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** नगर के सर्राफा कारोबारी और जनप्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को स्वर्गीय हरी बाबू खंडेलवाल के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक में विधायक ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।बैठक में सर्राफा व्यापारियों से अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा स्ढ्क्र अभियान के तहत समय पर फार्म भरने की अपील की गई। साथ ही नगर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए अतिक्रमण हटाने के विषय पर भी विस्तृत वार्ता हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, व्यापार संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, नवीन खंडेलवाल, राजू खंडेलवाल, अशोक खंडेलवाल, संजय गुप्ता सहित नगर के कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे निवासी ज्योति सिंह ने बताया कि उसकी शादी आठ वर्ष पूर्व न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा खुर्द निवासी नवनीत सिंह से हुई थी। मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और एक लाख रुपये नकद व वाशिंग मशीन की मांग करने लगे।आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति नवनीत सिंह, सास सुनीला देवी, जेठ रजनीश सिंह, ननद निशी सिंह और नीतू पत्नी शेरा उर्फ शिवकुमार आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते रहे। छह दिसंबर को सभी ने मिलकर ज्योति को पीटा और घर से निकाल दिया। ज्योति का भाई उसे लेने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की नीयत से बांका लेकर पीछा किया। विवाहिता ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है।

### अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा ट्रक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह घना कोहरा एक बड़े हादसे का कारण बन गया। माला नदी (बिनौर) पुल के पास गेहूं के बीज से भरा ट्रक कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। हादसे में ट्रक चालक मामूली रूप से घायल हो गया, जबकि कार सवार घटना के बाद मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बीज से भरा यह ट्रक उत्तराखंड के बाजपुर से बिहार के गोपालगंज जा रहा था। ट्रक में चालक गुफरान और उसका साथी तफसीर सवार थे। सुबह करीब नौ बजे जैसे ही वाहन माला नदी पुल के निकट पहुंचा, उसी दौरान पूरनपुर की दिशा से पीलीभीत की ओर जा रही एक कार अचानक ट्रक के सामने आ गई। ट्रक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को बचाने की कोशिश की, लेकिन कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में सवार दोनों लोग बाल-बाल बच गए। चालक गुफरान को हल्की चोटें आईं, जबकि तफसीर सुरक्षित रहा। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। वहीं, सूचना पर आसपास के ग्रामीण मदद के लिए मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। ट्रक चालक गुफरान ने बताया, हम बीज लेकर गोपालगंज जा रहे थे। कोहरा बहुत था। अचानक कार सामने आ गई। टक्कर से बचने के चक्कर में ट्रक पलट गया। भगवान का शुक्र है कि बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और ट्रक निकालने की प्रक्रिया शुरू कराई। पुलिस कार सवारों की पहचान करने में जुटी है।

### तमंचे से फायर कर विवाहिता की हत्या का प्रयास

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** विवाहिता पर दो बार जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पहले तेजाब डालने की कोशिश की गई और बाद में तमंचे से फायर कर हत्या का प्रयास किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गांव सबलपुर खास निवासी सायरा वानो ने बताया कि एक सितंबर को उसका पति अलीमुददीन उर्फ गप्पू, रियाजुददीन उर्फ गोगे, सरफुददीन, सिराजुद्दीन उर्फ बकरीदी, इस्लामुद्दीन, नगमा बी, रियाजुद्दीन उर्फ गोगे—सभी निवासी सुंदरवल थाना फूलबेहड़ जिला लखीमपुर खीरी—साथ ही शाहिद अली निवासी ककराही थाना हरगांव जिला सीतापुर और उसकी पत्नी रिजवाना घर में घुस आए। सभी ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा तथा चेहरे पर तेजाब डालने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह बच निकली।पीड़िता ने बताया कि करीब तीन सप्ताह बाद, 22 सितंबर को सभी आरोपी उसके मायके पहुंचे। उस समय उसका भाई दुकान पर गया था। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने फिर हमला किया और चाकू से प्रहार किए। आरोप है कि जान से मारने के इरादे से तमंचे से फायर भी किया गया, लेकिन वह बाल-बाल बच गई। आरोपियों ने उसका मोबाइल और दो वर्षीय बेटी को भी छीन लिया।सायरा ने बताया कि वर्ष 2023 में भी उसे खाने में ज़हर देकर मारने की कोशिश की गई थी, जिसका इलाज उसने स्टार अस्पताल, महेबागंज (लखीमपुर खीरी) में कराया था।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की विवेचना की जा रही है।

# पहचान से परे एक मौत: क्या आत्महत्या या हत्या? पुलिस हर कोण से कर रही जांच

- अज्ञात शव और बरामद हथियार-देशनगर की सुबह को डर और रहस्य में बदल दिया

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद के देशनगर स्थित आम के बाग में सोमवार सुबह मिली एक अज्ञात युवक की लाश ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी। गोली की आवाज सुनकर जब स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, तो एक युवक रक्तरंजित अवस्था में मृत पड़ा मिला। उसके पास से बरामद देशी तमंचा, कारतूस और जेब में मिले तीन जिंदा कारतूस इस घटना को और अधिक रहस्यमयी बना देते हैं।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच में हर कोण से मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नहीं होना स्वयं में एक बड़ा सवाल है, क्योंकि पहचान के बिना घटना के मकसद तक पहुंचना बेहद कठिन हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज से लेकर कॉल डिटेल और गुमशुदगी की रिपोर्ट तक–हर दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर पुलिस इसे आत्महत्या की संभावना मान रही है, जबकि घटनास्थल की परिस्थितियाँ किसी गहरे रहस्य का संकेत भी देती हैं। यह घटना न केवल एक व्यक्ति की मौत का मामला है, बल्कि कानून-व्यवस्था की संवेदनशीलता और हमारे समाज की विडंबनाओं को भी उजागर करती है।

आखिर वह युवक कौन था? वह यहां कैसे पहुंचा? क्या वह किसी साजिश का शिकार हुआ या परिस्थितियों से हारकर उसने खुद को गोली मारी? यह वे सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना आवश्यक है। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई सराहनीय है, परंतु जबतक मृतक की पहचान नहीं होती, तब तक जांच अधूरी ही रहेगी। ऐसी घटनाएँ समाज के लिए चेतावनी हैं कि अपराध की परछाइयाँ कितनी तेजी से हमारे आसपास फैल सकती हैं। यह समय है जब समाज और पुलिस दोनों को मिलकर ऐसी घटनाओं की तह तक पहुंचना होगा,

ताकि सच सामने आ सके और निर्दोष को न्याय मिल सके। मृतक की पहचान और घटना की सच्चाई उजागर करने में पुलिस की पारदर्शिता और तत्परता ही इस मामले की सबसे बड़ी कुंजी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही रहस्य पर से परदा उठेगा और पीलीभीत की यह सनसनीखेज घटना स्पष्ट रूप से सामने आएगी।

# श्रीमद्भागवत अमृत कथा से महक रहा नौरंगाबाद

- दिव्य ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन धुंधकारी कथा की मार्मिक व्याख्या से भक्त हुये आनन्दित

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**





स्थानीय नौरंगाबाद मोहल्ला स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर दिव्य अध्यात्म की पावन सुगंध से महकने लगा, 7 दिसंबर से आरंभ हुये श्रीमद्भगवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन वृन्दावन धाम से पधारे पण्डित अमित कृष्ण जी महाराज ने भागवत शब्द की व्याख्या और धुंधकारी की कथा सुनाई। लगातार 18 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आध्यात्मिक उत्सव अब नगर की पहचान बन चुका है, एक ऐसा आयोजन, जहाँ भागवत का अमृत केवल सुनाई नहीं देता, बल्कि जनमानस के हृदय में उतरकर जीवन का मार्ग प्रकाशवान करता है। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा की मधुर, मनोमुग्धकारी रसधारा बहाएँगे। उनके श्रीमुख से निःसृत अमृतमयी वाणी न केवल श्रोताओं को भक्ति की ओर ले जाएगी, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों का दिव्य समाधान भी प्रदान करेगी। आयोजन समिति के महासचिव एवं भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा, लखीमपुर के अध्यक्ष एड. आर्येन्द्र पाल सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में आर्येन्द्र सिंह, संयोजक संदीप सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, शिशिर अवस्थी, ईशान गुप्ता, राज शेखर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इन्द्रजीत सिंह, डॉ0सुशीला सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रदीप सिंह, बोधमणि मिश्रा, सुनील सिंह, शैलेन्द्र कुमार मौर्या सहित पूरी टीम तत्परता से प्रयासरत है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और समर्पण का जीवंत संगम है जहाँ कथा का हर श्लोक, हर प्रसंग और व्याख्या प्रेरणा का श्रोत बन रही है।

## बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति सिसौरा में वार्षिक निकाय की बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति सिसौरा में वार्षिक निकाय की बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया समिति के सचिव राकेश कुमार शुक्ला ने समिति के सदस्यों की संख्या उर्वरक बिक्री श्रण आवंटन और वसूली का लेखा जोखा प्रस्तुत किया समिति के सभापति धर्मेंद्र सिंह ने समिति की लाभ और बाउंड्री वॉल विकास श्रण अदायगी की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि सिसौरा समिति निरंतर आगे बढ़ रही है सभापति ने बाउंड्री वॉल और पुलिया के लिए कहा था पुलिया बन गई और बाउंड्री वॉल का निर्माण चल रहा है। प्राथमिक सहकारी विकास समिति के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ने कहा कि खीरी जिले की समितियां अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छी काम कर रही है। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण किया।इस दौरान धर्मेंद्र सिंह चौहान, राघवेन्द्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, कमलेश वर्मा, संतराम, नन्हे लाल, निर्मल सिंह, सचिंद्र सिंह मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग का चला हंटर दस अभियोग पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध शराब माफिया के लिए प्रदेश में न तो कोई जगह है और न ही कोई ढिलाई जिसको देखते हुए अवैध कच्ची शराब माफियाओं की कमरतोड़ कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग ने कमर कस ली इसी दौरान आबकारी आयुक्त के आदेश के अनुपालन में उप आबकारी आयुक्त ई.आई.बी. एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्ग दर्शन में जनपद के कई थाना क्षेत्र के इलाके में ईआईबी हरिओम सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह आबकारी स्टाफ थाना धौरहरा पढ़ुआ निघासन मझगईं व भीरा के कई संदिग्ध गांवों में दबिश की गई दबिश के दौरान कुल 235 लीटर अवैध मदिरा बरामद करते हुए 2900 सौ किग्रा लहन नष्ट किया गया व लहन में प्रयोग किये गए उपकरणों को भी नष्ट किया इस दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दस अभियोग पंजीकृत किए गये। आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें वालों में हड़कंप मचा हुआ बरहाल आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों की कार्यवाही जन समुदाय के लिए पेरासिटामोल का काम किया जबकि अवैध कच्ची शराब माफियाओं के दांत खट्टे होते नजर आये। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। आबकारी विभाग के उच्च अधिकारी व सहायक आबकारी आयुक्त ईआईबी हरेंद्र सिंह ने बताया की अवैध शराब माफियाओं पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी विभाग कार्यवाही करने में जरा भी कोताही नहीं बरतेगा आज की कार्यवाही में दस अभियोग पंजीकृत किये गए 235 लीटर अवैध शराब व 2900 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया साथ ही उपयोग किए गए उपकरणों को नष्ट किया गया।

# बांस की व्यावसायिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



भारतीय कृषि एवं वानिकी क्षेत्र में बांस की खेती को लेकर बढ़ते रुझान को ध्यान में रखते हुए भा.वा.अ.शि.प.- पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा पोषित परियोजना के अंतर्गत बांस संवर्धन एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बांकेगंज में यदुनंदन सिंह पुजारी जी के पुजारी फ़ार्म पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागी किसानों को बांस की खेती, उत्पादन, प्रबंधन और बाजार की संभावनाओं से संबंधित विस्तृत तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बांस की खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजनाएँ बनाई जा रही हैं, जिससे किसानों को बांस उत्पादन, बिक्री और मूल्य संवर्धन में सीधा लाभ मिल सके।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आलोक यादव ने बांस के रख-रखाव, इसके आर्थिक महत्व और समावेशी खेती की संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को बांस आधारित कृषि मॉडल, लागत एवं लाभ विश्लेषण तथा आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसान-वैज्ञानिक संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों ने बांस की व्यावसायिक खेती के तकनीकी पहलुओं, चुनौतियों और उनके प्रभावी समाधान के बारे में जानकारी प्राप्त की। किसानों को बांस की खेती के समग्र दृष्टिकोण–जैसे पौध तैयार करना, पौध संरक्षण, जल प्रबंधन, लंबी अवधि के आर्थिक लाभ और बाजार उपलब्धता–के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता

किसान यूनियन के अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू, वेरिंदपाल सिंह, धीरेंद्र मौर्य, सोहन सिंह, सुबोध कुमार, यसपाल सिंह शर्मा, ठाकुर नौबत सिंह आदि–

ने भी सहभागिता की। इन सभी ने बांस को आय के नए स्त्रोत के रूप में अपनाने पर सकारात्मक चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में बांस की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देना, किसानों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण स्तर पर हरित रोजगार को प्रोत्साहित करना रहा।

# खरीद केंद्र पहुंचे एसडीएम को ज्वार, बाजरा, धान की खरीद मिली बंद

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीम मनोज कुमार सिंह ने सरकारी ज्वार, बाजरा, धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित करके जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञात हो कि किसानों को उपज का समर्थन मूल्य के अनुरूप ज्वार, बाजरा तथा धान की खरीद के लिए गल्ला मंडी कालपी के नीलामी चबूतरे में विपणन शाखा के द्वारा सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किया गया है। केंद्र प्रभारी एसएमआई रुचिता ओमर को बनाया गया। सोमवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने दोपहर को केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद किसानों से संवाद स्थापित कर बातचीत की। केन्द्र प्रभारी रुचिता ओमर झांसी में सरकारी मीटिंग में शामिल होने के लिए जाने से मौजूद नहीं थी। केन्द्र में तहसील के राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित मिले। इसलिए खरीद का काम सोमवार को बंद मिला। उन्होंने निर्देश दिया कि साफ-सुथरा ज्वार व बाजरा को खरीद करें तथा केंद्र में किसानों की सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिंस को बेचने वाले किसानों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। वहीं किसान पोला आदि ने उपजिलाधिकारी से शिकायत की है कि 10 दिन पहले ट्रैक्टर में ट्राली के माध्यम से अपनी ज्वार लेकर केंद्र में पहुंचा था। जिसका नंबर 54 था। 10 दिनों से में बराबर सेंटर में मौजूद हूं। लेकिन मेरे माल की तुलाई नहीं की जा रही है। इस दौरान टरननगंज चैकी इंचार्ज सुरेश चंद्र सहित शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह संदेश देती

**जालौन (उरई)।** जोशियाना स्थित लल्ला तिवारी के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में पांचवें दिन भागवताचार्य सुखनंदन मयूर ने श्रीकृष्ण बाल लीला और गोवर्धन पूजा का वर्णन श्रद्धाभाव के साथ किया। भागवताचार्य सुखनंदन मयूर ने श्रीकृष्ण के बचपन की मनमोहक लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि नंदघर में भगवान का बाल रूप स्वयं आनंद, प्रेम और अलौकिक चमत्कारों का केंद्र था। उन्होंने पूतना वध, शकटासुर संहार, त्रिणावर्त लीला और माखन चोरी के प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रोतागण आनंद से झूम उठे। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि यह संदेश देती हैं कि ईश्वर अपने भक्तों के लिए सदैव संरक्षक और संकटमोचक के रूप में उपस्थित रहते हैं। गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इंद्र देव के अभिमान को दूर करने और ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर संदेश दिया कि प्रकृति और गौ-सेवा का आदर करना ईश्वर की सच्ची उपासना है।

# जल निकासी समस्या के समाधान के लिए अपना दल (एस) आया आगे

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़ (जालौन)**




रामपुरा ब्लॉक के ग्राम हनुमान गढ़ी में विकास कार्यों को गति देते हुए अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए पाँच स्ट्रीट लाइटों का वितरण किया। लाइटों की कमी के कारण गाँव के कई हिस्सों में अंधेरा रहता था, जिससे आवागमन में दिक्कतें आती थीं। स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद अब लोगों को रात में भी सुरक्षित आवाजाही का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से वे लाइट की समस्या से जूझ रहे थे, ऐसे में यह पहल उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

लाइट वितरण कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों ने ओंकार सिंह के समक्ष जल निकासी से जुड़ी गंभीर समस्या भी रखी। गाँव में बारिश या नाली का पानी रुके रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण आमजन को घरों से निकलने में कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक उचित समाधान नहीं मिल पाया है। जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए ओंकार सिंह ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर जल निकासी की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराएंगे। उन्होंने कहा कि गाँव का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएँ समय पर मिलें। ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाइट मिलने और समस्या के समाधान का भरोसा देने के लिए प्रदेश महासचिव का आभार व्यक्त किया।

## रोडवेज चालक, परिचालकों की मुफ्तखोरी ने बढ़ायी यात्रियों की परेशानियां

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

रोडवेज बसों के चालक तथा परिचालक की गलत नीतियों तथा मुफ्तखोरी की खाने की नीतियों के कारण यात्रियों को सफर के दौरान कठिनाइयों से जूझना पड़ता है प्रभावित यात्रियों ने इस मामले की संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। उक्त समस्या को लेकर के रोडवेज बस में यात्रा करने वाले नागरिकों ने बताया कि कानपुर झांसी रूट में चलने वाली झांसी-कानपुर दोनों साइड की बसों के चालक मनमानी पूर्वक गाड़ियों को चलाते हैं फलस्वरूप जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यात्रियों ने बताया कि रोडवेज बस के चालक तथा परिचालक फ्री चाय और खाने के लिए होटल ढाबे अनावश्यक बस को रोक देते हैं। फलस्वरुप बसों में यात्रा कर रहे बीमार, गर्भवती महिलाओं, परिक्षार्थियों, व्यापारियों आदि को ड्राइवर और कंडैक्टरों की इस गलत फितरत का प्रतिदिन शिकार होना पड़ता है। 7 दिसम्बर 2025 को इस विषय की शिकायत परिवहन निगम के टीआई कालपी ज्ञानसिंह से की गई। उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। बताते हैं कि रोडवेज बस के ड्राइवर तथा कंडक्टर मुक्त खाना तथा चाय पानी के चक्कर में आधा-आधा घंटे तक होटल तथा ढाबों में गाड़ियों को खड़ा कर देते हैं। जिससे यात्रियों के समय की बर्बादी होती है जनहित में प्रवाहन निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की जाती है कि रोडवेज बसों का संचालन ठीक तरीके से कराया जाए तथा गलत आचरण करने वाले कंडक्टरों तथा ड्राइवर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# खेतों से रास्ता रोकने को हीरापुर में खुली पंचायत की हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर के समीप यमुना नदी से मौरंग (बालू) उठान के लिए दिए गए ठेके को लेकर ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश बढ़ गया है। ठेकेदार द्वारा मौरंग परिवहन हेतु किसानों की कृषि भूमि से सड़क निर्माण की तैयारी किए जाने पर गांव के लोगों ने कड़ा विरोध जताया। सोमवार को हीरापुर में ग्रामीणों की एक खुली पंचायत आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी कीमत पर किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाकर खेतों से रास्ता नहीं बनने दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार और उसके कर्मचारी बिना किसानों की अनुमति के खेतों की मेड़ तोड़कर रास्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे न केवल फसलें खराब होंगी, बल्कि कृषि भूमि का स्थायी नुकसान भी होगा। किसानों ने कहा कि मौरंग उठान के लिए उनके खेतों से मार्ग बनाना पूरी तरह अनुचित है, जबकि पहले से ही सरकारी रास्ते मौजूद हैं। ऐसे में किसानों की जमीन को क्षति पहुंचाना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत में किसानों ने आवाज उठाई कि प्रशासन मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और ठेकेदार की मनमानी पर रोक लगाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि खेतों में जबरन मशीनें उतारी गईं, तो वे सामूहिक आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। पंचायत के दौरान कई बुजुर्ग किसानों ने भी कहा कि वर्षों की मेहनत से तैयार हुई जमीन को ठेकेदारी के नाम पर बर्बाद होने नहीं दिया जाएगा। बैठक में रंजीत उर्फ राजू बब्बा, रघुवीर निषाद, कुंवरलाल, रामसिंह, सुरेश निषाद, आदि आधा सैंकड़ा किसानों सहित मौके पर ग्राम प्रधान उमाशंकर निषाद भी मौजूद रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने राजस्व दल को खेतों की नाप-जोक के लिए भेजा है।

न्याब तहसीलदार मुकेश कुमार कानूनगो हरेंद्र सिंह और लेखपाल योगेश यादव, जीतेन्द्र यादव, राघवेंद्र निरंजन, अभिषेक आदि लेखपाल मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया है कि जांच के बाद ही किसी प्रकार की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी और बिना सहमति किसी की भूमि का उपयोग नहीं किया जाएगा। इस सबंध में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार का कहना है की किसानों का हित सर्वोपरि है राजस्व टीम भेज कर भूमि की नाफ कराई जा रही है।

## देवस्थल के आम रास्ते पर लोगों ने अवैध रूप से जमाया कब्जा

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**

■ ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की

गांव में देवस्थल की ओर जाने वाले आम रास्ते पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जिससे भक्तों को निकलने में दिक्कत हो रही है। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी गंगासिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रेमसिंह, राजेश कुमार, सूरज सिंह, आजाद फूल सिंह, मुरली, महेश, विजय, रामू आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में देवस्थल की ओर जाने वाले रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। वह आम रास्ते पर अपने पालतू पशुओं को बांधते हैं और नाली बनाकर गंदा पानी देवस्थल की ओर निकाल रहे हैं। ऐसे में भक्तजन जो देवस्थल पर पूजा अर्चना के लिए जाते हैं उन्हें इस रास्ते से होकर निकलने में परेशानी हो रही है। सुबह के समय महिलाएं पूजा अर्चना के लिए नहीं जा पाती हैं। यदि कोई उनसे कब्जा हटाने के लिए कहता है तो मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

# सड़क मार्ग पर लगा गंदगी का अंबार, चार छात्रों की गंदगी से हालत बिगड़ी

## नगर पालिका द्वारा उड़ाई जा रही स्वच्छता अभियान की धज्जियां

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सांडी,हरदोई।सरकार द्वारा स्वच्छता मिशन को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं हकीकत में जमीन स्तर पर उल्टा ही साबित होता हुआ नजर आ रहा है यह तस्वीर हरदोई जनपद की नगर पालिका परिषद सांडी की है जहां पर नगर का कूड़ा मिर्जापुर के मुख्य मार्ग पर डंप किया जा रहा है कूड़े से निकलने वाले दुर्गंध से स्कूली छात्र छात्राएं परेशान है और उनका दम घुटने लगता है आज सुबह की समय आर एल पब्लिक इंटर कॉलेज के चार छात्रों की निकलने वाले दुर्गंध से बीमार हो गए वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं ने नगर पालिका परिषद साण्डी लापरवाही का आरोप लगाया है। स्कूल की प्रधानाचार्य ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी को लिखित में कई वार शिकायत की गई लेकिन नगरपालिका प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।सोमवार को बच्चों ने हाथ जोड़कर नगर पालिका प्रशासन से कूड़ा हटाने को लेकर मांग की है। इससे यही प्रतीत होता है की नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर लाखों रुपए का दुरुपयोग किया जा रहा है।और जमकर धजिया उड़ाई जा रही है। इस विषय पर नगर अधिशासी अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है कूड़ा हटवाने को लेकर कर्मचारियों को निर्देश कर दिया गया है। अब देखना यह होगा कूड़ा उठ जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन का काम खत्म हो जाएगा या कुछ ही दिन बाद वहीं पर फिर कूड़ा पड़ने लगेगा यह देखने वाली बात होगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला



**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** सांडी,हरदोई। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दिन पूर्व गायब एक साल से मायके में रह रही महिला का शव घर से कुछ दूरी पर बगिया में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी मच गयी। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सैतियापुर गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद की लगभग 22 वर्षीय पुत्री मनीषा की शादी 3 वर्ष पूर्व बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के साथ हुई थी।मनीषा एक साल से अपने मायके सैतियापुर गांव में रह रही थी।रविवार की शाम अचानक वह घर से गायब हो गई उसके भाइयों ने उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन अगले दिन सोमवार की दोपहर उसका शव घर से कुछ दूरी गांव निवासी पल्लू के चांदनी के वाग में पेड़ से फांसी पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी मच गयी।घटना की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कई नमूने लिए।मृतका के भाई सुमित ने बताया किउ सकी बहन का पति तीन दिन पूर्व उसके घर आया था।जहां पर रोज शराब पीकर गाली गलौज करता था।

## सवायजपुर क्षेत्र में युवक की बंदूक सहित फोटो वायरल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सवायजपुर क्षेत्र में पहले से तनावपूर्ण माहौल के बीच रविवार को एक युवक की बंदूक का प्रदर्शन करते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। वायरल फोटो के संबंध में दावा किया गया है कि यह सवायजपुर थाना क्षेत्र के गदरिया गांव निवासी अनुराग कुशवाहा पुत्र सुंदरलाल की है। फोटो अनुराग ने पूर्व में अपने फेसबुक एकाउंट पर अपलोड की थी, जो अब वायरल हुई है।ग्रामीणों के अनुसार फोटो में दिखाई दे रही बंदूक अनुराग के बाबा रघुवीर के नाम दर्ज बताई जा रही है। संवेदनशील समय में यह फोटो वायरल होने से स्थानीय लोगों में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। उल्लेखनीय है कि गांव और आसपास का क्षेत्र पहले से ही तब सुर्खियों में है जब दिव्यांशु कुशवाहा द्वारा संत रामभद्राचार्य और देवी-देवताओं को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। मामले में पुलिस केस दर्ज कर दिव्यांशु को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन घटना के बाद से गांव सहित क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। फोटो वायरल के संबंध में क्षेत्राधिकार हरपालपुर सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है कि फोटो में दिख रहा शस्त्र लाइसेंसी है या अवैध है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिलग्राम पुलिस ने चोरी की गई बैटरी सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** बिलग्राम थाना क्षेत्र में लगभग 3 माह पूर्व ई रिक्शा की वैटरी चोरी होने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए चोरी की गई बैटरी सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी पर चोरी के बाद फरार होने का आरोप था।

जानकारी के अनुसार लगभग 3 माह पूर्व बीती 29 अगस्त 2025 को वादी सलीम पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला कासूपेट थाना बिलग्राम ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके घर के बाहर रखी 6 ई-रिक्शा की बैटरियां रात में अज्ञात चोर उठा ले गए। इस घटना के संबंध में थाना बिलग्राम में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान बीएनएस की धारा 317(2) की वृद्धि भी की गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बिलग्राम पुलिस सतर्कता से जांच में जुटी। शुक्रवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी करण पुत्र प्रकाश निवासी मोहल्ला मलकंठ को चोरी की 05 बैटरियों सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बैटरियों की बरामदगी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए इसी प्रकार सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

# साइकिल से ब्लाक पहुंचे ग्राम पंचायत सचिव



**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक शाहाबाद में एक नई तस्वीर सामने आई है। ब्लॉक शाहाबाद के सभी सचिव सोमवार को सुबह साइकिल चलाते हुए ब्लॉक पहुंचे। सचिवों साइकिल से ब्लॉक पहुंचना चर्चा का विषय बन गया। कई लोग सचिवों को साइकिल से आते देख हतप्रभ रह गये। ब्लॉक शाहाबाद के अध्यक्ष मोहित पाठक द्वारा बताया गया कि प्रादेशिक संगठन का यह निर्णय सभी सचिव मान रहे हैं और जब हमें सरकार भत्ता ही साइकिल का दे रही है तो अब सभी काम साइकिल से जाकर ही करेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




स्वामी विवेकानंद सभागार में डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चकबंदी से संबंधित प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि 10 वर्ष पुराने मुकदमो को यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए व सर्वे कार्य भी समय से कराने के निर्देश दिए तथा चक कटना व चक का निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए, गांव में चकबंदी के कार्य में आम जनता बाधा उत्पन्न कर रहे है उन्होंने ने कहा कि चकबंदी कार्य का वीडियो फोटोग्राफी करने के निर्देश दिए इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी,डीडीसी श्री ज्ञानेश त्रिपाठी, एस ओ सी, प्रकाश चन्द्र उत्तम, चकबंदी अधिकारी राजीव राणा एवं डॉ पुनीत शर्मा,एसीओ शकील अहमद, सतेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# जन सुनवाई मे जिलाधिकारी ने सुनी 93 शिकायतें



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 93 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 01 व्यक्ति वृद्धावस्था पेंशन तथा 02 लाभार्थी को राशन कार्ड लाभ योजना से जोड़ा गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक्शन : पुलिस मुठभेड़ में एक लुटेरे के पैर में लगी गोली, साथी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके में रविवार रात लगभग आठ बजे कोहंडौर पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से दो लुटेरों को दबोचा। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश हुआ घायल जबकि दूसरे को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

बता दें कि दो दिसम्बर को कोहड़ौर थाना इलाके के हथसारा गांव में बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो युवकों को रास्ता पूछने के बहाने रोका। और दोनों का मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। जिसके बाद तहरीर के आधार पर कोहड़ौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर ने पुलिस टीमों का गठन कर बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास कर रही थी। उसी क्रम में रविवार रात लगभग आठ बजे एसओ कोहड़ौर धनंजय राय पुलिस टीम के साथ थाना इलाके के चन्दीपुर गांव के समीप चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उधर से गुजर रहे बाइक सवार दो सन्दिग्ध युवकों को रोका गया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिसके बाद कोहड़ौर पुलिस की जबाबी फायरिंग में एक बदमाश अंकित सरोज के दांये पैर में गोली लग गई जिससे वो घायल होकर गिर पड़ा। जबकि दूसरे बदमाश रोहित को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूट के पांच एंड्राइड मोबाइल, चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा, एक खोका व जिंदा कारतूस बरामद किया। कोहड़ौर पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अंतू थाना इलाके के रहने वाले हैं।

## साहित्य सभा की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा इकाई महराजगंज के तत्वावधान में नगर के एक स्थानीय होटल में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी मंगलवार को साहित्यिक माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ परशुराम गुप्ता ने की जबकि संचालन दिव्यांश पाण्डेय ने किया। उर्दू अदब के प्रतिष्ठित साहित्यकार सरवात ज़माल की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा में विशेष वृद्धि की। आयोजन का नेतृत्व संयोजक कुमार देवेश कर रहे थे। गोष्ठी की शुरुआत कवि राजेश स्वर्णकार की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद क्रमशः कवि शशि वर्मा, डी. के. जी., तशरीफ़ खान, नवीन शुक्ला, दिव्यांश पाण्डेय, तथा शिक्षक अरविन्द जायसवाल ने मंच संभाला और अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को प्रभावित किया। प्रस्तुत कविताओं में समाजिक सरोकारों, संवेदना, राष्ट्रवाद एवं मानवीय मूल्यों की गहरी झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में साहित्यकारों ने ऐसी गोष्ठियों को निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिले और साहित्यिक वातावरण को गति मिलती रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली, साथी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके में कोहंडौर पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में दो लुटेरे पुलिस गिरफ्त में। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश हुआ घायल जबकि दूसरे को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

बता दें कि दो दिसम्बर को कोहड़ौर थाना इलाके के हथसारा गांव में बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो युवकों को रास्ता पूछने के बहाने रोका। और दोनों का मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। जिसके बाद तहरीर के आधार पर कोहड़ौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर ने पुलिस टीमों का गठन कर बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास कर रही थी। उसी क्रम में रविवार रात लगभग आठ बजे एसओ कोहड़ौर पुलिस टीम के साथ थाना इलाके के चन्दीपुर गांव के समीप चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग किया। जिसके बाद कोहड़ौर पुलिस की जबाबी फायरिंग में एक बदमाश अंकित सरोज के दांये पैर में गोली लग गई जिससे वो घायल होकर गिर पड़ा। जबकि दूसरे बदमाश रोहित को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने लूट के पांच एंड्राइड मोबाइल, चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा, एक खोका व जिंदा कारतूस बरामद किया। कोहड़ौर पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अंतू थाना इलाके के रहने वाले थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



कोहड़ौर थाना इलाके के कांधरपुर बाजार में रविवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने थाने पर दी गई तहरीर में चोरी के बाद आग लगने की बात कही है।

कोहड़ौर थाना इलाके के मौहरिया गांव निवासी आकाश मौर्या की थाना इलाके के ही कांधरपुर बाजार में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। दुकानदार ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए कहा है कि रविवार शाम वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर चला गया। आरोप है कि रविवार रात में ही अज्ञात लोगों द्वारा उसकी दुकान में आग लगा दिया गया जिससे उसकी दुकान में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। सोमवार सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। दुकान के अंदर घुसकर उसने देखा तो दुकान के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था और दुकान में रखा इन्वर्टर व बैटरी व अन्य कीमती सामान भी गायब था जिसका जला हुआ पार्ट भी मौके पर नहीं मिला। पीड़ित का आरोप है कि चोरों ने चोरी कर कीमती सामान गायब कर दिया और बचे हुए सामान में आग लगा दिया। दुकानदार ने डायल- 112 पर घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद कोहड़ौर पुलिस ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल करने के साथ ही दुकानदार व आसपास के लोगों से पूछताछ की। चौकी प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि दुकानदार ने सामान का बीमा करवा रखा है। प्रथम दृष्टया मामला सन्दिग्ध लग रहा है। तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

## फब्तियां कसने को लेकर दो समुदाय में हुई मारपीट में 10 लोग घायल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

थाना क्षेत्र के गांव मिश्रौली नरकटिया में फब्तियां कसने को लेकर रविवार को दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। इसमें दोनों पक्षों से करीब 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को शांत कराते हुए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई। मारपीट को लेकर गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। नरकटिया खुर्द निवासी राजकुमार यादव (16) अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार की देर रात मिश्रौली में निमंत्रण में गए थे। जहां भोजन करने के बाद वापस लौटते हुए मिश्रौली गांव के एक समुदाय के कुछ लड़कों ने उनपर फब्तियां कसने लगे। जिसको लेकर मौके पर दोनों समुदायों के लड़कों में हाथापाई हुई। मौके पर जुटे लोगों ने दोनों समुदायों के लड़कों को मौके से समझा बुझाकर वहां से भगा दिया।

# गंडक नदी पर जल्द शुरू होगा पुल निर्माण...पहुंची टीम

जन एक्सप्रेस । देवरिया



गंडक नदी के भैसहा घाट पर बनने वाले पक्का पुल के निर्माण में एक कदम और बढ़ोतरी हुई है। विधायक विवेकानंद पांडेय की मौजूदगी में संबंधित विभागों के अभियंताओं ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें पुल के डिजाइन की फाइनल रूप रेखा पर विचार विमर्श किया गया।

रविवार को विधायक की अगुआई में लोकनिर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक, बाढ़ खंड के अधीक्षण अभियंता व इन विभागों के अधिशासी, सहायक, अवर अभियंता की संयुक्त टीम भैसहा घाट पर पहुंची। अभियंताओ ने पुल के डिजाइन (आरेखन) को अंतिम रूप देने पर मंथन किया। नदी के भौतिक रूप से परिवर्तन के साथ आने वाले समय में बदलाव सहित तकनीकी रूप से सबकुछ सही व सुरक्षित हो इसकी भी संभावना तलाशी गई। इसके बाद आइपीएल चीनी मिल खड्डा के अतिथिशाला में संभावित पुल के नक्शे के जरिए भी विचार विमर्श किया गया।

वर्ष 2024 में बाढ़ व तटबंध का निरीक्षण करने भैसहा घाट पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुर्कहा में आयोजित जनसभा में सांसद विजय कुमार दुबे व विधायक विवेकानंद पांडेय की मांग पर गति शक्ति योजना से पक्का पुल बनाकर नदी पार बसे लगभग 50 हजार आबादी को सीधे सड़क मार्ग से जोड़ने की घोषणा की थी। इसके बाद अभियंता विशेषज्ञों की टीम ने सर्वे आदि करके अनुमानित साढे चार किलोमीटर लंबा पक्का पुल बनाने की बात कही है। इसके निर्माण 649 करोड़ की लागत आएगी। भैसहा गांव के पास छितौनी तटबंध के किलोमीटर 8.800 के पास से इसके बनने पर सहमति बनी है।

पुल से दाहिने तरफ (1500 मीटर) डेढ़ किलोमीटर का एप्रोच होगा जो खड्डा भैसहा मार्ग को जोड़ेगा। पुल की बायीं तरफ आगे मरचहवा की ओर दो किलोमीटर से ज्यादा लंबा एप्रोच होगा।

# जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण

## साफ-सफाई, सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा, कैदियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



जिला जज अरविंद मालिक, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने सोमवार को जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर कैदियों की दिनचर्या तक विस्तृत समीक्षा की।

जिला जज अरविंद मालिक ने पुरुष बैरक, महिला बैरक, रसोईघर और परिसर का निरीक्षण करते हुए कैदियों से रूबरू बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याएँ सुनीं और उनके समाधान के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी बंदियों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। न्यायाधीश ने जेल कर्मियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद कैदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। बीमार बंदियों की चिकित्सा सुविधा की समीक्षा करते हुए जिला जज ने उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोई और बैरकों में साफ-सफाई की व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। महिला बंदियों से मुलाकात कर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके निस्तारण का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम मुकेश यादव, जेल अधीक्षक बी.के. गौतम सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अवैध गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में अपराध और नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी दीपक भूकर द्वारा चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन प्रहार÷ के तहत लीलापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को एक किलो 183 ग्राम अवैध गांजा और नकदी के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार एसआई सुमित कुमार वर्मा व उनकी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के सगरा सुन्दरपुर नहर पुलिया के पास नहर पटरी से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त का नाम आकाश सिंह है जो थाना इलाके के झलियन का पुरवा डाडी गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो एक सौ तिरासी ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित ई-रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय अनिल कुमार पटेल की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार संग्रामगढ़ थाना इलाके के रामपुर बाबूराय निवासी अनिल कुमार पटेल सोमवार सुबह किसी काम से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान लखपेड़ा बाजार की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिल सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे और गंभीर हालत में अनिल को लखपेड़ा स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। वहां से नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने संग्रामगढ़ सीएचसी रेफर कर दिया। परिजन घायल अनिल को लेकर सीएचसी संग्रामगढ़ गये जहां पर डॉक्टरों ने अनिल कुमार पटेल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ मनोज तोमर ने बताया कि ई रिक्शा को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल परिसर में खड़े स्कूली वाहन में लगी आग

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



बच्चों को छोड़ने के बाद विद्यालय परिसर में खड़े स्कूली वाहन मैजिक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से लपटें उठने लगीं। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया।

मिली जानकारी के अनुसार आसपुर देवसरा थाना इलाके के सैफाबाद बाजार स्थित डीआरएम कॉन्वेंट स्कूल के वाहन चालक ने बच्चों को छोड़ने के बाद वाहन को विद्यालय परिसर में खड़ी कर दिया। कुछ देर बाद अचानक मैजिक में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते लपटें उठने लगीं। जहां मैजिक खड़ी थी उसी के आसपास साइकिल से स्कूल आने वाले बच्चों की साइकिल खड़ी हुई थी। मैजिक डाला में आग लगने से विद्यालय परिसर में काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा। स्कूल में लगे समरसेबल चलाकर स्टाफ व स्कूली बच्चों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाई। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पूरी गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी। संयोग ही रहा कि कोई बच्चा इसकी चपेट में नहीं आया। वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जिस समय यह घटना घटी उस अधिकतर बच्चे क्लास के अंदर पढ़ाई कर रहे थे। जिस वक्त बच्चों को लेकर यह गाड़ी सड़क पर दौड़ रही थी उस समय यदि आग लगी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। चर्चा है कि गाड़ी विद्यालय प्रबंधक ने उन्होंने कई वर्ष पूर्व खरीदी थी जिसका वर्तमान में कागजात भी उपलब्ध नहीं है।

## घर वाले मेरी दूसरी शादी करना चाहते थे पत्नी की हत्या कर देंगे सोचा भी नहीं था

**कुशीनगर।** मेरे माता-पिता मेरी दूसरी शादी करवाना चाहते थे। वे मेरी पत्नी को पसंद नहीं करते थे। इसलिए अक्सर उसे प्रताड़ित करते पर वे उसकी हत्या कर देंगे यह कभी नहीं सोचा था। यह कहना है विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी निवासी बृजकिशोर का।

शुक्रवार रात उसकी आठ माह की गर्भवती पत्नी रिंकी की उसके छोटे भाई टुनटुन ने सोते समय चाकू मार कर हत्या कर दी थी। रविवार को पुणे से गांव पहुंचे बृजकिशोर ने पत्नी का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, रिंकी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सास-ससुर समेत सात पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बैकुंठपुर कोठी गांव निवासी बृजकिशोर पुणे में काम करता है।

# एक्सीलेंस क्लासेज में विज्ञान प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता संपन्न

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज



ठूठीबारी क्षेत्र के राजाबारी स्थित एक्सीलेंस क्लासेज में विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ई. वरुण शर्मा (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया गया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामहर्ष इंटर कॉलेज के संस्थापक रामहर्ष शर्मा, डॉ. अजय दुबे और विश्वम्भर पाण्डेय रहे।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विविध वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। इनमें प्रदूषण नियंत्रण, वाल्केनो फाउंटेन, ऑपरेशन सिंदूर, किडनी वर्किंग, वाटर रिसाइकल, एयर पॉल्यूशन साइंस आदि मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली ने भी सभी का ध्यान खींचा। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का निरीक्षण कर बच्चों से उनके मॉडलों से संबंधित सवाल पूछकर उनका उत्साहवर्धन किया। वही क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 12 के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम स्थान खुशी गोंड, द्वितीय कुमकुम साहनी, तृतीय अभिषेक निषाद, चतुर्थ रमेश गौतम और पंचम तनु जायसवाल रहीं। कक्षा 10 में प्रथम स्थान आर्यन कसौधन, द्वितीय अनीशा, तृतीय माया पटेल, चतुर्थ रवि किशन भारती तथा पंचम सबीना खातून रहीं। कक्षा 9 में प्रथम स्थान शैलजा साहनी, द्वितीय रागिनी कसौधन एवं तृतीय निधि यादव ने प्राप्त किया।

गत वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 के कोचिंग टॉपर पलक निगम, विशाल कांदु तथा हाई स्कूल के कोचिंग टॉपर दिव्यल और सिद्धार्थ निगम को भी सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन में कोचिंग संचालक सुरेश गुप्ता, जितेंद्र पाण्डेय, दिनेश मणि त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, नूरे आलम और बैजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जौनपुर के सुईथाकला ब्लॉक प्रमुख को लगा बड़ा झटका

## क्षेत्र पंचायत के सभी 45 परियोजनाओ का टेंडर निरस्त, बड़े भ्रष्टाचार की पुष्टि

**सुईथाकला ब्लॉक में करोड़ों का निविदा घोटाला: पहले से बने कामों की दोबारा टेंडरिंग, जांच रिपोर्ट दबाई गई**



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र पंचायत में विकास कार्यों से जुड़े कथित टेंडर घोटाले पर आखिर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सभी 45 परियोजनाओ का टेंडर निरस्त कर दिए। लंबे समय से उठ रहे सवालों, जनप्रतिनिधियों के आरोपों और जन एक्सप्रेस की लगातार उठाई गई खबरों के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीर मानते हुए यह बड़ा निर्णय लिया है।

### पहले से पूरे काम पर निकाले गए नए टेंडर

जानकारी के मुताबिक, ब्लॉक प्रशासन ने जिन 45 परियोजनाओ कार्यों के लिए टेंडर जारी किया था, उनमें से करीब 60 फीसदी कार्य पहले ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा चुके थे। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आरोप था कि– पुराने और पूरे हो चुके कामों को दोबारा टेंडर में शामिल कर करोड़ों रुपये की बंदरबांट की तैयारी थी।

सदस्यों ने यह भी कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत से एनओसी नहीं ली गई, जबकि नियमों के अनुसार बिना एनओसी कोई नया टेंडर जारी नहीं किया जा सकता। जांच शुरू होने के बाद भी लंबे समय तक मामले को टालने की कोशिश होती रही, लेकिन आरोप इतने स्पष्ट थे कि अंततः जिला प्रशासन को पूरी प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी। अधिकारियों ने माना कि प्रक्रिया में कई स्तरों पर अनियमितताएँ थीं। शासन के निर्देश पर कार्रवाई अनिवार्य थी।इस बीच मामला विधानसभा की पंचायती राज समिति तक पहुंच चुका है, जिसमें ब्लॉक प्रमुख के कार्यकाल के सभी कार्यों की विस्तृत जांच की मांग की गई है। समिति ने रिपोर्ट तलब करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जन एक्सप्रेस इस मुद्दे को सामने न लाता, तो करोड़ों रुपये का यह खेल दबा दिया जाता।

### जनता पूछ रही

- कौन है इस खेल का मास्टरमाइंड?
- टेंडर निरस्त होने के बाद भी कई सवाल हवा में तैर रहे हैं—
- जब काम पहले ही पूरे थे, तो नया टेंडर क्यों निकाला गया?
- एन ओ सी न होने के बावजूद फाइलें कैसे आगे बढ़ीं?
- जांच टीम ने गलत स्थान की फोटो क्यों लगाई?
- क्या किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त था?

जनता की उम्मीद है कि प्रशासन सिर्फ टेंडर रद्द करने तक ही नहीं रुकेगा, बल्कि इस घोटाले में शामिल हर अधिकारी व जिम्मेदार व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई करेगा। शिकायत एवं समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों को संज्ञान में लेने के बाद मामले की जांच कराई गई जिसमें भारीअनिमियता पायी गई जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया और मामले पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।


जितेंद्र कुमार सिंह
खंड विकास अधिकारी सुईथाकला जौनपुर

### जन एक्सप्रेस की खबर बनी आधार, प्रशासन आया हरकत में

*मामले की शुरुआत से ही जन एक्सप्रेस ने पुराने कामों पर नए टेंडर निकालने और अधिकारियों की चुप्पी पर गंभीर सवाल उठाए थे। खबर का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी।*

**जांच में पाया गया कि**

- कई काम टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही करा दिए गए थे
- टेंडर सूची में गलत स्थल की फोटो लगा दी गई थी
- बैठक में प्रस्तावित कार्यों से अलग लिस्ट जारी की गई
- ब्लॉक कार्यालय के अपने भवन के पहले से पूरे काम पर भी टेंडर डाल दिया गया
- इन तथ्यों ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया और टेंडर प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए।
- ब्लॉक प्रमुख के सारे हथकंडे फेल, सभी टेंडर रद्द



### बड़ी कार्रवाई तो हुई, लेकिन जिम्मेदारी अभी तय नहीं

भले ही 45 टेंडर निरस्त कर दिए गए हों, लेकिन अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है। जिले में चर्चा है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो कई नाम सामने आ सकते हैं।

# जौनपुर में बिजली बिल राहत योजना शिविर का मंत्री ने किया निरीक्षण, 31 मार्च के बाद भी मिलेगा लाभ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अपने जौनपुर प्रवास के दौरान खानपुर ग्राम में आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का विस्तृत निरीक्षण किया। मंत्री ने शिविर में पंजीकरण प्रक्रिया, व्यवस्थाओं और लाभार्थियों को दी जा रही जानकारी का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर उपभोक्ता को योजना की सही जानकारी और सुविधा सहज रूप से मिले।

### 80 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया, योजना को लेकर दिखा उत्साह

शिविर में कुल 80 विद्युत उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। कई उपभोक्ता लंबे समय से बकाया बिल के तनाव में थे, लेकिन योजना की सकारात्मक जानकारी ने उनमें राहत और विश्वास पैदा किया। ग्रामीणों ने इसे सरकार की ओर से ऐतिहासिक सहायता बताया, जिससे उनके आर्थिक बोझ में काफी कमी आएगी।

### 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले भी अब होंगे लाभार्थी

निरीक्षण के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले उपभोक्ता भी अब योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए। मंत्री ने साफ कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र उपभोक्ता लाभ से वंचित न रहे।

### 31 दिसंबर तक पंजीकरण पर मिलेगी 25त्न तक की विशेष छूट

ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली का बकाया है, वे अवश्य पंजीकरण कर लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 31 दिसंबर तक पंजीकरण करने वालों को 25त्न तक की विशेष छूट दी जाएगी। इसके बाद यह छूट कम कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए ऐतिहासिक राहत है। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारी, विद्युत उपभोक्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

# जौनपुर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री के घर शोक संवेदना व्यक्त करने

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



यूपी सरकार में डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे उनके पैतृक आवास समस पनियरिया पहुंचे हुए थे वहीं कोडीन कफ सिरफ को लेकर के पूछे गए सवाल पर कहा कि कफ सिरफ प्रकरण की जांच एक चल रही है जो भी दोषी ह उसको बख्शा नहीं जाएगा, वही वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के सवाल पर जवाब देते हुए की आप अखिलेश यादव के कार्यकाल की तुलना योगी सरकार से करेंगे तो आप पायेगी कि अखिलेश की सरकार में हत्या लुट, बलात्कार, प्लाट, मकान, दुकान कब्जा टेंडर लुट के मामले पिछ्ली सरकार में ज्यादा था, लॉयन आर्डर की बात करे तो आप को बीजेपी की योगी सरकार में लायन ऑर्डर बेहतर दिखाई देगा,

सर को लेकर पूछे गए सवाल को लेकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बताया कि बिहार में करीब 65 लाख वोटो को ह्यद्बह्न में काट दिया गया इन 65 लाख लोगों में किसी ने कोई शिकायत की,विपक्ष इस लिए हताश है कि 65 लाख वोटो कटने के बाद बिहार में विधानसभा चुनाव हुए जिसके बाद विपक्ष को करारी शिकस्त मिली जिसके कारण विपक्ष हताश और निराश है। लोकतंत्र की सुचिता के लिए स्ढ्ढक्र बहुत जरूरी है क्योंकि जो स्ढ्ढक्र में पृथक किया गए मृतक, बच्चों या घुसपैठिए है उनके नामो को हटाया गया है, जैसे मन की सुचिता के लिए योग की आवश्यकता है वैसे ही लोकतंत्र की सुचिता के लिए स्ढ्ढक्रकी आवश्यकता है। बुलडोजर पर अखिलेश के तंज के सवाल पर जवाब देते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि कोई भी अखबार या चैनल की कटिंग निकाल लीजिए आपको पता चल जाएगा और अखिलेश यादव का मुंह बंद हो जाएगा। बीजेपी 2027 में 2017 का इतिहास दोबारा दोहराने जा रही है और प्रचंड बहुमत से बीजेपी करीब 315 सीटों से सरकार बनाने जा रही है।

# पीआरवी कर्मियों को क्राइम सीन किट प्रशिक्षण, डेमो प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस। बस्ती



पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त व क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी के मार्गदर्शन में सोमवार को यूपी-112 जनपद बस्ती के पीआरवी कर्मियों को क्राइम सीन किट के उपयोग एवं घटनास्थल प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी रूधौली कुलदीप सिंह यादव और प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

इस दौरान एक काल्पनिक घटना का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। डेमो में दिखाया गया कि कचहरी जा रहे एक व्यक्ति पर विरोधियों ने रास्ते में हमला कर उसके दस्तावेज जलाने का प्रयास किया। पीड़ित की सूचना पर पीआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुँची और प्राथमिक उपचार देने के साथ ही घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए उपलब्ध साक्ष्यों को येलो टेप और अन्य उपकरणों की मदद से सुरक्षित किया। आग पर नियंत्रण हेतु फायर एस्टिंग्यूशर का प्रयोग किया गया तथा पीड़ित को तत्काल अस्पताल भेजा गया।

थोड़ी ही देर में फायर सर्विस की टीम भी मौके पर पहुँची और आग को पूर्णतः बुझाकर सहायता प्रदान की। इसी क्रम में एफएसएल टीम ने सुरक्षित किए गए साक्ष्यों को वैज्ञानिक परीक्षण हेतु संकलित किया।

अधिकारियों ने पीआरवी कर्मियों को बताया कि किसी भी घटना में यूपी-112 पहला रेस्पांडर होता है। इसलिए घटनास्थल का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। साक्ष्यों को नुकसान से बचाना, भीड़ और अनधिकृत व्यक्तियों को दूर रखना, ग्लव्स व मास्क का उपयोग करना, फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग करना तथा प्रत्येक गतिविधि का दस्तावेजीकरण करना अनिवार्य बताया गया। प्रशिक्षण में 50 फीट का सुरक्षा घेरा बनाए रखने और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया।

डेमो के दौरान प्रभारी फायर सर्विस कन्हैया लाल यादव, स्नरू रामजी यादव, स्नरूकृष्णा सिंह कुशवाहा, स्नरू सुधीर कुशवाहा, एफएसएल टीम के अवधेश साहनी, अजय चौरसिया, यूपी-112 के उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक चन्द्रकेश राय सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पुलिस की कार्यकुशलता बढ़ाते हैं, बल्कि आमजन को त्वरित सहायता और न्याय दिलाने की प्रक्रिया को भी मजबूत बनाते हैं।

इससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग और अधिक सुदृढ़ होगा।

# चोरों पर पुलिस का शिकंजा गैंग का वांछित सदस्य गिरफ्तार

**गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास**

पुलिस के अनुसार सोनू सोनी मुकदमा संख्या 225/25 में धारा 317(2)/61(2) बीएनएस के तहत वांछित चल रहा था।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम**

उ0नि0 रवि प्रकाश (चौकी प्रभारी कस्बा गौरा)
हे0का0 वीरेन्द्र यादव
का0 सुधीर साहू



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गौराबादशाहपुर थाना पुलिस ने अन्तरजनपदीय चोरी की वारदातों में सक्रिय शातिर गिरोह के एक और वांछित सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह अब तक 15 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उल्लेखनीय है कि इसी गैंग के सरगना सहित पाँच अपराधियों को पुलिस ने अक्टूबर माह में हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था।

### घटना का पृष्ठभूमि

दिनांक 02 अक्टूबर 2025 को थाना गौराबादशाहपुर में मुकदमा संख्या 225/25 धारा 109(1)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मुकदमे में महेन्द्र मौर्या, चन्दन सेठ, राज सोनी उर्फ रजत सोनी, सूरज यादव उर्फ लल्लू, ऋषि साहू, अभिमन्यु, राजेश कुमार, जयप्रकाश सोनी, भोलू पण्डित उर्फ आनन्द प्रकाश, सोनू सेठ, आशीष यादव, अमन उर्फ छर्रा तथा सौरभ हरिजन सहित कुल 13 अभियुक्त नामजद किए गए थे। इनमें से पाँच अभियुक्त पहले से वांछित चल रहे थे जिनकी खोज में पुलिस लगातार सुरागरसी-पतारसी कर रही थी।

### गिरफ्तारी का विवरण

शनिवार 08 दिसंबर 2025 को उ0नि0 रवि प्रकाश एवं उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त सोनू सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी, निवासी ग्राम भलुवाही, बदलापुर, जौनपुर, बनरहिया बाग के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर उसे सुबह लगभग 10ः40 बजे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के पश्चात अभियुक्त को थाना लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की तैयारी की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि गिरोह के शेष सदस्यों की तलाश में दबिशें जारी हैं और जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।

# दबंगों ने तोड़ा मकान, पीड़ित ने लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



लालगंज थाना क्षेत्र के पिपरपाती मुस्तहकम निवासी दुर्गेश यादव ने गांव के कुछ दबंगों पर उनका मकान जबरिया ढहाने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। पीड़ित ने कुदरहा पुलिस चौकी में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा उपलब्ध कराने की अपील की है।

दुर्गेश यादव ने बताया कि वे डिहुकपुरा उर्फ शुकुलपुर बेलवरिया गांव में नेवासे पर रहते हैं। उनका कहना है कि 8 दिसम्बर सोमवार को हेमन्त, यशवंत, सर्वजीत तथा अन्य लोग अचानक उनके घर पहुंचे और बिना किसी अनुमति, नोटिस या विवाद समाधान के सीधे मकान तोड़ना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्हें डराया-धमकाया भी गया।

पीड़ित के अनुसार घटना की सूचना उन्होंने तत्काल डायल 112 पर दी, लेकिन मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई न होने से दबंगों का साहस और बढ़ गया। दुर्गेश ने कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत से परिवार के लिए छोटा-सा आशियाना बनाया था, जिसे क्षण भर में उजाड़ दिया गया।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से शिकायत करते हुए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही, हुए नुकसान की भरपाई और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों से भी न्याय की मांग करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने सुनी आमजन की समस्याएँ, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौश्तुभ द्वारा पुलिस कार्यालय पर पहुँचे सभी फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक एवं गंभीरता से सुना गया। प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सीधी वार्ता कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एसपी ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक पीड़ित को समयबद्ध न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु उन्होंने दूरसंचार माध्यम से ही संबंधित थानों के प्रभारी एवं अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी किए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता भी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने लोगों से प्राप्त समस्याओं के समाधान में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

### शिक्षक संगठनों की चेतावनी- टेट मुद्दे पर 10 दिसम्बर को दिल्ली में बड़ा जमावड़ा

जन एक्सप्रेस। बस्ती। टेट अनिवार्यता को लेकर चल रहे विवाद के बीच उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर शिक्षकों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली कूंच की तैयारियों व आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 10 दिसम्बर को जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक अपने साधनों, रेल व बसों से दिल्ली कूंच करेंगे। 11 दिसम्बर को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के माध्यम से टेट अनिवार्यता के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठनात्मक गतिविधियों के तहत 22 दिसम्बर को प्रेस क्लब सभागार में जनपदीय अधिवेशन हेतु पदाधिकारियों का नामांकन, 24 दिसम्बर को जांच एवं नाम वापसी

# जफराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई 10 लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**गिरफ्तार अभियुक्त**

सतीश कुमार यादव उर्फ लालू यादव, उम्र 27 वर्ष
निवासी- भुवालापट्टी, पोस्ट जगदीशपुर, थाना जफराबाद, जौनपुर
आपराधिक इतिहास
मुकदमा संख्या 280/2025, धारा 60 आबकारी अधिनियम

थाना जफराबाद पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर एक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को धर-दबोचा। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के दिशा-निर्देशन में की गई, जिसके बाद टीम ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जगदीशपुर बगीचा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही उ0नि0 जयदीप कोल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। लगभग शाम 7 बजे पुलिस ने घेराबंदी कर सतीश कुमार यादव उर्फ लालू यादव, निवासी भुवालापट्टी, पोस्ट जगदीशपुर, थाना जफराबाद को दबोच लिया। उसके कब्जे से प्लास्टिक जरीकेन में भरी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

पुलिस उसे थाने ले आई और उसके खिलाफ मुकदमा संख्या 280/2025, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मामला पंजीकृत कर लिया गया। पुलिस के अनुसार अवैध शराब की यह खेप आस-पास के इलाकों में सप्लाई की जानी थी। उ0नि0 श्रीप्रकाश शुक्ला, थानाध्यक्ष जफराबाद, उ0नि0 जयदीप, हे0का0 सुधीर दूबे, का0 दीपक दीक्षित, का0 राकेश गौड़, हो0गा0 सुनील कुमार पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अपहरण, बंधक बनाकर प्रताड़ना और प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश, दबंग गैंग के खिलाफ पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लाइनबाजार थाना क्षेत्र का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें ग्राम मण्डवीवर उर्फ पचहटियां निवासी शिव उजागर चौहान ने कुख्यात अपराधियों पर अपने अपहरण, अवैध कैद, नशीला पदार्थ देकर प्रताड़ित करने तथा प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस पूरे प्रकरण में एसपी जौनपुर से कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

प्रार्थी ने अपने प्रार्थना-पत्र में बताया कि रतन चौहान, जो थाना लाइनबाजार का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है, अपने सहयोगियों संगीता चौहान, सूरज उर्फ फुलवारी, पप्पू, जयप्रकाश सिंह और ग्राम समयपुर जफराबाद के प्रधान दौलत सिंह के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह की तरह काम करता है। रतन पर पहले से कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, धमकी, आगजनी, धोखाधड़ी, जालसाजी और गंभीर अपराध शामिल हैं।

पीड़ित के अनुसार 02 अक्टूबर को रतन ने उसे बहला-फुसलाकर शराब पिलाई और नशे की हालत में तारापुर कॉलोनी स्थित दूसरे माले के कमरे में बंद कर दिया। भारी गेट को गिरोह का मुख्य सदस्य दौलत सिंह नियंत्रित करता था। कई दिनों तक उसे शराब, मूंगफली और हल्का भोजन देकर नशे में रखा गया ताकि वह होश में न आ सके।

आरोप है कि 15 नवंबर को दाढ़ी बनवाने के बहाने उसे बाहर ले जाकर रजिस्ट्री कार्यालय पहुँचाया गया, जहाँ उसकी फोटो खिंचवाई गई और जबरन कागजातों पर हस्ताक्षर/अंगूठा लगवाया गया। प्रार्थी को आशंका है कि आरोपियों ने उसकी जमीन-जायदाद हड़पने की योजना के तहत यह सब किया।

17 नवंबर को रतन उसे अपने घर ले गया, जहाँ उसकी पत्नी और पुत्र ने उसे देखा और छुड़ाने की कोशिश की। लेकिन आरोपियों ने दोनों से मारपीट कर उन्हें भगा दिया। पीड़ित के अनुसार इस घटना का वीडियो प्रमाण मौजूद है, बावजूद इसके किसी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई।

4 दिसंबर को एक बच्ची द्वारा गेट खोलने पर प्रार्थी किसी तरह बाहर निकला और सीधे चौकिया पुलिस चौकी पहुँचा, मगर वहाँ भी कोई कार्रवाई न होने का आरोप लगाया।

संगठित गिरोह से जान का खतरा, स्क्र से सुरक्षा व स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग पीड़ित ने कहा कि दबंग प्रधान दौलत सिंह लगातार जान से मारने की धमकियाँ देता रहा। कई स्थानीय लोग जैसे राजू, मानसी, जितेंद्र, सोनी इत्यादि इस पूरी घटना के गवाह हैं। आरोपियों के विरुद्ध अपहरण, अवैध बंधक बनाना, नशीला पदार्थ देना, धोखाधड़ी, जबरन दस्तावेज तैयार कराना सहित संगठित अपराध की धाराओं में स्नढ्ढक्र दर्ज की जाए। गिरोह पर कठोर कार्रवाई की जाए। उसके और परिवार की त्वरित पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# एसआईआर : फीडिंग पूरी अब मैपिंग के काम ने तेज़ी पकड़ी, दिए गये बीएलओ एप के टिप्स

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्य जनपद में पूर्ण सक्रियता से संचालित है। वर्ष 2025 की मतदाता सूची में चिन्हित ऐसे सभी मतदाताओं का डेटा, जिनका स्वयं अथवा उनके परिजनों का नाम वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली में उपलब्ध था और जिसका बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कर मैपिंग किया गया था, अब भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ एप्प पर उपलब्ध करा दिया गया है। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में एसआईआर मैपिंग के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ एप्प के एडिट विकल्प के माध्यम से वर्ष 2003 की सूची के अनुरूप ऑनलाइन मैपिंग का कार्य कर रहे हैं। जिन मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 तथा वर्ष 2025 दोनों की मतदाता सूची में पाया जाता है, उन्हें सेल्फ श्रेणी में दर्ज किया जा रहा है, जबकि जिनका नाम 2003 की सूची में उपलब्ध नहीं है, वे प्रोजनी श्रेणी में दर्ज किए जा रहे हैं। नो मैपिंग श्रेणी में आने वाले मतदाताओं को आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार नोटिस जारी किया जाएगा। वर्ष 2003 मतदाता सूची के अनुसार 292 कन्नौज, 293 उमर्दा, 294 छिबरामऊ तथा 295 कमालगंज विधानसभा क्षेत्र सम्मिलित थे, जिनकी आधार सूची को इस प्रक्रिया में संदर्भ के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। मतदाता का विवरण भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर सर्च कर सत्यापित किया जा सकता है। इसी प्रकार एस आई आर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ एप पर गणना प्रपत्र भरने एवं फोटो परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कन्नौज के सभी बूथ लेवल अधिकारी प्रशिक्षित, दक्ष तथा मेहनती हैं और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ के सहयोग के लिए लगाए गए अन्य अधिकारियों द्वारा भी गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग की दिशानिर्देशों के अनुरूप मैपिंग प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों को विधिवत नोटिस भेजा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण एवं समीक्षा सत्र का संचालन तहसीलदार सम्वध्द अभिनव कुमार वर्मा ने किया।

# बिजली बिल राहत योजना में लगे दर्ज़नो कैम्प, 494 उपभोक्ता हुए लाभान्वित

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि बिजली बिल राहत योजना-2025 के अंतर्गत आज जनपद कन्नौज के विभिन्न ग्रामों एवं मोहल्लों–आज दिनांक 08.12.2025 को बिजली बिल राहत योजना 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज में ग्राम फिरोजपुर तारन, गोधनी, खैरनगर, बहादुरपुर, पटेल नगर, सतौरा, रूरा, अहमदपुर रौनी, पैथाना, सुल्तनापुर एवं मो0 बड़ा बाजार, काजीटोला, ग्राम जलखरिया, किशई जगदीशपुर, सिंहपुर, कैरवा, डिंगरी, उधारनपुर, नगला पीपल, कुंवरपुर बनवारी, अमरौली, मुर्रा, लालपुर, गढ़िया बलिदासपुर में विशेष कैम्पों का सफल आयोजन किया गया। इन कैम्पों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 494 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही योजना का लाभ प्राप्त करते हुए अपने बकाया बिलों का निस्तारण कराया। आयोजित कैम्पों में उपभोक्ताओं द्वारा कुल 28.27 लाख की धनराशि जमा की गई, जिससे योजना के प्रति जनमानस की सकारात्मक प्रतिक्रिया स्पष्ट होती है। कल मढहरपुर ककलापुर लिलुइया जगनपुरवा रामपुर मझिला जलालपुर बडा बाजार रंगियनपुरवाग पुरानी ठठिया हैवतपुर कटरा हिम्मतपुर मधुपुर भानपुर सवापुर सिंहपुर कबीरपुर बखरिया रौरी हाथिन बडा महोना सिमरापार किस्तियापुर व पायेपुर्वा में कैम्प आयोजित किए जाएगे। विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि योजनांतर्गत कैम्प आगे भी निर्धारित तिथियों पर लगाए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके। विभाग ने जनता से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने बिजली बिलों से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राष्ट्र सुरक्षा के लिए एसआईआर अहम- भुल्लन वर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत कस्बा सिद्धौर में समीक्षा करने पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने एसआईआर को राष्ट्र सुरक्षा के लिए अहम बताकर शेष दिनों में लक्ष्य की पूर्ति का आह्वाहन किया उन्होंने बूथ अध्यक्षों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत कर उनके साथ बैठक करते हुए कहा डिजिटल डिजिटाइजेशन तथा मैपिंग का अंतिम चरण चल रहा है किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटना नहीं चाहिए बूथो पर पहुंचकर अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी लेखपाल आनंद प्रकाश व बीएलओ से एसआईआर की प्रगति की जानकारी ली। सिद्धेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की मंदिर समिति ने स्वागत करते हुए उन्हें गणेश जी की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमरीश रावत, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू, डॉ राजेंद्र वर्मा, प्रमोद वर्मा, तेजबक्श सिंह, गुड्डू रामराज कनौजिया, हनुमान वर्मा, अजय वर्मा, रमाकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### महिला पुलिस कर्मी को एसपी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सोमवार को मानवीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मी थाना बड्डूपुर, मिशन शक्ति टीम को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोतवाली बड्डूपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा बीती 6 दिसम्बर को कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम बुढ़ाना निवासिनी 09 माह की गर्भवती महिला उपचार हेतु घुंघटेर जा रही थी कि रास्ते में ही प्रसव पीड़ा शुरु हो गई। उक्त सूचना पर कोतवाली बड्डूपुर की मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, महिला आरक्षी मोनी वर्मा, महिला आरक्षी प्रतिभा कुमारी के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय स्तर से चिकित्सक की व्यवस्था कराते हुए महिला की नार्मल डिलिवरी कराई गई एवं एम्बुलेंस से सीएचसी घुंघटेर भेजा गया। उक्त मानवीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा कोतवाली बड्डूपुर मिशन शक्ति टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत से सम्मानित किया गया।

### फार्मासिस्ट मारपीट प्रकरण, पुलिस ने दो को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को बच्ची के उपचार को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में फार्मासिस्ट से गाली गलौज व मारपीट मामले में पुलिस ने दो लोगों को जेल भेज दिया। मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में बीते शनिवार की सुबह सलाहुद्दीन व सरवर अली निवासी डडियामऊ अपनी पुत्री कैकेशा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर मौजूद डाक्टर द्वारा उसकी जांच की गई। जिसमें बच्ची को छिटपुट परेशानी को देखते हुए फार्मासिस्ट ने उसको इंजेक्शन लगा दिया। जिस पर तीमारदार सलाहुद्दीन व सरवर अली इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वही फार्मासिस्ट का आरोप है कि तीमारदार दोनों लोगों ने गालियां बकते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। इस बीच फार्मासिस्ट ने अपने को कमरे में बंद कर किसी तरह से अपनी जान बचाई। वही सीएचसी प्रभारी ने मामले को संवेदनशील देखते हुए पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को दोनों लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व सरकारी कर्मचारी से मारपीट का प्रयास से सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनो को जेल भेज दिया है।

### लापता शिक्षक की लटकती मिली लाश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कोतवाली बदोसरांय के किन्तूर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय मोहित यादव उर्फ पप्पू पुत्र माधवराम के रूप में हुई है, जो अखाड़ापुरवा किंतूर गांव का निवासी था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहित यादव बीती 7 दिसंबर की शाम से लापता था। भाई अशोक कुमार के अनुसार वह उस शाम किसी से फोन पर बात करते हुए घर से निकले थे और फिर वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 8 दिसंबर की सुबह मोहित के भाई अशोक कुमार ने कोतवाली बदोसराय पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर मोहित की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार शाम करीब 4 बजे गांव के बाहर रफी के खेत में लगे चिल्वल के पेड़ से मोहित का शव मफलर के फंदे से लटका हुआ पाया गया। शव के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। मृतक मोहित यादव एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक का कार्य करता था। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। बड़ा बेटा शिवम 15 वर्ष का है, जबकि छोटा बेटा सूरज 12 वर्ष का है। कोतवाली बदोसराय प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने इस संबंध में बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### दंपति ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हरख रेंज क्षेत्र अंतर्गत सोमवार कोएक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली, जब नव–विवाहित दंपति मुकुल श्रीवास्तव एवं आयुषी ने अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत सप्तऋषि आश्रम स्थित प्राचीन देवघरा माता मंदिर में पूजा–अर्चना कर की। पूजा उपरांत दंपति ने जीवन की शुभ शुरुआत को प्रकृति संरक्षण से जोड़ते हुए एक नीम तथा एक कचनार के पौधे का रोपण किया। वृक्षों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने दोनों पौधों के चारों ओर आयरन जाली लगवाकर संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं ली। उनकी इस पहल को स्थानीय लोगों एवं वन विभाग द्वारा अत्यंत सराहनीय कदम बताया गया। नवविवाहित दंपति ने कहा कि 卐वृक्ष बिना जीवन नहीं है। यदि हम सभी एक–एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का दायित्व निभाएँ, तो पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश समाज में फैलाया जा सकता है।卐 वन विभाग हरख रेंज ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि ऐसे प्रेरक प्रयास समाज को पर्यावरण संवर्धन की दिशा में जागरूक करते हैं और भावी पीढ़ी के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में सहायक हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम से स्थानीय जनमानस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी और यह संदेश भी गया कि दाम्पत्य जीवन की शुरुआत किसी पुण्य कार्य से करने से न केवल सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, बल्कि समाज में भी एक आदर्श प्रस्तुत होता है।

### ग्रामीणों के द्वारा किया गया खबर का खंडन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। जनपद उन्नाव के पुरवा तहसील केअंतर्गत ग्राम पंचायत ऊंच गांव सानी में गौशाला में मौके पर पहुंचकर हकीकत जाना सोशल मीडिया पर ऊंचगांव सानी के गौशाला का मामला तेजी से चल चल रहा था, मौके पर मीडिया पहुंचकर जांच किया तो ग्रामीणों ने जो पहले से खबर सोशल मीडिया पर चल रही थी उसे खबर का ग्रामीणों ने किया खंडन ग्रामीणों का कहना है गौशाला में भूसा का भंडार पानी की भरपूर व्यवस्था जोकर साफ सफाई पूर्ण रूप से व्यवस्थित पाई गई ग्राम प्रधान अतुल कुमार का ग्राम के लोगों ने जमकर किया प्रशंसा ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान अतुल कुमार चौधरी मवेशियों की गौशाला में बहुत ही उचित व्यवस्था कर रखी हैं।

# मनरेगा योजना द्वारा कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट हेतु खुली बैठक का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव जनपद के विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के पंचायत भवन में वर्ष 2024 -25 में मनरेगा योजना द्वारा कराए गए कार्यों का सोशल ऑडिट हेतु खुली बैठक का आयोजन पंचायत भवन सिंघनापुर के सभागार में मनरेगा श्रमिक राजाराम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

जिसमें सोशल ऑडिट की टीम के प्रमुख गंज मुरादाबाद ब्लॉक में तैनात ब्लॉक रिसोर्स पर्सन अरविंद पटेल और उनकी टीम में शामिल ब्लॉक हसनगंज के अजेश सिंह अनीता देवी जयप्रकाश ने ग्राम पंचायत सिंघनापुर में कराए गए कार्यों का जहां भौतिक सत्यापन किया वही सारे मनरेगा के अभिलेखों को श्रमिकों के सामने पढ़कर के सुनाया सोशल ऑडिट की टीम में सभी श्रमिकों ने ऑडिट प्रमुख अरविंद पटेल को बताया कि मेरी ग्राम पंचायत में मनरेगा से जो भी कार्य कराए गए हैं

उन सभी कार्यो में हम लोगो ने श्रमिक के रूप में काम किया है।

ब्लॉक रिसोर्स पर्सन अरविंद पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सिंघनापुर की ग्राम प्रधान तारावती के द्वारा कराए गए कार्यों को सोशल आडिट टीम ने मौके पर जिन कार्यो को मौके पर देखा सभी गुणवत्ता पूर्वक है जो अन्य ग्राम पंचायतों से बहुत ही बेहतर है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार के अलावा किशन लाल रामदास वीरेंद्र अमरलाल लज्जावती फुलवासा धर्म देवी रामदेवी उमा बिलासा माया सैदुन्न निशा शिवकुमार

धीरेंद्र शिवम रामासरे धर्मराज रामदास अमरलाल आदि मनरेगा श्रमिक इस बैठक में उपस्थित रहे सभी श्रमिकों और सोशल आडिट टीम के प्रति ग्राम प्रधान पुत्र मनोज कुमार पाल ने आभार व्यक्त किया।

### जिहाद की बात करने वाले लोग हैं राष्ट्रद्रोही : वसीम राईन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलाना महमूद मदनी के बयान की निंदा की उन्होंने कहा की मदनी का बयान देश के मुसलमानों को भड़काने वाला है लेकिन पसमांदा मुसलमान इनके चक्कर में आने वाला नहीं है पसमांदा मुसलमान राष्ट्रवादी देश प्रेमी है वो विदेशी मुसलमानों के साथ नहीं है वो देश के साथ देश की सरकार के साथ है देश में पसमांदा मुस्लिम जागरूक हो गया है मदनी एंड कंपनी पंजे वाली पार्टी से डील करते थे अब ये दुकान बन्द होने की कगार पर है क्यों की पसमांदा मुसलमान जागरूक हो गए बिहार में जिस तरह से एनडीए के साथ जाकर सरकार बनवाई है इन पिछली सरकारों से डील करने वालो की नींद उड़ी है मदनी हिंदुस्तान की सबसे बड़ी अदालत पर आरोप लगा रहे है चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे वो सिर्फ मुसलमानों को उकसा रहे है देश के खिलाफ पर इनकी ये साजिश कामयाब होने वाली नही है पसमांदा मुसलमान देश की सरकार और प्रधान मंत्री मोदी के साथ खड़ा है उसको किसी तरह की दिक्कत नही है जितना सुरक्षित मुसलमान हिंदुस्तान में सायद किसी देश मे होगा। वक्फ़ की जमीनों पर कब्जा मदनी एण्ड कम्पनी का किसी गरीब पसमांदा मुसलमान का नहीं है इसीलिए मदनी को दिक्कत हो रही है। जिहाद की बात करने वाले लोग राष्ट्रद्रोही हैं इनका मकसद देश का माहौल खराब करना है पर देश में कानून का राज चलेगा जो लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करे।

# श्रीराम कथा हमें जीवन में मर्यादा के साथ जीवन जीने की देती है प्रेरणा

### भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

फतेहपुर। नगर क्षेत्र स्थित शक्ति धाम महादेव तालाब पावन तट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों भक्तों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। सुप्रसिद्ध कथावाचक आलोक सरस के मुखारबिंदु से पावन श्रीराम कथा का रसपान 8 से आगामी 14 दिसम्बर तक श्रद्धालु रसपान कर सकेगें। मालूम हो नगर फतेहपुर क्षेत्र स्थित शक्ति धाम महादेव तालाब पर सात दिवसीय पावन श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर विधि विधान से कलश की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात महादेव तालाब के पावन घाट से जल भरकर महिलाओं ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। ढोल नगाड़ों व करतल ध्वनि के साथ शुरू हुई कलश यात्रा मुंशीगंज बाजार, पटेल चैराहा, ब्लाक चैराहा, तहसील चैराहा होते हुए पुन मंदिर परिसर में यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। वही कथा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक श्री वर्मा ने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कथा हमें जीवन में मर्यादा के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उनके आदर्शों का अनुसरण समाज का हर व्यक्ति अगर करें तो राम राज्य की कल्पना वर्तमान समय में भी साकार हो सकती है। समाज के हर एक मानव को चाहिए श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर इस भवसागर से पार हो सकता है। और कर्तव्य व निष्काम भाव से की गई समाज सेवा का फल सदैव हितकारी होता है। इस दौरान कथा आयोजक मंडल ने बताया, आगामी 14 दिसम्बर तक दोपहर व संध्या वेला में पावन कथा का अनुसरण श्रद्धालु कर सकेंगे। इस मौके पर बाबा हेमंत दास, विपिन राठौड़, राजेश पाठक, रमेश वाजपेई, अनिल शर्मा, विजय गुप्ता, अंजु चंद्रा, नरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्मा के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### प्रशिक्षु कलेक्टर ने किया रैन बसेरा और अलावों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। आज शाम असिस्टेंट कलेक्टर/ प्रशिक्षु आईएएस अफसर अर्पित कुमार द्वारा मोहल्ला सरायमीरा बस स्टॉप स्थित रैन बसेरा व विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर स्थित शेल्टर होम का निरीक्षण किया गया। रैन बसेरे की व्यवस्थाओ एवं यहां जल रहे अलाव पर उन्होंने सन्तुष्टि जताई। विनोद दीक्षित अस्पताल स्थित शेल्टर होम के निरीक्षण में व्यवस्थाएं अच्छी एवं पर्याप्त पाई गई परन्तु भवन की क्षमता का पूर्ण रूप से उपयोग बढ़ाए जाने हेतु प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका परिषद कन्नौज के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए वर्तमान में कुल 07 स्थानों क्रमशः रेलवे स्टेशन पर 02 प्याइन्ट, बस स्टॉप स्थित रैन बसेरा, बस स्टॉप के सामने पुलिस चौकी, विनोद दीक्षित अस्पताल स्थित शेल्टर होम, कलेक्ट्रेट परिसर में 02 प्वाइन्ट पर अलाव जलाए जा रहे है। ठण्ड बढ़ने पर पालिका द्वारा विभिन्न और स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी।



# सीएचसी का दिल्ली आईआईएचएमआर टीम ने किया निरीक्षण



■ संकल्प कार्यक्रम के तहत ओपीडी से कोल्ड चेन तक स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। भारत सरकार के संकल्प कार्यक्रम के तहत राजमार्ग स्थित सीएचसी में सोमवार को आईआईएचएमआर दिल्ली से आई 20 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। रिसर्च ऑफिसर डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. प्रशस्ति अग्रवाल एवं डॉ. पुनीत सिंह के निर्देशन में टीम ने सीएचसी के ओपीडी, इमरजेंसी, एमएनसीयू, महिला वार्ड, ऑपरेशन थिएटर तथा कोल्ड चेन रूम का दौरा किया। टीम ने मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं की बारीकी से जानकारी ली। विशेषकर एमएनसीयू में नवजात शिशुओं को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं तथा कोल्ड चेन रूम में बच्चों की वैक्सीनों के रखरखाव पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र अस्थाना, डॉ.अखिलेश विक्रम, स्टाफ नर्स दीपशिखा व मंजू, प्रशांत दीक्षित समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने पर केंद्रित है।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गई



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सोमवार को को जिलाधिकारी के निर्देशन, मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में व जिला प्रोबेशन अधिकारी के पर्यवेक्षण में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ब्लॉक बांगरमऊ में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बाल विवाह, बाल श्रम की रोकथाम पे चर्चा किया गया और चाइल्ड हेल्प लाइन कोऑर्डिनेटर दिवाकर ओझा द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करी गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी, खंड चिकित्साधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धा और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# गुरसेल गोलीकांड! एसपी ने गठित की चार टीमें, कई बिंदुओं पर हो रही है जांच

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। क्षेत्र के गांव गुलसेल में दिनदहाड़े बीते शनिवार को बेख़ौफ़ बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक का इलाज लखनऊ के लोहिया अस्पताल में चल रहा है। जिसकी वजह ढूंढने में पुलिस जुटी हुई है। इस गोली कांड को लेकर सीओ जगतराम कनौजिया के नेतृत्व में पुलिस ने चार टीमें गठित कर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। लेकिन अभी तक हमलावर पुलिस के हाथ नहीं चढ़ सके हैं। बीते शनिवार को कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के गांव गुरसेल में गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा गांव उस समय दहशत से भर गया। जब इसी गांव के निवासी लालता चंद उम्र 32 वर्ष अपने खेत में दवा छिड़क कर वापस अपने घर आ रहे थे। इसी बीच घात लगाए कार सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ उन पर दो राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुए इस हमले में उनके बाएं पैर को चीरते हुए गोली उस पार निकल गई। खून से लथपथ युवक को गिरता देख कार सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली की तड़तडाहट सुनकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। गोली कांड की खबर मिलते ही बिना समय गंवाए पुलिस मौके पर पहुंच गई। और आनन-फानन में खून से लथपथ घायल युवक को सीएससी फतेहपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां पर लोहिया अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। वही घायल युवक की पत्नी रोली ने बताया, तीन माह पूर्व गांव के ही एक विवाद साजिशन मेरे पति को जेल भिजवा दिया गया था। जो की एक माह पूर्व वह जेल से छूटकर आए हैं वहीं गांव की ही रेनू चैधरी को पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। सूत्रों की माने पुरानी रंजिश के चलते ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। वही पीड़ित की पत्नी रोली ने पुलिस को गांव के ही सिद्धार्थ, हिमांशु, सोनी लोगों के विरुद्ध नाम जद तहरीर देखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों को अभी तक पकड़ नहीं पाई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगत राम कनौजिया ने बताया, गोली कांड मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं जिसमें स्वाट और कोतवाली पुलिस भी शामिल है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर डीएम, एडीएम ने दिया गुप्त दान

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रतीक चिन्ह (फ्लैग) लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने दानपात्र में अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि झण्डा दिवस हमें देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों और राष्ट्रसेवा में निरंतर तत्पर पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। प्रत्येक नागरिक को उनके सम्मान एवं कल्याण के लिए यथासंभव सहयोग करना चाहिए।

# जितने साल से मोदी पीएम उतने साल नेहरू जेल में रहे: प्रियंका गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल की वायनाड सीट से चुनकर लोकसभा पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी वंदे मातरम पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद में इस समय ये चर्चा इसलिए कराई गई, क्योंकि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। प्रियंका गांधी ने संसद में आगे कहा कि वंदे मातरम केवल भावना नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई की ताकत और नैतिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस गीत ने ब्रिटिश साम्राज्य को भी झुकने पर मजबूर किया था। प्रियंका ने कहा कि वंदे मातरम नाम लेते ही स्वतंत्रता संग्राम की यादें और उसका साहस सामने आ जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक की राजनीति उभरी तब ये गीत विवादित होने लगा। उन्होंने आगे कहा कि 1937 में नेताजी कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन कर रहे थे। 20 अक्तूबर का लेटर उन्होंने सुनाया, लेकिन इससे पहले उन्होंने नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी, इसका पीएम मोदी ने जिक्र नहीं किया।



### आज के पीएम पहले जैसे नहीं रहे पीएम

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार का ध्यान न वर्तमान पर है, न देश के भविष्य पर। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार इतिहास में उलझाकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। प्रियंका ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी भी अब पहले जैसे नहीं रहे और उनकी नीतियां देश को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के कई लोग भी इससे सहमत हैं, इसलिए वे चुप रहते हैं। प्रियंका ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्य समस्याओं से घिरी है, लेकिन सरकार के पास समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों पर चर्चा का समय भी जल्द आएगा और तब विपक्ष अपनी बात मजबूती से रखेगा।

### पीएम अच्छे वक्ता, लेकिन तथ्य कमजोर: प्रियंका गांधी

लोकसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण प्रभावी था, लेकिन तथ्यों पर कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि पीएम ने वंदे मातरम के इतिहास का जिक्र करते समय कुछ तथ्य छोड़ दिए। प्रियंका ने बताया कि 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस के अधिवेशन में यह गीत गाया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वंदे मातरम की शुरुआत बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने दो छंदों से की थी और 1882 में उपन्यास आनंदमठ में इसके चार और छंद जोड़ दिए गए। प्रियंका ने कहा कि वह सदन में तथ्य को तथ्य की तरह रखना चाहती हैं।

### मोदी जितने साल से पीएम हैं, उतने साल तो नेहरू ने जेल में बिताए

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान सभा द्वारा स्वीकृत वंदे मातरम के स्वरूप पर सवाल उठाना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मौलाना आजाद और भीमराव आंबेडकर जैसे महान नेताओं का अपमान है। प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री 12 साल से देश चला रहे हैं, और यह वही अवधि है जितने साल पंडित नेहरू ने आज़ादी की लड़ाई में जेल में बिताए थे। प्रियंका गांधी ने कहा कि पंडित नेहरू ने 12 साल जेल में रहने के बाद देश का 17 साल तक नेतृत्व किया था। उन्होंने भाजपा पर नेहरू को बार-बार निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार को नेहरू पर चर्चा करनी है तो स्पीकर की अनुमति लेकर लंबी बहस करा ले। लेकिन उन मुद्दों पर बात भी जरूरी है, जिनके लिए जनता प्रतिनिधियों को संसद भेजती है। उन्होंने सवाल उठाया कि बेरोजगारी, गरीबी और प्रदूषण जैसे असली मुद्दों पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है।

### देश कमजोर हो रहा: प्रियंका गांधी

संसद में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार बार-बार इतिहास में उलझकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है और वर्तमान व भविष्य की ओर नजर नहीं डाल रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अब पहले जैसे नहीं रहे और सरकारी नीतियां देश को कमजोर कर रही हैं। प्रियंका ने दावा किया कि सत्ता पक्ष के कई लोग भी इस बात से सहमत हैं, इसलिए वे चुप रहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से घिरी है, पर सरकार के पास समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव पर चर्चा का समय आएगा, तब विपक्ष खुलकर बोलेगा।

### हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं: प्रियंका गांधी

प्रियंका ने कहा कि हम देश के लिए हैं, आप चुनाव के लिए हैं। 17 अक्तूबर को चिट्ठी के जवाब में नेहरू ने 20 अक्तूबर की चिट्ठी में लिखा- मैंने तय किया है कि मैं 25 अक्तूबर कोलकाता आऊंगा, टैगोर से मिलूंगा। 28 अक्तूबर को कांग्रेस ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया। इस कार्यसमिति की बैठक में सभी महापुरुष मौजूद थे। सभी इस प्रस्ताव से खुश थे। सहमत थे।

### वंदे मातरम पर बहस की जरूरत क्यों?: प्रियंका गांधी

संसद में वंदे मातरम पर हो रही बहस के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया कि आखिर इसकी जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 साल से आजाद भारत में जनता के दिलों में बसता आया है। प्रियंका ने पूछा कि आज इस पर बहस कर सरकार क्या साबित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष को जनता की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे मुद्दों पर विवाद खड़ा करना चाहिए।

### वंदे मातरम देशभक्ति जगाने वाला गीत: प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि वंदे मातरम ऐसा गीत है, जो देश के लिए बलिदान की भावना जगाता है। उन्होंने बताया कि 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने यह गीत गाया था और 1905 में वे इसी गीत के साथ ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष में उतरे थे। प्रियंका ने कहा कि 1930 के दशक में सांप्रदायिक राजनीति बढ़ने पर यह गीत विवादों में आया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने 1937 में नेहरू को जो पत्र लिखा था, उसका जिक्र पीएम मोदी ने नहीं किया।

# गोवा नाइट क्लब हादसा
## अग्निकांड में पांचवीं गिरफ्तारी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर नाइटक्लब के दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। उसकी संलिप्तता नाइटक्लब के एक प्रबंधक से पूछताछ के दौरान सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। कोहली को आगे की पूछताछ के लिए गोवा ले जाया जाएगा। यह आग शनिवार रात को उत्तरी गोवा के अरापोरा में स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नामक नाइटक्लब में लगी थी। दुखद बात यह है कि आग की चपेट में आने वालों में अधिकांश नाइटक्लब के कर्मचारी ही थे। इस घटना ने गोवा के पर्यटन उद्योग और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अब तक की गिरफ्तारियां

इस मामले में गोवा पुलिस पहले ही कई गिरफ्तारियां कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए लोगों में क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक, महाप्रबंधक विवेक सिंह, बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया और गेट प्रबंधक रियांशु ठाकुर शामिल हैं। अब कोहली की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### दो अन्य क्लब और ढाबा पर भी कार्रवाई

उत्तर गोवा जिला प्रशासन ने वैगेटर और असागाओ में स्थित रोमियो लेन चेन के दो अन्य क्लब और एक तटीय ढाबा भी बंद कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इन दोनों संपत्तियों पर भी कार्रवाई की गई क्योंकि ये विवादों में शामिल थीं।

# रेवंत रेड्डी ने ट्रंप के नाम पर हैदराबाद की सड़क का नाम रखने का किया एलान, भाजपा भड़की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद की एक सड़क का नाम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। तेलंगाना के सीएम का यह फैसला तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां पाने की कोशिश लग रहा है। हालांकि इसे लेकर सीएम रेवंत रेड्डी विरोधियों के निशाने पर आ गए हैं। तेलंगाना भाजपा ने सीएम के इस प्रस्ताव पर तंज कसा है और उनकी आलोचना की है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रस्ताव दिया है कि हैदराबाद में अमेरिका महावाणिज्य दूतावास जाने वाली सड़क का नाम 'डोनाल्ड ट्रंप एवेन्यू' रखा जाए। अगर ऐसा होता है तो ये दुनिया में पहली बार होगा, जब किसी देश में इस तरह से अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति का सम्मान हुआ हो। गौरतलब है कि हैदराबाद में ये परंपरा रही है कि शहर के विकास में योगदान देने वाले राजनेताओं और वैश्विक कंपनियों के नाम पर भी सड़कों के नाम रखे गए हैं, जैसे गूगल स्ट्रीट, जो हैदराबाद में गूगल की मजबूत मौजूदगी को दर्शाती है। इसी तरह वहां 'माइक्रोसॉफ्ट रोड' और 'विप्रो जंक्शन' हैं।

### भाजपा का तंज, हैदराबाद का नाम भाग्यनगर कर दें

तेलंगाना से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने तेलंगाना सीएम के इस प्रस्ताव पर तंज कसा है और हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने की मांग की। बंदी संजय कुमार ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'हैदराबाद का नाम बदलकर वापस भाग्यनगर कर दो। अगर कांग्रेस सरकार नाम बदलने के लिए इतनी ही बेताब है, तो उन्हें कुछ ऐसा करना चाहिए जिसका सच में इतिहास और मतलब हो। हम कितने बुरे हालात में जी रहे हैं - एक तरफ केटी रामाराव, केसीआर की़ढ्ढ मूर्तियां बनाने में व्यस्त है, जबकि वे अभी जिंदा हैं। दूसरी तरफ रेवंत रेड्डी ट्रेंड करने वालों के नाम पर जगहों का नाम बदल रहे हैं। इस बीच, भाजपा की अकेली पार्टी है, जो सच में सरकार से सवाल कर रही है और धरना के जरिए असली लोगों के मुद्दे उठा रही है।'

# इंडिगो संकट पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कहा, सरकार देख रही है मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंडिगो की उड़ानें लगातार सातवें दिन भी बड़ी संख्या में रद्द हो रही है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका लगाकर दखल देने का आग्रह किया गया था। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार ने इस मामले का संज्ञान लिया है और कार्रवाई कर रही है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम जानते हैं कि लाखों लोग फंसे हुए हैं। हो सकता है कि उनमें से कुछ लोगों का जरूरी काम हो और वे नहीं कर पा रहे हो। लेकिन भारत सरकार ने इस मुद्दे का संज्ञान लिया है। समय पर कदम उठाया गया है। अभी हमें कोई तात्कालिकता नहीं आती है। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सुबह आठ बजे तक इंडिगो की 18 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों का आगमन और नौ का प्रस्थान शामिल था। हालांकि, हवाई अड्डा प्रशासन ने कहा कि टर्मिनल और रनवे का संचालन सामान्य रूप से चल रहा है और यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। इस दौरान 21 इंडिगो की उड़ानें चलीं, जिनमें सात का आगमन और 14 का प्रस्थान शामिल था। बंगलूरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईएएल) पर इंडिगो की कुल 127 उड़ानें रद्द की गईं। इससे 65 आगमन और 62 प्रस्थान की उड़ानें प्रभावित हुईं।

# सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने किया भाजपा में प्रवेश





जन एक्सप्रेस। अंकित मिश्रा

**भाईंदर।** मीरा-भाईंदर शहर में होने वाली मनपा चुनाव को लेकर सभी दलों ने मोर्चे बंदी शुरु कर दी हैं। इस क्रम में प्रभाग क्रमांक 10 से वरिष्ठ समाजसेविका एवं भाजपा महिला नेता ज्ञानमती मिश्रा उर्फ ज्ञानू दीदी के नेतृत्व में मीरा भाईंदर क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने विधायक नरेंद्र मेहता के मार्गदर्शन एवं प्रमुख उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैं। यह सार्वजनिक पार्टी प्रवेश समारोह विधायक नरेंद्र मेहता के कार्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान नरेंद्र मेहता ने कहा कि सशक्त संगठन, मजबूत नेतृत्व और विकास की प्रतिबद्धता को देख युवा, महिला एवं विविध समाजघटक तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत, जिला महामंत्री ज्ञानेन्द्र सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा वैशाली भोईर, मंडल अध्यक्ष दीपक सावंत आदि उपस्थित थे।

# छात्रों के करियर को नई दिशा देने आगरा में स्टालवार्ट का नया इंस्टीट्यूट शुरू

- 50 से अधिक छात्रों की क्षमता वाला सेल्फ-स्टडी सेंटर बनेगा आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस। आगरा



देश के प्रमुख टेस्ट-प्रेप संस्थानों में शुमार इंदौर स्थित स्टालवार्ट ने आगरा के देवनगर, खंदारी क्षेत्र में अपने नए इंस्टीट्यूट की शुरुआत की। उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि आगरा की महापौर हेमलता दिवाकर ने फीता काटकर संस्थान का औपचारिक शुभारंभ किया।उद्घाटन अवसर पर महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा : 'स्टालवार्ट जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का आगरा में आगमन शहर के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। मुझे प्रसन्नता है कि यह संस्थान कम शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गों के छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। मेरा विश्वास है कि यहाँ से पढ़ने वाले छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और आगरा का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, 'सेल्फ-स्टडी सेंटर जैसी सुविधा छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, क्योंकि यह अनुशासित और केंद्रित अध्ययन का वातावरण प्रदान करती है। नगर प्रशासन की ओर से मैं ऐसे सभी प्रयासों का स्वागत करती हूँ जो युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाते हैं। ' कार्यक्रम के दौरान स्टालवार्ट संस्थान आगरा एवं अर्बनट्रैक्ट एजुकेशन के निदेशक देवांश भट्ट ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि स्टालवार्ट पहले से ही CAT, IPMAT, GMAT, CRT, CUET, Banking E&ams और AI Learning के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है, और अब आगरा के छात्रों को भी इसका लाभ मिलेगा। संस्थान के वरिष्ठ सदस्य देवाशीष शर्मा ने बताया कि नए केंद्र में स्थापित सेल्फ-स्टडी सेंटर में एक साथ 50 से अधिक छात्र अध्ययन कर सकेंगे, जो छात्रों के लिए एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह सुविधा छात्रों को बेहतर ध्यान, अनुशासन और निरंतर सीखने के वातावरण के साथ पढ़ने में मदद करेगी। उद्घाटन समारोह में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मधुसूदन भट्ट, महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर बृजेश शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति की मीनाक्षी ऋषि, एडवोकेट अमिता, करण पाराशर, खुशी सारस्वत, रामप्रकाश शर्मा, रजत शर्मा, भारत रतन, मेंका सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल रहे। स्टालवार्ट आगरा केंद्र में अब स्क्र प्रवेश परीक्षा (छ्व्रञ्ज आदि) की तैयारी तथा बैंकिंग परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएँ संचालित की जाएँगी। संस्थान का उद्देश्य आगरा और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को करियर के लिए नई ऊँचाइयाँ प्रदान करना है।

# 'नेताजी-टैगोर की कद्र नहीं करते...'
## वंदे मातरम बहस पर सीएम ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा हमला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



संसद में वंदे मातरम को लेकर चल रही तीखी बहस के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भजपा को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया। कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने सवाल किया कि अगर भजपा नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रवींद्रनाथ टैगोर और राजा राम मोहन राय जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों और विचारकों की सराहना नहीं करती, तो आखिर करती किसकी है? ममता बनर्जी ने कहा मैंने सुना कि भाजपा के कुछ लोग कह रहे हैं कि वे नेताजी की सराहना नहीं करते। तो बताइए, आप नेताजी, टैगोर और राजाराम मोहन राय को सम्मान नहीं देते, फिर किसे देते हैं? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में हुए भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में न जाने के फैसले पर सफाई देते हुए कहा कि वह इसलिए नहीं गई क्योंकि यह कार्यक्रम भाजपा से जुड़ा हुआ था। संतनन संस्कृति संसद की ओर से रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में लाखों लोग पहुंचे थे, जिसे 2026 विधानसभा चुनाव से पहले हिंदू पहचान के बड़े प्रदर्शन के तौर पर देखा गया।

# नगर निगम गाज़ियाबाद में भ्रष्ट अधिकारियों के घोटालों की खोल ना दे पोल इसलिए सीएम के आगमन पर किया जाता है नजरबन्द: मौ. ज़ाकिर अली सैफी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद आगमन पर पुलिस द्वारा निगम पार्षद को नज़रबंद किया गया। ज्ञात हो कि हाउस टैक्स वृद्धि प्रस्ताव निगम की बोर्ड बैठक में निरस्त होने के बाद भी अभी तक हाउस टैक्स पर ट्रिपल इंजन सरकार में बैठे अधिकारी और महापौर पार्षदों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं। जिसके खिलाफ पार्षद एक पत्रक मुख्यमंत्री को देना चाहते थे। जिसके बाद सुरक्षा कारणों से पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ नेताओं को नजरबंद किया गया। पार्षद जाकिर अली सैफी ने कहा कि नगर निगम गाजियाबाद में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घोटालों की पोल पार्षद नहीं खोल दे उससे कारण हमें नज़रबंद किया जा रहा है। सैफी ने कहा कि जब से वर्तमान नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद में नियुक्त हुए तब से नगर निगम गाजियाबाद में भ्रष्टाचार और घोटालों का खेल अपने चर्म पर पहुंच गया है। भ्रष्टाचार घोटाले के कारण नगर निगम गाजियाबाद की आम जनता के विकास कार्य और मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में नगर निगम गाजियाबाद फेल नजर आता है। भाजपा पार्षद नीरज को भी हाउस अरेस्ट किया गया।

# मंडल पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का आयोजन नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और उसके प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया की उपस्थिति में गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बागपत, बुलंदशहर एवं मुजफ्फरनगर जनपदों के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष शामिल हुए। सभी जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय स्तर पर अभियान की स्थिति, चुनौतियों और आगे की कार्ययोजना पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक को संबोधित करते हुए एसआईआर अभियान को लोकतंत्र का बूस्टर डोज करार दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य नहीं है, बल्कि यह संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर समन्वय और अनुशासन के साथ कार्य करें, ताकि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने निगरानी तंत्र को मजबूत करने, नियमित समीक्षा करने और फील्ड स्तर की वास्तविक जानकारी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मुख्यमंत्री का गाजियाबाद आगमन और बैठक के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि गाजियाबाद संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ स्ढ्ढक्र अभियान को सफल बनाने के लिए जुटेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर मंडल स्तर तक विशेष टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने भी सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में एकरूपता के साथ अभियान चलाया जाएगा, ताकि किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाए। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए और क्षेत्रीय अनुभवों को साझा किया गया। मुख्यमंत्री ने सतत संवाद, जनजागरूकता, अनुशासन और टीमवर्क के साथ आगे बढ़ने का मंत्र देते हुए कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने तथा लोकतांत्रिक सहभागिता को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक का समापन सकारात्मक वातावरण और संगठनात्मक एकजुटता के साथ किया गया।